11:08:2023
web: www.rashtriyakhabar.com
अखबार जो बदल दे नजरिया
राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 219
epaper.rashtriyakhabar.com
श्रावण (अधिक), कृष्णपक्ष एकादशी, विक्रम संवत 2080



॥ स्कॉलर्स को जोहार ॥

मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति एवं चेवनिंग मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति 2023-2024

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
मानानीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

श्री आलमगीर आलम
मानानीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग

श्री सत्यानंद भोक्ता
मानानीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

श्री चंपई सोरेन
मानानीय मंत्री, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

श्री हफीजुल हसन
मानानीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन, कला- संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग

दिनांक : 11 अगस्त 2023 | समय : अपराह्न 03:00 बजे
स्थान : प्रोजेक्ट भवन सभागार, रांची

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्यान विभाग, झारखण्ड सरकार

PR 304413 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 23-24

शहर >> अपडेट

मंत्री पद के लिए व्याकुल हैं निशिकांतः सागर

रांचीः जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा की गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे इन दिनों केंद्र में मंत्री पद के लिए व्याकुल हैं। वह चाहते हैं कि लोकसभा चुनावों के पूर्व केंद्रीय मंत्रिमंडल के अंतिम विस्तार में उनका बर्थ कन्फर्म हो जाए, इसलिए आज कल वह कुछ भी बोलते रहते हैं। पूर्व में काफी समय तक निशिकांत दुबे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार पर टिप्पणी करते रहते थे। बावजूद संगठन और सरकार में उनकी उपेक्षा हुई। आजकल जदयू और जदयू के नेताओं पर बयानबाजी कर रहे हैं। शायद जदयू का जाप करने से उन्हें कुछ प्राप्त हो जाये। वैसे भी आजकल जदयू पर बोलने वाले नेताओं को भाजपा में प्राथमिकता मिल रही है।

नामांकन

17 अगस्त तक प्रत्याशी भर सकेंगे पर्चा

अधिसूचना जारी होते ही डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन शुरू

राष्ट्रीय खबर

डुमरी का
महासंग्राम

रांचीः डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी होते ही गुरुवार यानी 10 अगस्त से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव आयोग के द्वारा इसकी अधिसूचना गुरुवार को जारी की गई। चुनाव आयोग के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 5 सितंबर को होने वाले डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए 17 अगस्त तक नामांकन होगा। वहीं नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 18 अगस्त को और नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 21 अगस्त निर्धारित की गई है। 5 सितंबर को सुबह 7 बजे से अपराह्न 5 तक मतदान होगा।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए तैयारी पूरी की जा रही है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए केंद्रीय बलों के साथ-साथ राज्य पुलिस के जवान मतदान केंद्रों पर तैनात रहेंगे। डुमरी के मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि यदि किसी मतदाता को किसी तरह की परेशानी आती है तो वह फौरन जिला निर्वाचन पदाधिकारी या आयोग को सूचित कर सकते हैं।डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग ने प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली है। इसके तहत 5 सितंबर को 2 लाख 98 हजार 629 मतदाता 373 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस विधानसभा क्षेत्र में खास बात यह है कि अधिकांश मतदान केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, जहां विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग के द्वारा पुख्ता इंतेजाम किए जा रहे हैं। डुमरी विधानसभा क्षेत्र में तीन प्रखंड डुमरी, नावाडीह और चंद्रपुरा आता है, जिसमें चुनाव आयोग ने 240 स्थानों पर 373 मतदान केंद्र बनाए हैं।बात यदि मतदाता की करें तो कुल 2,98,629 मतदाताओं में 1,54,452 पुरुष और 1,44,174 महिला मतदाता हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में 18 से 19 उम्र के 7693 युवा मतदाता हैं, जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके अलावा 231 सर्विस वोटर हैं, जो सिर्फ पुरुष मतदाता हैं। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, 80 साल से ज्यादा उम्र के मतदाताओं की संख्या 2467 है। वहीं दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 4693 है। चुनाव आयोग ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव में 750 ईवीएम लगाने का निर्णय लिया है।

कांग्रेस पार्टी ने कभी नहीं की आदिवासियों की चिंता :प्रदीप

राष्ट्रीय खबर

रांचीः भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। वर्मा ने कहा कांग्रेस का दृष्टिकोण शुरू से ही आदिवासी विरोधी रहा है। कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों को केवल वोट बैंक समझा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की गलत नीतियों के कारण ही आदिवासी समाज आजाद भारत में लंबे समय तक विकास की मुख्य धारा में नही जुड़ पाया। और उसी का परिणाम था कि अलग राज्य की मांग उठी। वर्मा ने कहा कि अलग राज्य के आंदोलन को भी कुचलने की हर संभव कोशिश कांग्रेस पार्टी ने की। इसने आंदोलन को खरीदने जैसे घृणित कार्य किए। आज भी आंदोलन के क्रेता विक्रेता दोनो दल राज्य के जल ,जंगल , जमीन को लूटने में लगे हैं। कहा कि आदिवासियों की इतनी ही चिंता होती तो कश्मीर में धारा 370लगाकर आदिवासी दलितों के अधिकारों से कांग्रेस पार्टी 73 वर्षों तक वंचित नहीं रखती । आज कांग्रेस गठबंधन सरकार में आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही,बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही।आदिवासियों की हत्याएं हो रही और कांग्रेस पार्टी मौन है। इसी से इनकी नीति और नीयत उजागर हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने आदिवासी समाज के विकास और मान सम्मान की चिंता की। श्रद्धेय अटल जी ने अलग राज्य का सपना साकार किया। आदिवासी मंत्रालय बनाकर विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का सार्थक प्रयास किया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया।

राजू बने अध्यक्ष व कयूम प्रधान महासचिव

झारखंड आंदोलनकारी महासभा का गठन

राष्ट्रीय खबर

रांचीः झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मेलन रांची गोस्नर कंपाउंड स्थित थियोलॉजिकल हॉल में राजू महतो की अध्यक्षता में हुई। जिसमें, धनबाद, बोकारो, पलामू, गढ़वा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, गिरिडीह, कोडरमा, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, जामताड़ा, जमशेदपुर एवं चाईबासा सहित सभी जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में आजसू के केन्द्रीय महासचिव राजेन्द्र मेहता, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आफताब जमील, डॉ वासवी किड़ो, झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ त्रिवेणी साहू बतौर अतिथि मौजूद थे। शहीद निर्मल महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि के साथ शुरू हुए सम्मेलन में अध्यक्षता करते हुए राजू महतो ने झारखंड निर्माण के उद्देश्यों, झारखंड के अमर शहीदों के सपनों का झारखंड, आंदोलनकारियों के त्याग और बलिदानों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि हमारे अमर पुरोधाओं ने अपने त्याग और बलिदानों से जिन उद्देश्यों को लेकर अलग झारखंड राज्य निर्माण के सपने संजोए थे। उनके सपने आज भी अधूरे हैं। 23 साल बीत गए, लेकिन अब तक सपनों का झारखंड नहीं बन सका है। मौके पर ऐरेन कच्छप, रूस्तम खान, इसरार अहमद, आरीफ खान, असगर खान, अशोक साहु, शिव शंकर शर्मा, सीता देवी, भुनेश्वर सेनापति सहित बड़ी संख्या में आंदोलनकारी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में आजसू के केन्द्रीय महासचिव राजेन्द्र मेहता, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आफताब जमील, डॉ वासवी किड़ो, झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ त्रिवेणी साहू, भरत गोप, राजेश महतो, किशोर किस्कू, बालोमनी बाखला, लखन महतो, डॉ अजय नाथ शाहदेव, शिवशंकर शर्मा, पवन कुमार दुबे, कबूतरी देवी, सेवा राम महतो, छत्रपति महतो, डीएन राम, विनिता खलखो आदि शामिल थे। सम्मेलन में एक दर्जन आंदोलनकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। सर्वसम्मति से झारखंड आंदोलनकारी महासभा केन्द्रीय कमिटी का गठन किया गया। जिसमें राजू महतो को अध्यक्ष और प्रधान महासचिव कयूम खान, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, उपाध्यक्ष किशोर किस्कू, भुनेश्वर सेनापति, डीएन राम, रामजी भगत, हरिमोहन महतो, महासचिव के रूप में प्रो. अजय नाथ शाहदेव, प्रो. सुनील सांसद, शिवशंकर शर्मा, सचिव पद पर अरूण कुमार दुबे, आसमान सूंडी, धनपति सरदार, रूपलाल महतो, पार्वती चरण महतो, दिनेश महतो, प्रेम मित्तल, महादेव मुंडा, भोला मांझी को बनाया गया। कोषाध्यक्ष के रूप में अशोक कुमार साहू को शामिल किया गया है।

आदिवासी दिवस के नाम पर मनाया गया सोरेन राज परिवार दिवस-बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर

रांचीः झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में आदिवासी दिवस के नाम पर सोरेन राज परिवार दिवस मनाया गया। सरकार द्वारा आयोजित समारोह में झारखंड के वीर शहीदों और महान क्रांतिकारियों का अपमान हुआ है। कहा कि समारोह के प्रचार-प्रसार में करोड़ों रुपए खर्च किए गए। लेकिन पोस्टर-बैनर में राज्य के महान विभूतियों सिदो-कान्हू, चांद-भैरव,तिलका मांझी और भगवान बिरसा मुंडा को कोई जगह नहीं दी गई।बाबूलाल ने कहा कि सत्ता के अहंकार में जब सत्ताधारी वीर क्रांतिकारियों का तिरस्कार करने लगे तो उसका पतन सुनिश्चित है। प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह सोरेन राज परिवार के डायरेक्टरशिप में चल रहे झामुमो की ऐसी ही नियत है। आदिवासी महोत्सव और जीवन दर्शन की झलकियों के नाम पर रांची की सड़कों पर आदिवासियों की जमीन लूट, हड़प कर अरबपति बनने वाले पिता-पुत्र अपनी झलकियां दिखा रहे हैं। मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता अपने महान विभूतियों का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। अगले चुनाव में आदिवासी समाज इनके किए की सजा देकर सबक सिखाएगी।

पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद 12 अगस्त को रांची पहुंचेंगे

राष्ट्रीय खबर

रांचीः पासवा के प्रदेश अध्यक्ष श्री आलोक कुमार दूबे ने बताया कि प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन लगातार शिक्षा के क्षेत्र में लोगों को संपूर्ण झारखंड में जागृत करता जा रहा है। पिछले दिनों पासवा ने मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा सीबीएसई, आईसीएसई तथा जैक बोर्ड तीनों बोर्ड के विद्यार्थियों को में 70% अंक लाने पर सम्मानित कर उनके मनोबल को बढ़ाने का काम किया। और राज्य का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह शहीद टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में 15000 से अधिक बच्चों को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त लगभग झारखंड के प्रत्येक जिले में जैसे जमशेदपुर, लोहरदगा, रांची,चतरा, हजारीबाग आदि विभिन्न जिलों में ग्रामीण क्षेत्र के हजारों बच्चों को सम्मानित कर उन्हें समाज सेवा, राष्ट्र सेवा और राष्ट्र की मुख्यधारा में जुड़ने को प्रेरित किया।इतना ही नहीं पासवा ने प्रत्येक वर्ष निजी विद्यालयों के हजारों शिक्षकों को जो बहुत कम पैसे में पूर्ण श्रद्धा और निष्ठा से गुणात्मक शिक्षा प्रदान करते हैं उन्हें रांची तथा झारखंड के प्रत्येक जिले में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर उन हजारों शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया ताकि वे भी गुणात्मक शिक्षा देकर बच्चों को समाज के मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य करें।

बैठक

झारखंड कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में

पार्टी संगठन को मजबूत करने को लेकर हुई चर्चा, राहुल गांधी समेत खड़गे की होगी रैली

राष्ट्रीय खबर

रांचीःझारखंड कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक बुधवार को प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही राज्य में आनेवाले दिनों में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली आयोजित करने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। प्रभारी अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आगामी 2024 में होने वाली लोकसभा चुनाव में पार्टी कि रणनीति क्या होगी इसपर भी बात हुई। पार्टी प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने बताया कि राज्य में प्रदेश और जिला स्तर पर सभी इकाइयों की नियुक्ति हो गयी है। प्रखंड और पंचायत स्तर पर जो पद खाली पड़े हैं, उसे भी 15 दिनों में भर दिया जाएगा। अविनाश पांडेय ने कहा कि 2024 की चुनावी जंग जीतने के लिए कांग्रेस बूथ स्तर पर एक अच्छी टीम तैयार करेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नफरत के बाजार के मोहब्बत की दुकान खोलने का जो संदेश दिया है। उसे कांग्रेसजन घर-घर ले जायेंगे।उन्होंने बताया कि आज की बैठक में यह फैसला भी लिया गया कि गठबंधन सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच ले जायेंगे। राज्य के कांग्रेस से जुड़े अग्रणी संगठन के नेताओं को एकजुट कर स्वतंत्र रूप से कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। राज्य की आरक्षित लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस विशेष रूप से कार्यक्रम चलाएगी। वहीं विशेष प्रशिक्षण शिविर भी लगाया जाएगा, जिसमें जिला, पंचायत और प्रखंड स्तर पर कांग्रेस कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा।अविनाश पांडेय ने बताया कि आज की बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की पलामू में, राहुल गांधी की रांची में और प्रियंका गांधी की चाईबासा में रैली कराने का प्रस्ताव पारित हुआ है। राहुल गांधी की दूसरी रैली धनबाद में भी कराने की योजना है।अविनाश पांडेय ने कहा कि आज की बैठक में फैसला हुआ है कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस, झामुमो के साथ मिलकर एनडीए को हराएगी। कठ ऊकअ दलों की एकजुटता इसमें दिखेगी। श्री पांडेय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कौन कितनी सीट पर लड़ेगा। इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। लेकिन पिछली बार लोकसभा की जितनी सीट पर चुनाव लड़ें हैं, उसे लेकर कोई किंतु परंतु नहीं है। सभी लोग मिलकर लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे।

पेज तीन का शेष

अपने संबोधन में विपक्ष .. .. ..

पर तीन दशक से अविश्वास व्यक्त कर रखा है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि हाल ही में विपक्ष ने बेंगलुरु में यूपीए का अंतिम संस्कार किया है। अब उसी खंडहर पर नया प्लास्टर लगाया गया है। दशकों पुरानी खटारा गाड़ी पर नई पेंट लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भेष बदलकर धोखा देने वालों की नीयत सामने आ ही जाती है।

उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा उन्हें नामों का मोह आज से नहीं है, बहुत पुराना उन्होंने जगह-जगह अपना नाम लटका रखा है लेकिन कुछ भी काम नहीं आया। अस्पताल में अपना नाम रखा लेकिन कोई इलाज नहीं है। खुद को जिंदा रखने के लिए विपक्ष ने एनडीए का सहारा लिया है. लेकिन अभिमान नहीं जा सका. इसलिए नाम के साथ दो आई जोड़ दिए। एक 'आई' 26 समूहों का गौरव है दूसरा 'आई' एक परिवार का गौरव है। मेरा मानना है कि जो लोग विपक्ष का बुरा चाहते हैं, उनका भला होता है। मैं इसका सबसे बड़ा सबूत हूं। पहला उदाहरण हमारा बैंकिंग क्षेत्र है। विपक्ष ने कहा कि बैंकिंग सेक्टर डूब जाएगा। लेकिन अब लग रहा है कि क्या हो रहा है। दूसरा, एचएएल से आगे-पीछे की बात की गई। कहा जाता है कि वह कंपनी डूब रही है। आज वह सफलता के शिखर पर पहुंच गई। मैं विरोधियों की इस बदनामी और गाली-गलौज का टॉनिक बनाता हूं। जनता ने अपनी बात जनता तक पहुंचाने के लिए विपक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव जारी किया था। विपक्ष का प्रस्ताव हमारे लिए अच्छा है। आज मैंने देखा कि आपने तय कर लिया है कि 2024 में भाजपा और एनडीए गठबंधन सारे रिकॉर्ड तोड़कर सत्ता में आएगा।

सूडान की राजधानी की .. ..

अक्सर युद्ध क्षेत्रों में बढ़ती है, दूषित पानी के माध्यम से तेजी से फैलती है। सहायता समूह ने कहा कि सूडान में आमतौर पर जून में शुरू होने वाले वार्षिक बारिश के मौसम के दौरान हैजा के मामलों में वृद्धि देखी जाती है, लेकिन सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं की वर्तमान अनुपस्थिति के कारण संकट की स्थिति का आकलन करना मुश्किल हो जाता है। अगर इलाज न किया जाए तो हैजा कुछ ही घंटों में जान ले सकता है। सेव द चिल्ड्रन ने कहा कि राजधानी और अन्य राज्यों के अधिकांश अस्पताल सेवा से बाहर हैं।

दस कुकी विधायकों .. .. ..

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राज्य में चल रही जातीय दरार के बीच असम राइफल्स को नहीं हटाने का आग्रह किया है।

पीएम मोदी को दिए एक ज्ञापन में, आदिवासी विधायकों ने कहा कि बीएसएफ, आईटीबीपी, आरएएफ और सीआरपीएफ जैसे अन्य केंद्रीय बलों के साथ असम राइफल्स मणिपुर में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। विधायकों ने आरोप लगाया कि मई 2023 में मणिपुर में जातीय संघर्ष के फैलने के बाद से, बेरोकटोक हिंसा ने समुदायों के बीच गहरा अविश्वास पैदा कर दिया है, जो स्थानीय राज्य प्रशासन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के विभाजन में भी परिलक्षित हुआ है। असम राइफल्स पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है जो आदिवासियों को निशाना बनाने के अपने नापाक इरादों को अंजाम देने में असमर्थ हैं। दूसरी ओर, मेइतेई समुदाय के प्रमुख बुद्धिजीवियों में से एक ने मणिपुर में चल रहे संकट पर चुप रहने के लिए प्रधानमंत्री की आलोचना की है और वर्तमान स्थिति को मणिपुर के इतिहास का सबसे काला क्षण बताया है।उन्होंने कहा कि आपकी चुप रहने की हिम्मत कैसे हुई मिस्टर प्राइम मिनिस्टर? आप चुप कैसे रह सकते हैं? प्रधानमंत्री की चुप्पी दिखाती है कि उनकी मिलीभगत है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता के रूप में वह चुप क्यों हैं? यह उनकी स्थिति के अनुरूप नहीं है, वह नैतिक जिम्मेदारी लें और खुद इस्तीफा दें।

उनके प्रवक्ता ने बताया कि 2002 में दंगों को रोकने में गुजरात में तीन दिन लगे थे। इसके विपरीत, मणिपुर में संकट छह सप्ताह से जारी है। राज्य के आदिवासियों के एक समूह ने बुधवार को (कल) नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और अपनी विभिन्न मांगें उठाईं।आईटीएलएफ के सचिव मुआन टोम्बिंग ने बताया कि इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) के एक प्रतिनिधिमंडल ने गृह मंत्री के साथ बातचीत की। सभी आईटीएलएफ नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री से कुकी बहुल जिलों के लिए अलग राज्य की मांग की है।

म्यांमार की सेना लगातार .. ..

ने कम से कम 3,900 नागरिकों को मार डाला है और 24,236 अन्य को गिरफ्तार किया है।

सैन्य-स्थापित सरकार ने अपने शासन के सशस्त्र विरोध का मुकाबला करने के लिए ग्रामीण इलाकों में तेजी से हमले शुरू कर दिए हैं और हवाई हमले करके और गांवों को जलाकर, हजारों लोगों को विस्थापित करके क्षेत्र को सुरक्षित करने की कोशिश की है। प्रतिरोध बलों के पास सीमित हथियार हैं और हवाई हमलों के खिलाफ कोई बचाव नहीं है। अप्रैल में, सेना ने एक बम गिराया था जिसे ह्यूमन राइट्स वॉच समूह ने एक उन्नत विस्फोट हथियार के रूप में जाना था, जिसे सागांग क्षेत्र के पाजीगी गांव पर एक हमले में ईंधन-वायु विस्फोटक के रूप में जाना जाता था, जिसमें कई बच्चों सहित 160 से अधिक लोग मारे गए थे। अमेरिकी सरकार ने सेना की कार्रवाई को नरसंहार करार दिया है।

अब सौ गुणा अधिक सटीक .. ..

एक नई विधि का आविष्कार किया। इस तकनीक से रेडियो दूरबीनों के लिए संवेदनशील रेडियो रिसीवरों के कुशल विकास के साथ-साथ अगली पीढ़ी के संचार नेटवर्क, 5जी/6जी से परे के लिए उपकरणों के विकास में योगदान मिलने की उम्मीद है। परमिटिटिविटी, एक मान है जो इंगित करता है कि जब इंसुलेटर पर वोल्टेज लगाया जाता है तो इंसुलेटर के अंदर के इलेक्ट्रॉन कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। रेडियो तरंगों के व्यवहार को समझने के लिए यह एक महत्वपूर्ण पैरामीटर है क्योंकि वे इंसुलेटर के माध्यम से यात्रा करते हैं। यह टीम, जिसमें जापान के राष्ट्रीय खगोलीय वेधशाला (एनएओजे) और राष्ट्रीय सूचना और संचार प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईसीटी) के शोधकर्ता और इंजीनियर शामिल थे, ने अटाकामा लार्ज मिलीमीटर के लिए विकसित किए जा रहे रिसीवर के लिए लेंस सामग्री को मापने के लिए नई विधि का उपयोग किया और पुष्टि की कि परिणाम अन्य तरीकों के अनुरूप थे, जो वास्तविक डिवाइस विकास में इसकी प्रभावशीलता को प्रदर्शित करते हैं।

नव विकसित विधि से न केवल रेडियो टेलीस्कोप घटकों के डिजाइन में योगदान की उम्मीद है, बल्कि मिलीमीटर तरंग का उपयोग करके अगली पीढ़ी के संचार नेटवर्क (5 जी / 6 जी से परे) की प्राप्ति के लिए उच्च आवृत्ति सामग्री और उपकरणों के विकास में भी योगदान मिलेगा। /टेराहट्र्ज़. बैंड, एनएओजे के एक इंजीनियर और हाल ही में प्रकाशित शोध पत्र के मुख्य लेखक रियो सकाई कहते हैं।

सकाई कहते हैं, अन्य माप विधियों की तुलना में, फ्री-स्पेस विधि में माप नमूने के आकार पर कम प्रतिबंध हैं, और माप आवृत्ति बैंड का विस्तार करना आसान है। नई विश्लेषण पद्धति का उपयोग फ्री-स्पेस पद्धति के साथ किया जाता है, जिसका अर्थ है कि नई पद्धति के साथ, हम कम बाधाओं के साथ पारगम्यता को सटीक रूप से माप सकते हैं।टीम खगोलीय उपकरणों के विकास के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को संचार प्रौद्योगिकी के विकास से प्राप्त ज्ञान के साथ जोड़कर आगे के तकनीकी नवाचार का लक्ष्य बना रही है।

इटली के तट पर नाव डूबने .. ..

गया। उन्होंने यह भी कहा कि एक मालवाहक जहाज ने उन्हें बचाया और एक इतालवी तटरक्षक जहाज को सौंप दिया। इतालवी तट रक्षक ने रविवार को क्षेत्र में दो जहाजों के डूबने की सूचना दी। यह स्पष्ट नहीं है कि प्रवासी जहाज उनमें से एक था या नहीं। लैम्पेडुसा स्फैक्स से समुद्र के रास्ते लगभग 130 किलोमीटर दूर है।

रांची, शुक्रवार

11:08:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

देश/विदेश 11 एक ही नंबर पर साढ़े सात लाख लोग पंजीकृत .. .. .. झारखंड 9 संघर्षों को और तीखा करेगा:सीटू अभिव्यक्ति 6 हवाई चुंबन से घायल स्मृति ईरानी .. .. .. 'प्लक' की ब्रांड एंबेसडर .. 10



अखबार जो बदल दे नजरिया

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 219 epaper.rashtriyakhabar.com श्रावण (अधिक), कृष्णपक्ष एकादशी, विक्रम संवत 2080

विदुर नीति

एकया द्वे विनिश्चित्य प्रींश्चतुर्भिर्वशे कुरु।
पञ्च जित्वा विदित्वा खट् सप्त हित्वा सुखी भव॥

भावार्थ : अपनी बुद्धि द्वारा क्या करना चाहिए और क्या नहीं इस दुविधा को समाप्त करें। शत्रु, मित्र तथा सम को साम, दाम, दंड, भेद उपायों द्वारा वश में करें। ज्ञानेंद्रियों को जीतकर संधि, विग्रह, द्वैधिभाव, यान, आसन और आश्रय को जानकर या अपनाकर तथा रति, द्यूत, मद्य, आखेट, कठोरता, विलास और कटुभाषण को छोड़कर निश्चिंत/सुखी हो जाइये।

रांची **पारा** अपडेट

मैक्सिमम	मिनीमम
28.00 °c	24.00 °c

सूर्यास्त (आज) ›› 18.24 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05.22 बजे

राजस्थान में ओबीसी आरक्षण का कोटा बढ़ा

जयपुर: विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को ओबीसी वर्ग की सबसे पिछड़ी जातियों के लिए छह प्रतिशत अतिरिक्त आरक्षण की घोषणा की। यह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को दिए गए 21 प्रतिशत आरक्षण के अतिरिक्त होगा। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग में सबसे पिछड़ी जातियों की पहचान के लिए एक आयोग द्वारा सर्वेक्षण कराया जाएगा और आयोग समयबद्ध तरीके से रिपोर्ट सौंपेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, इससे अति पिछड़ी जातियों को सरकारी क्षेत्र में शिक्षा और सेवा के अधिक अवसर मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एससी-एसटी के विभिन्न संगठन जनसंख्या के आधार पर आरक्षण की मांग कर रहे हैं। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, ह्यसरकार इस मांग का आकलन भी करा रही है।

राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी की गोली मारकर हत्या

क्विटो, इक्वाडोर: इक्वाडोर के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंशियो की बुधवार शाम क्विटो में एक रैली आयोजित करने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई। राष्ट्रपति गुइलेर्मो लास्सो ने ट्विटर पर एक बयान में विलाविसेंशियो की मौत की पुष्टि की, जिसका नाम बदलकर एक्स रखा गया, उन्होंने कसम खाई कि यह अपराध बख्शा नहीं जाएगा। स्थानीय मीडिया ने आंतरिक मंत्री जुआन जपाटा का हवाला देते हुए कहा कि रैली के बाद विलाविसेंशियो की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 59 वर्षीय मध्यमार्गी 20 अगस्त को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर में आठ उम्मीदवारों में से एक थे। लास्सो ने कहा कि उन्होंने देश को झकझोर देने वाली इस घटना पर एक तत्काल बैठक के लिए अपने शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को बुलाया था।

तूफान से लगी आग से 36 लोगों की मौत

काहुलुई: माउई काउंटी ने बुधवार देर रात एक बयान में कहा कि सुदूरवर्ती तूफान की वजह से लगी जंगल की आग ने हवाई के माउई द्वीप पर रिसॉर्ट शहर लाहिना के अधिकांश हिस्से को तबाह कर दिया, जिससे कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई। कई पड़ोस जलकर खाक हो गए क्योंकि द्वीप का पश्चिमी भाग लगभग कट गया था, केवल एक राजमार्ग खुला था और हजारों लोगों को निकाला गया था क्योंकि अधिकारियों ने लाहिना, इसके बंदरगाह और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक तबाही के बारे में बताया था। कुछ लोग धुएं और आग की लपटों से बचने के लिए समुद्र में भाग गए।

विधायक पुत्र के खिलाफ अपहरण का मामला

मुंबई: शिवसेना विधायक प्रकाश सुर्वे के बेटे राज सुर्वे के खिलाफ एक व्यापारी के अपहरण और मारपीट के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। 36 वर्षीय पीड़ित मुंबई स्थित एक संगीत कंपनी का सीईओ है, जिसे कथित तौर पर उसके कार्यालय से अपहरण कर लिया गया था। बाद में पीछा करने के बाद पुलिस ने उसे बचाया। पुलिस ने एफआईआर में सुर्वे, आदि शक्ति प्राइवेट लिमिटेड म्यूजिक कंपनी के मालिक मनोज मिश्रा और कम से कम 10 अन्य को नामित किया है। एफआईआर के मुताबिक, पीड़िता का अपहरण कर लिया गया, उसे विधायक के कार्यालय में ले जाया गया और बंदूक की नोक पर कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने हस्तक्षेप किया और व्यक्ति को बचाया। इसके बाद अपहरण और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

सदन › अविश्वास प्रस्ताव के बहाने बोलने पर मजबूर हुए मोदी

अपने संबोधन में विपक्ष का खामियां गिनायी

- अगली सरकार में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था
- कुछ लोगों को नाम का मोह है पर काम नहीं
- जिनके बारे में संदेह था वे सफलता के शीर्ष पर

राष्ट्रीय खबर

नईदिल्ली: कांग्रेस की खामियों और अपनी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह दावा किया कि उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। कई राज्यों का उदाहरण देते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस किस्म का अविश्वास प्रस्ताव उनके लिए शुभ होता है।

श्री मोदी ने कहा कि मणिपुर के भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा, दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए केंद्र और राज्य प्रतिबद्ध मणिपुर पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा मणिपुर में अदालत का फैसला आया अब उसके पक्ष-विपक्ष में जो परिस्थितियां बनीं उसमें हिंसा का दौर शुरू हुआ। महिलाओं के साथ गंभीर अपराध हुए और यह अपराध अक्षम है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार कोशिश कर रही है। जिस तरह से प्रयास चल रहे हैं, करीबी भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा। मैं मणिपुर के लोगों, माता, भाइयों, बहनों से कहना चाहुंगा कि देश आपके साथ है। यह सदन आपके साथ है। हम सब मिलकर इस चुनौती का समाधान निकालेंगे। मणिपुर विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। दूसरी तरफ कई राज्यों में जनता ने कांग्रेस

›› पेज 2 भी देखें

लोकसभा में हाथापाई की नौबत आयी

सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस के नेता अधीररंजन चौधरी भाषण देते हुए कह कह गये कि हम समझ रहे थे कि नीरव मोदी देश से भाग गया और कैरेबियाई देशों में मजे कर रहा है। लेकिन अब समझ में आया है कि नीरव मोदी कहीं नहीं गया। वह देश में ही है और नरेन्द्र मोदी बनकर बैठा हुआ है। इतना कहना था कि सत्तापक्ष में तेज शोर उठा और प्रधानमंत्री को छोड़ कर सभी मंत्री एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी सांसद अपने स्थान से उठकर कांग्रेस नेता को ललकारने लगे। इसी बीच भाजपा के सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त अपने स्थान से उठ कर तेजी से श्री अधीररंजन चौधरी की ओर लपके और चुनौती देने लगे। इस पर विपक्ष के कई सांसद भी आगे बढ़े। उधर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने श्री वीरेन्द्र सिंह मस्त को पकड़ा और उन्हें वापस ले आये। श्री अधीररंजन चौधरी भी एक बारगी सहम गये थे।

डॉक्टरों और राहत संगठनों ने हैजा फैलने की चेतावनी दी है

सूडान की राजधानी की सड़कों पर सड़ रही है हजार लाशें

- मुर्दाघरों में अब लाश रखने की जगह नहीं बची है
- लंबे समय तक बिजली कटौती के कारण उन्हें प्रशीतन के बिना छोड़ दिया गया है

राष्ट्रीय खबर

खार्तूमः सूडान की राजधानी में हजारों शवों को सड़ने के लिए छोड़ दिया गया है क्योंकि मुर्दाघरों में अब लाश रखने की जगह नहीं बची है। सहायता कर्मियों का कहना है कि सूडान में युद्ध चार महीने की गहन लड़ाई के करीब है, राजधानी खार्तूम में मुर्दाघर अपनी क्षमता तक पहुंच गए हैं, जिससे हजारों लाशें सड़कों पर सड़ रही हैं क्योंकि डॉक्टरों और राहत संगठनों ने हैजा फैलने की चेतावनी दी है।

अंतर्राष्ट्रीय सहायता समूह सेव द चिल्ड्रेन ने मंगलवार को कहा कि खार्तूम के मुर्दाघर ब्रेकिंग पॉइंट पर पहुंच गए हैं। समूह ने कहा कि मुर्दाघरों में शव भी सड़ रहे हैं क्योंकि लंबे समय तक बिजली कटौती के कारण उन्हें प्रशीतन के बिना छोड़ दिया गया है। वहां कोई मेडिकल स्टाफ भी नहीं बचा है, जिससे लाशें सड़ चुकी हैं। यह आपदा सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच महीनों तक चली झड़पों के बाद नवीनतम खतरा है, जो अप्रैल के मध्य में शुरू हुई थी क्योंकि दोनों पक्षों ने राजधानी पर नियंत्रण करने की कोशिश की थी। संयुक्त राष्ट्र के समन्वय कार्यालय पिछले महीने रिपोर्ट दी थी कि हिंसा में 11 जुलाई तक कम से कम 1,105 लोग मारे गए हैं और 12,115 घायल हुए हैं। इसमें कहा गया है कि वास्तविक संख्या कहीं अधिक होने की संभावना है।

सेव द चिल्ड्रन ने एक बयान में कहा, लाशों की बढ़ती संख्या, गंभीर पानी की कमी, गैर-कार्यशील स्वच्छता और स्वच्छता सेवाएं, और जल उपचार विकल्पों की कमी का एक भयावह संयोजन भी शहर में हैजा फैलने की आशंका पैदा कर रहा है। यह बीमारी

›› पेज 2 भी देखें

मणिपुर के 40 विधायकों ने पीएम मोदी को सौंपा ज्ञापन, एनआरसी लागू करने की मांग

दस कुकी विधायकों ने एआर नहीं हटाने की मांग की

- आईटीएलएफ नेता ने कुकी बहुल राज्य की मांग की
- मेइतेई द्वारा असम राइफल्स पर झूठा आरोप लगाया
- प्रमुख बुद्धिजीवियों ने पीएम से चुप्पी पर सवाल किया

भूपेन गोस्वामी

गुवाहाटी : आज कुकी और मेइतेई समुदाय के विधायकों ने अलग-अलग से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा है।पिछले 100 दिनों से जातीय हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर के 40 मेइतेई विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर यहां शांति बहाली के लिए जरूरी कदमों के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाने के लिए पूर्ण निरस्त्रीकरण की जरूरत है। पीएम से मिलने वाले अधिकांश विधायक मैतेई जाति से हैं। उन्होंने कुकी उग्रवादी समूहों के साथ ऑपरेशन निलंबन (एसओओ) समझौते को रद्द करने, राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को लागू करने और स्वायत्त जिला परिषदों (एडीसी) को मजबूत करने की भी मांग की है। पीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि जातीय हिंसा के इस मसले को हल करने के लिए इस मुद्दे को राजनीतिक रूप से संबोधित किया जाना चाहिए। ऐसे कई विकल्प हैं जिससे दूसरे देश से आए लोगों का पता चल सकता है। एक ओर, मणिपुर के मूल निवासियों को आश्वस्त करने के लिए, नेशनल रजिस्ट्रार ऑफ सिटिजन्स (एनआरसी) को जल्द ही मणिपुर में लागू किया जा सकता है। जिससे उनमें असुरक्षा और अपनी पहचान गंवाने की भावना नहीं आएगी और दूसरी तरफ बाहर से आने वालों का बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो चुका है, जिसके बारे में कल लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने भी बताया था कि हर बाहरी लोगों का रिकॉर्ड रखा जा रहा है, जिससे किसी भी हाल में डेमोग्राफी नहीं बदलेगी। शाह में अपने भाषण में दोनों समुदाय से हिंसा छोड़ने की अपील की थी। हालांकि, मणिपुर के दस कुकी-जो-हमार आदिवासी विधायकों ने

›› पेज 2 भी देखें

दक्षिण अफ्रीका के बोत्सवाना में मिला दुनिया का तीसरा बड़ा हीरा



गैबोरोन : दक्षिण अफ्रीकी देश बोत्सवाना में 1,080.1 कैरेट का एलएलए सफेद रत्न-गुणवत्ता वाला हीरा खोजा गया है। कनाडाई हीरा उत्पादक लुकारा डायमंड ने मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि 82.2 x 42.8 x 34.2 मिमी का हीरा बोत्सवाना की राजधानी गैबोरोन से लगभग 512 किमी दूर उत्तर-मध्य बोत्सवाना में कारोवे हीरा खदान में मोटे एक्सआरटी इकाई में पाया गया। यह 2015 के बाद से करोवे खदान से खोजा गया, एक हजार कैरेट से अधिक का चौथा हीरा है। लुकारा डायमंड बोत्सवाना में करोवे डायमंड खदान का मालिक है। यह खदान 2012 से उत्पादन में है और कंपनी के संचालन एवं विकास गतिविधियों का केंद्र बिंदु है।

बादल फटने से एक ही परिवार के पांच लोग दबे

नाहन : हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के एक गांव में बादल फटने से पानी घुसने से ढह गए घर के मलबे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों के फंसे होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि जिले के पोंटा साहिब इलाके में बुधवार रात बादल फट गया और मलागी दादियात गांव के कई घरों में पानी घुस गया। इनमें से एक मकान ढह गया। अधिकारियों ने बताया कि इसके मलबे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों के फंसे होने की आशंका है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने कहा कि मलागी दादियात में संपत्तियों को भारी नुकसान हुआ है और लोक निर्माण विभाग में काम करने वाले कुलदीप सिंह का घर ढह गया है। जिन लोगों के फंसे होने की आशंका है उनमें सिंह, उनकी पत्नी जीतो देवी, रजनी देवी, नितेश और दीपिका शामिल हैं।

म्यांमार की सेना लगातार खुलेआम युद्ध अपराध कर रही है

राष्ट्रीय खबर

बैंकॉक: संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित जांचकताओं के एक समूह ने मंगलवार को कहा कि म्यांमार की सेना और संबद्ध मिलिशिया नागरिकों को निशाना बनाकर हवाई बमबारी सहित लगातार और बेशर्म युद्ध अपराध कर रहे हैं। म्यांमार के लिए स्वतंत्र जांच तंत्र या आईआईएमएम ने कहा कि उसे जून में समाप्त हुए 12 महीनों के दौरान इस बात के पुख्ता सबूत मिले हैं कि सेना और मिलिशिया ने बमों से नागरिकों को अंधाधुंध और असंगत तरीके से निशाना बनाया, ऑपरेशन के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों को बड़े पैमाने पर फांसी दी और बड़े पैमाने पर नागरिक घरों को जलाया।

समूह, जिसे संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद द्वारा 2018 में म्यांमार में अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन की निगरानी के लिए स्थापित किया गया था, ने कहा कि यह सबूत इकट्ठा कर रहा है जिसका उपयोग भविष्य में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने में किया जा सकता है।

समूह के प्रमुख निकोलस कौमजियान ने कहा, म्यांमार में जीवन का हर नुकसान दुखद है, लेकिन हवाई बमबारी और गांवों में आग लगने से पूरे समुदाय को हुई क्षति विशेष रूप से चौंकाने वाली है। हमारे सबूत देश में युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों में नाटकीय वृद्धि की ओर इशारा करते हैं, नागरिकों के खिलाफ व्यापक और व्यवस्थित हमलों के साथ, और हम केस फाइलें बना रहे हैं जिनका उपयोग अदालतों द्वारा व्यक्तिगत अपराधियों को जिम्मेदार ठहराने के लिए किया जा सकता है।

फरवरी 2021 में सेना द्वारा नागरिक नेता आंग सान सू की की चुनी हुई सरकार से सत्ता छीनने के बाद से म्यांमार में उथल-पुथल मची हुई है, जिससे बड़े पैमाने पर अहिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं जिन्हें घातक बल से दबा दिया गया। सैन्य शासन के विरोधियों ने तब हथियार उठा लिए और देश के बड़े हिस्से अब संघर्ष में उलझे हुए हैं, जिसे संयुक्त राष्ट्र के कुछ विशेषज्ञों ने गृह युद्ध के रूप में वर्णित किया है। अधिकारों की निगरानी करने वाली संस्था, असिस्टेंस एसोसिएशन फॉर पॉलिटिकल प्रिजनर्स का कहना है कि सैन्य अधिग्रहण के बाद से सुरक्षा बलों



›› पेज 2 भी देखें

तकनीक › जापान के वैज्ञानिकों ने खोजा और तेज संचार का तरीका

अब सौ गुणा अधिक सटीक होगा कम्युनिकेशन

- खगोल दूरबीनों के लिए भी होगा कारगर
- रेडियो रिसीवरों की कार्यकुशलता बढ़ेगी
- धरती के बाहर भी सूचना में गति

राष्ट्रीय खबर

रांची: जैसे जैसे सूचना तकनीक विकसित हो रही है, इस तकनीक पर आधारित संचार व्यवस्था को भी और तेज करने की मांग बढ़ती जा रही है। इसलिए अब संचार तकनीक टेलीफोन और मोबाइल से आगे निकलकर इंटरनेट में फोर और फाइव जी तक आ पहुंची है। दूसरी तरफ ऑप्टिकल फाइबर का इस्तेमाल तक तेजी गति से सूचनाओं का प्रेषण हो रहा है। लेकिन इसके बाद भी इसकी गति को और तेज करने की मांग बनी हुई है। इसी वजह से शोधकताओं ने इंसुलेटर की पारगम्यता को पहले की तुलना में 100 गुना अधिक सटीक रूप से मापने के लिए



›› पेज 2 भी देखें

संचार में त्रुटि को कम करने से इसके विकास प्रक्रिया में तेजी आती है

यदि व्यक्तिगत सामग्रियों की पारगम्यता को गलत तरीके से मापा जाता है, तो वास्तविक निर्मित उत्पाद लक्ष्य प्रदर्शन को पूरा नहीं कर सकता है। वरना बिजली की तरफ इसमें भी ट्रांसमिशन लॉस की वजह से सूचना भेजने की गति धीमी हो जाती है। इस नई विधि से इस पर काबू पाया जा सकेगा। यदि डिजाइन चरण से परमिटिटिविटी सटीक रूप से ज्ञात हो, तो अनावश्यक परीक्षण और त्रुटि को कम किया जा सकता है और लागत में कटौती की जा सकती है। परंपरागत रूप से, पारगम्यता को मापने के लिए कई तरीकों का उपयोग किया जाता है। एक विधि जो पारगम्यता को सटीक रूप से माप सकती है वह अनुनाद विधि है, लेकिन उस स्थिति में, मापी जाने वाली सामग्री को अनुनादक नामक उपकरण में रखा जाना चाहिए, जिसके लिए सामग्री की सटीक प्रसंस्करण की आवश्यकता होती है, कभी-कभी कई सौ माइक्रोमीटर से भी कम मोटी होती है। एक और दोष यह है कि पारगम्यता को केवल कई विशिष्ट आवृत्तियों पर ही मापा जा सकता है। चूँकि किसी उपकरण के विकास चरण के दौरान विभिन्न सामग्रियों की पारगम्यता को मापना आवश्यक है, यदि प्रत्येक माप के लिए उच्च-परिशुद्धता प्रसंस्करण की आवश्यकता होती है, तो विकास प्रक्रिया में लंबा समय लगेगा।

इटली के तट पर नाव डूबने से 41 प्रवासियों की मौत

राष्ट्रीय खबर

लैम्पेडुसा: इटली के तट के करीब हुए एक नाव दुर्घटना में 41 प्रवासियों की मौत की खबर है। यह सारे लोग एक छोटे जहाज में ट्यूनीशिया के स्फैक्स से इटली जा रहे थे, रास्ते में जहाज पलट गया। जीवित बचे लोगों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि इतालवी भूमध्यसागरीय द्वीप लैम्पेडुसा के पास एक जहाज दुर्घटना में 41 प्रवासियों की मौत हो गई है। बचे हुए चार लोगों ने बचावकताओं को बताया कि वे ट्यूनीशियाई बंदरगाह शहर स्फैक्स से इटली जा रहे थे जब जहाज रास्ते में डूब गया। आइवरी कोस्ट और गिनी से जीवित बचे चार प्रवासी बुधवार को लैम्पेडुसा पहुंचे। इनमें से तीन पुरुष और एक महिला है। उन्होंने बचावकर्मियों को बताया कि जिस जहाज पर वे सवार हुए थे उसमें तीन बच्चों सहित 45 यात्री थे। उन्होंने बताया कि उनका जहाज पिछले सप्ताह गुरुवार को सैफ्रन से रवाना हुआ था, लेकिन कुछ ही घंटों में डूब



›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

धुंआरहित कोर कार्बन चूल्हा का वितरण किया गया

बुढ़मू : भाजपा के मीडिया प्रभारी रामकुमार दुबे के द्वारा गुरुवार को बुढ़मू प्रखंड के मक्का तथा सिदरौल गांव में महिलाओं के बीच धुँआरहित कोर कार्बन चूल्हा का वितरण किया गया। इस अवसर पर 220 महिलाओं के बीच नि:शुल्क चूल्हा बांटा गया। मौके पर रामकुमार दुबे ने कहा कि उक्त चूल्हा धुँआरहित है। इसके उपयोग से महिलाओं को धुंआ से मुक्ति मिलेगा।

क्राइम शॉर्ट अपडेट्स >>

चाकू मारकर घायल करने वाला युवक गिरफ्तार

चांडिल : कपाली ओपी अंतर्गत डेमडुबी मुसल दुकान के समीप विगत पांच अगस्त को रात 9 बजे कपाली के रहने वाले सुखदेव उरांव पर कई बार तेजधार चाकू से वार कर उन्हें घायल कर दिया था। वहीं घायल सुखदेव का इलाज पहले जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल फिर टाटा मुख्य अस्पताल में इलाज चल रहा है। वही सुखदेव की पत्नी अंबिका उराव ने कपाली ओपी पुलिस को लिखित आवेदन देकर मामले की जांच करने की बात कही थी। मामले में कपाली पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए कपाली ओपी अंतर्गत ताज नगर निवासी मोहम्मद अरशद उर्फ टिपनी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ओपी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि घायल सुखदेव उराव का मोहम्मद अरशद उर्फ टिपणी का दुकान में किसी बात को लेकर एक महीना पूर्व बीच विगत दिनों कहा सुनी हुई थी। उसी को लेकर मोहम्मद अरशद ने सुखदेव उराव को तेजधार चाकू से हमला कर घायल कर दिया था। उन्होंने कहा मोहम्मद अरशद का पूर्व से अपराधिक इतिहास रहा है।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

झंडोतोलन करने का किया गया समय निर्धारित

पेटरवार : पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन को लेकर प्रखंड के प्रधान सहायक गुलाम रसूल की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक के दौरान सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन करने का समय निर्धारित किया गया। निर्धारित समय अनुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 8:00 बजे, स्वतंत्रता सेनानी पार्क में 8:10, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 8:20, कृषि विज्ञान केंद्र में 8:30, जिला परिषद ब्यापार परिसर में 8:40, बालिका मध्य विद्यालय 8:50, थाना परिसर में 9:00, उर्दू मदरसा में 9:10, प्रखंड संसाधन केंद्र 9:20, प्लस टू उच्च विद्यालय में 9:30, वन क्षेत्र कार्यालय में 9:40, सामाजिक वानिकी में 9:45, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में 9:55, पशु चिकित्सालय में 10:05, अमृत सरोवर में 10: 15 बजे झंडोतोलन किया जाएगा। इस मौके पर जिप सदस्य प्रहलाद महतो, पेटरवार मुखिया दिनेश कुमार गुप्ता, मुमताज अंसारी, डॉ अनिल कुमार, भूमिका कुमारी, भागीरथ प्रसाद बक्शी, तपेश्वर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

आदिवासी दिवस पर फुलवरिया मैं अंग वस्त्र मिठाई का वितरण किया गया

कोडरमा : झारखण्ड प्रदेश अध्यछ राजेश ठाकुर के निदेर्शों के आलोक मैं जिला कॉंग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यछ संतोष यादव की अगुवाई मैं जिला मुख्यालय से सटे फुलवरिया इलाके मैं आदिवासी परिवारों के बीच विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसमें उनके अलावा कॉंग्रेस के वरीय नेता गणेश प्रसाद स्वर्णकार प्रदेश सचिव मनोज कुमार सहाय अरविंद कुमार सेठ ओबीसी प्रकोष्ठ के नगर अध्यछ सुभाष प्रसाद सिंह प्रदेश महिला सचिव अर्चना कुमारी समेत अन्य कई पार्टी जनों ने अहम भागीदारी निभाई।

निरीक्षण

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न कलस्टर, मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

डुमरी उप चुनाव 5 सितंबर को होना है मतदान

- उपायुक्त ने कहा कि कलस्टर पर पंखा, प्रकाश, जनरेटर आदि की समूचित व्यवस्था करें
- डुमरी विधानसभा क्षेत्र में गिरिडीह जिले के कुल 199 मतदान केंद्र है

राष्ट्रीय खबर

बोकारो: डुमरी उप चुनाव के तहत आगामी 05 सितंबर को होने वाले निर्वाचन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई है। गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने नावाडीह प्रखंड के विभिन्न कलस्टरों एवं मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इनके साथ अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो शैलेस कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नावाडीह अशोक कुमार आदि उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों ने कलस्टर केंद्रों पर सेक्टर दंडाधिकारियों, मतदान कर्मियों के आवासन को लेकर की जाने वाली व्यवस्था को लेकर चर्चा की। केंद्र पर पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था हो इस बाबत जरूरी निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कलस्टर पर पंखा, प्रकाश, जनरेटर आदि की समूचित व्यवस्था करें। ताकि मतदान कर्मियों के आवासन में कोई परेशानी नहीं हो। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों ने नावाडीह प्रखंड के हाई स्कूल बिरनी, प्लस टू उच्च विद्यालय भेंडरा, मध्य विद्यालय सहरिया, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस नावाडीह, मध्य विद्यालय आहारडीह, मध्य विद्यालय सुरही आदि कलस्टर सह मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नावाडीह प्रशांत कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे, विभिन्न थानों के थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे। मालूम हो कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र में गिरिडीह जिले के कुल 199 मतदान केंद्र है। वहीं बोकारो जिले के नावाडीह एवं चंद्रपुरा प्रखंड में कुल 174 मतदान केंद्र है।

भाजपा जिला पदाधिकारियों की बैठक

राष्ट्रीय खबर

बोकारो: भाजपा जिला पदाधिकारियों की बैठक बोकारो विधायक कार्यालय पर संपन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भरत यादव ने की। बैठक में मुख्य रूप से बोकारो विधायक बिरंची नारायण उपस्थित रहे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा झारखंड के सभी विधानसभाओं में संकल्प यात्रा के तहत जनसभाओं को संबोधित करेंगे। सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में भव्य स्वागत करेंगे। जिसकी तैयारी के लिए यह बैठक रखी गई। 30 अगस्त को तेलमच्चो ब्रिज पर जिला भाजपा द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बोकारो जिला में कार्यक्रम तय हुई। चंदनकियारी भाजपा कार्यकताओं द्वारा मामरकुर मोड़ पर भव्य स्वागत एवं सिनेमा हॉल ग्राउंड में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। स्थानीय विधायक अमर कुमार बाउरी भी मौजूद रहेंगे। 1 सितंबर को बालीडीह टोल प्लाजा के पास नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का भाजपा कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत व अभिनंदन किया जाएगा। सेक्टर 12 स्थित एसबीआई एटीएम के पास मैदान में विशाल जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं 13 से 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर-घर अभियान चलाया जाएगा। जिसकी प्रभारी नियुक्ति की गई। 14 अगस्त को विभाजन की विभषिका कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन की जाएगी। पूर्व संध्या विभिन्न क्षेत्रों में मौन जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में दिलीप श्रीवास्तव, अनिल सिंह, लीला देवी, सुरेंद्र राज, संजय त्यागी, सुभाष सिंह, अशोक पप्पू, माथुर मंडल, महेंद्र राय, धीरज झा, अतानु चौधरी, राघवेंद्र उपाध्याय, पीयूष आचार्या, भैरव महतो, ब्रज दुबे मौजूद थे।

वेदांता ईएसएल ने आदिवासियों के लिए जैविक खाद इकाइयों और सोलर पंप का उद्घाटन किया

▶▶ 10 जैविक खाद इकाइयां शामिल हैं, जिसमें हर बेड पर 10 किसान जुड़ेंगे

राष्ट्रीय खबर

बोकारो: विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर, वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने नाबार्ड के साथ मिलकर उनके प्रतिष्ठित साथी कार्यान्वयन एजेंसी ग्रामीण सेवा संघ के साथ विभिन्न सुविधाओं का उद्घाटन किया जो कुंवरपुर गांव के आदिवासी लोगों के जीवन को व्यवशितत करने का वादा करते हैं। 10 जैविक खाद इकाइयां शामिल हैं, जिसमें हर बेड पर 10 किसान जुड़ेंगे, और एक सोलर पंपहाउस, जो अपने प्रसिद्ध वाडी प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में 16 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए है। वाडी प्रोजेक्ट, 2020-21 वित्तीय वर्ष में शुरू हुआ, जो चास और चंदनकियारी ब्लॉक में 8 गांवों में गहरा प्रभाव डाल रहे है। ये गांव भागबांध, हुथुपथर, पार्टंड, कुंवरपुर, नेपूरचक, आसनसोल, तेतुलिया और पश्चिम महल शामिल हैं। वाडी प्रोजेक्ट वो हिस्सा है जो को संवर्द्धनशील प्रथाओं को बढ़ावा देने और आदिवासी समुदायों को समग्र समर्थन प्रदान करने में महत्वपूर्ण रूप से योगदान करता है। इस पहल की मूल उद्देश्य जड़ खोलने में है। जिसमें लगभग 450 एकड़ भूमि पर बगीचे की वर्षांत रोपण किया गया है, जो लगातार वित्तीय वर्ष 21-22 और 22-23 में आदिवासी किसानों और उनके परिवारों को लाभ पहुंचाता है। पर्याप्त भूमि वाले किसानों के परे, पर्यावरणिक विचारों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ वार्डी प्रोजेक्ट विविध गतिविधियों में 50 भूमिहीन किसान को अलग-अलग माध्यम से मदद करता है, जैसे जैविक खाद, मुर्गी पालन, आदि। इस महत्वपूर्ण अवसर पर वेदांता ईएसएल स्टील के सीएसआर के राकेश कुमार मिश्रा ने जैविक खाद शेड और सोलर संचालित पंपहाउस का उद्घाटन किया। जिससे कंपनी की स्थायी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को जोर दिया।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की

राष्ट्रीय खबर

कोडरमाः समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कोडरमा जिला में उपलब्ध स्वास्थ्य केन्द्र, चिकित्सकों की उपलब्धता, जननी सुरक्षा योजना, कुष्ठ निवारण, मलेरिया फलेरिया से संबंधित, परिवार नियोजन, एड्स और टीबी बीमारी की रोकथाम समेत स्वास्थ्य विभाग में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग मे संचालित योजनाएं और उनके विरुद्ध किये जा रहे कार्यों का बेहतर तरीके से डाटा संधारण करना सुनिश्चित करेंगे। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि ए.एन.एम लोगों का नियमित रूप से सभी चीजों का प्रशिक्षण कराते रहेंगे। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने आयुष्मान योजना के डीपीसी को निर्देश दिए कि आपूर्ति विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए जिले के सभी सक्रिय राशन कार्ड धारी का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं पोषण सत्र में जिला स्तर के पदाधिकारी और प्रखंड स्तर के पदाधिकारी व कर्मी की उपस्थिति रहेगी। बैठक में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनोज कुमार, कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ रमन, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार समेत स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

ईचागढ़ प्रखंड सभागार में हुई बैंकरों के साथ बैठक

राष्ट्रीय खबर

चांडिल : ईचागढ़ प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरुवार को एलडीएम की उपस्थिति में बैंकरों का बैठक किया गया। बैठक कि अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी किकु महतो ने किया। बैठक में सभी बैंक प्रबंधकों को केसीसी ऋण का लक्ष्य पुरा करने, पीएम आवास का बैक द्वारा भूगतान, अन्य ऋण आदि पर चर्चा किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बैंकों द्वारा पीएम आवास का पैसा केसीसी ऋण दाताओं के खाते से काट लेने का मामला पर आपत्ति जताते हुए कहा कि किसानों का केसीसी ऋण का पैसा पीएम आवास का पैसा से काट लेने से लाभूक समय पर पीएम आवास का निर्माण नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आए दिन पीएम आवास का पैसा केसीसी ऋण में काटे जाने का मामला आता है। उन्होंने शखा प्रवंधकों को खेती के एन मौके पर किसानों को केसीसी ऋण उपलब्ध कराएं। किसानों को समय पर केसीसी मिलने पर किसान अच्छे से खेती कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में जो केसीसी ऋण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे समय पर पुरा किया जाय। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी धनराज महतो, शाखा प्रवंधक, जन सेवक आदि उपस्थित थे।

संकल्प

जल, जंगल व जमीन को बचाने का लिया संकल्प

झोपरो गांव में सेंगेल ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस

राष्ट्रीय खबर

बोकारो: चास प्रखंड के अंतर्गत चैनपुर पंचायत के झोपरो गांव में आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से चैनपुर पंचायत सेंगेल टावर नुनीबला मार्डी के नेतृत्व में विश्व आदिवासी दिवस पर जल, जंगल व जमीन को बचाने का संकल्प एवं शपथ लिया। मौके पर झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस का अनुपालन 9 अगस्त 1994 से संयुक्त राष्ट्र ने प्रारंभ किया है। चूंकि 9 अगस्त 1982 को जिनेवा में सर्वप्रथम यूएन ने आदिवासियों के मानवीय अधिकारों पर चर्चा की थी। तत्पश्चात 13 सितंबर 2007 को यूएन ने आदिवासी अधिकार घोषणा पत्र भी जारी किया है। मौके पर जिलाध्यक्ष सुखदेव मुर्मू ने कहा कि बंगाली के लिए बंगाल, उड़िया के लिए उड़ीसा, बिहारी के लिए बिहार तो उसी तर्ज पर बिरसा मुंडा के जन्मदिन 15 नवंबर 2000 को आदिवासी के लिए झारखंड बना। मगर शहीदों का सपना अबुआ दिशुम अबुआ राज आज भी लुटता-मिटता तड़प रहा है। झारखंड में छोटी-बड़ी अनेक राजनीतिक दल हैं, अनेक आदिवासी जन संगठन हैं, अनेक आदिवासी डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, वकील अफसर हैं। मगर क्या वे आदिवासी हासा, भाषा, जाति (एसटी), धर्म (सरना), रोजगार, इज्जत, आबादी, चास वास आदि बचाने की बात करते हैं। कार्यक्रम में जोनल संयोजक जयराम सोरेन, कोमल किस्कू, कालीचरण किस्कू, राखो किस्कू, महेश सोरेन, बसंती सोरेन, संजय सोरेन, निकेत मार्डी, सविता टुडू, पुनम सोरेन, सुमन सोरेन, सोनाली सोरेन, फुलमुनी सोरेन, पानमती सोरेन, मिहीलाल हेंब्रम सहित महिला-पुरुष शामिल थे।

न्यूज फटाफट

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 सितंबर को

बोकारो: राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रंजना अस्थाना के निदेर्शानुसार आगामी 09 सितंबर को न्याय सदन, व्यवहार न्यायालय बोकारो एवं व्यवहार न्यायालय तेनुघाट में आभासी, आनलाइन मोड या हाइब्रिड मोड पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय आपराधिक मामले, पराक्रम विलेख की धारा 138 के मामले, बैंक ऋण के मामले, मोटर यान दुर्घटना से संबंधित मामले, दुर्घटना सूचना प्रतिवेदन एवं राज्य परिवहन विभाग से संबंधित मामले, वैवाहिक विवाद से संबंधित मामले, उत्पाद अधिनियम, विद्युत अधिनियम, वन अधिनियम से संबंधित मामले, श्रमिक विवाद, भू अर्जन, बिजली, पानी बिल से संबंधित मामले सेवा से संबंधित भुगतान, भत्ते और सेवा निवृत्त लाभ, राजस्व एवं अन्य दिवानी मामले, दाखिल खारिज, बंटवारा, किरायादारी, विशिष्ट अनुतोष अधिनियम, सूखाधिकार से संबंधित वाद तथा अन्य मामले को आपसी मेल से त्वरित निशुल्क निष्पादन किया जाएगा। इसकी जानकारी गुरुवार को विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो सचिव निभा रंजना लकड़ा ने दी।

डुमरी उपचुनाव में पक्ष और विपक्ष के विरुद्ध उतरेगी खतियानी मोर्चा

बोकारो: झारखंड खतियान मोर्चा की ओर से गुरुवार को डुमरी उपचुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि झारखंड खतियान मोर्चा की मजबूती से उप चुनाव में उतरेगी। जिसके लिए इच्छुक झारखंडी खतियानी उम्मीदवार से आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें अभी तक पांच उम्मीदवार ने आवेदन किया है। आवेदन मांगने की अंतिम तिथि 12 अगस्त तक बढ़ाया गया है ताकि सर्वोत्तम उम्मीदवार मैदान में उतारा जा सके। 14 अगस्त को प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार 12 अगस्त में तक आवेदन कर सकते हैं। बताते चलें पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा के नेतृत्व में झारखंड में युपीए व एनडीए के विरुद्ध तीसरे विकल्प के रूप में झारखंड खतियान मोर्चा का गठन किया गया है, जो सामूहिक चिंतन सामूहिक निर्णय और सामूहिक नेतृत्व के सिद्धांत पर करेंगी। बैठक में प्रमंडल संयोज इमाम सफी, बोकारो संयोजक अशोक अग्रवाल, प्रेमचंद महतो, डुमरी प्रभारी रकीब आलम मौजूद रहे।

पिकअप वैन ने दो युवकों को रौंदा एक की मौत

तमाड़ : तमाड़ थाना क्षेत्र के तमाड़ खुंटी पथ पर पिकअप वैन ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रौंदा एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शाम साढ़े छह बजे की है। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता हैं। तमाड़ नीचे टोला निवासी अंचल कर्मी ध्रमेश उर्फ सुकेश पातर एवं रोशन मुंडा अपने मोटरसाइकिल न०-जे एच 01 ईएक्स-0996 में सवार होकर मकवादर की ओर से तमाड़ बस स्टैंड आ रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से खुंटी की ओर जा रही पुआल लदा पिकअप वैन न०-जे एच 05 ए टी-1887 ने जोरदार टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पिकअप वैन में फंस गया। जिसे करीब पचास फीट घसीटते हुए ले गया। जिससे रोशन मुंडा का सर बुरी तरह से फंट गया। जिससे घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। वही अंचल कर्मी सूकेश पातर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सूकेश का प्राथमिक उपचार तमाड़ अस्पताल में करने के बाद वेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेज दिया गया इधर पुलिस ने दोनों वाहनों को जप्त कर लिया है। एवं पिकअप वैन के चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। शव को गुरुवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया जाएगा।

पशु जांच शिविर का आयोजन

बुढ़मू : भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी बुढ़मू के डॉ मनोज राम के नेतृत्व में बुढ़मू प्रखंड के चाया गांव में पशु जांच विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के 29 पशुपालक लोग शामिल हुए। जिनका 320 जानवर का इलाज किया गया। एवं मुफ्त में दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार राम ने अपने से उपस्थित होकर पशुओं की जांच किया। साथ ही पशु पदाधिकारी मनोज राम ने पशुपालक को कई जानकारी भी दी। शिविर में डॉ राय जी, डॉ सुनील कुमार, डॉ संजय, डॉ सदन कुमार उपस्थित हुए। और सभी डॉक्टर ने उपस्थित होकर पशुओं से संबंधित देखभाल करने एवं रखरखाव कि कई जानकारियां दी। मौके पर पशुपालक किसान बालक यादव, सरहुल मुंडा, मोतीलाल यादव, साहित अन्य लोग शामिल थे।

विश्व आदिवासी दिवस पर मनिता ने उकेरी चित्र

चांडिल : विश्व आदिवासी दिवस पर के मौके पर चांडिल प्रखंड के घोड़ानेगी ग्राम की रहने वाली छात्रा मनिता महतो ने एक मूल निवासी औरत की तस्वीर उकेरी। छात्रा ने इस मौके पर चित्र के माध्यम से समाज के लोगो के लिए संदेश देते हुए कहा कि यह दिवस स्वदेशी लोगों के कार्यों, उपलब्धियों, योगदानों आदि को पहचानने और सम्मान देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। साथ ही, मूल निवासी और भविष्य निर्माण में इनका योगदान बहुत बड़ा है। ऐसे समूह जो सभ्य समाजों से दूर जंगल, पहाड़ों अथवा पठारी क्षेत्रों में निवास करते हैं। जनजाति, आदिम समाज, वन्य जाति, आदिवासी और मूल निवासी आदि नामों से जाना जाता है। इनकी अपनी अलग बोली, भाषा, संस्कृति और परंपराएँ होती हैं। अपने सांस्कृतिक मतभेदों के बावजूद, विश्व के स्वदेशी लोग विशिष्ट लोगों के रूप में अपने अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित सामान्य समस्याओं को अनुभव करते हैं।

स्नातक में नामांकन को लेकर एआईडीएसओ को ज्ञापन

चांडिल : ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन सिंहभूम कॉलेज कमिटी द्वारा गुरुवार को स्नातक में नामांकन पोर्टल पुन: चालू करने को लेकर सिंहभूम कॉलेज के प्राचार्य डॉ सरोज केइबर्तो द्वारा कोल्हान विश्वविद्यालय के डीएसडबल्यू के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के कॉलेज कमिटी सदस्य राजा प्रमाणिक ने कहा कि कोल्हान विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक में ऑनलाइन नामांकन के लिए अप्लाई करने की तिथि 18 जुलाई तक निर्धारित की थी। हम जानते हैं कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत काफी सुदूर और ग्रामीण क्षेत्रों से छात्र-छात्राएं अध्ययन करने के लिए आते हैं। जहां इंटरनेट की व्यवस्था भी नहीं है और वेबसाइट में भी काफी समस्या थी। जिसके कारण छात्र छात्राएं अप्लाई और कुछ का पेमेंट भी नहीं हो पाया है। साथ ही सीयूईटी का स्कोर भी नही अपलोड कर पाए हैं। इसलिए ऑनलाइन नामांकन अप्लाई की तिथि को बढ़ाया जाए।

शहर >> अपडेट

गायत्री स्वयं सहायता समूह ने मनाया सावन महोत्सव

बेरमो : फुसरो झारखंड क्रांतिकारी नवयुवक संघ ढोरी में बुधवार की देर शाम गायत्री स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सावन महोत्सव मनाया महोत्सव में मेंहदी, क्विज, गीत-नृत्य आदि प्रकार के प्रतियोगिता आयोजित कर समुह के महिलाओं ने आनंद उठाया. यहाँ महिलाओं ने खुब सावन झूला झूले वही प्रतिभागीयो विजेताओ को समुह द्वारा सम्मानित किया गया ।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

जिले भर में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम शुभारंभ

पाकुड़ : आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी मिट्टी, मेरा देश अभियान की शुरूआत नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत रानी दिग्गी पटाल में देश के सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम की श्री गणेश की गई। सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों, वीरों की याद में स्थापित शिलापट्ट का अनावरण उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल, सहायक समाहर्ता श्री कृष्णकांत कनवाड़िया, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर रानी दिग्गी तालाब के पास वसुधावंदन कार्यक्रम तहत पौधारोपण कार्य प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम में मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले वीरों को दीप के साथ पंच शपथ के जरिये याद किया गया। मौके पर उपायुक्त द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया नगर परिषद के द्वारा मिट्टी कलश में मिट्टी इकट्ठा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें शिलाफल्कम (स्मारक पटिका)का निर्माण, पंच शपथ एवं सेल्फी, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन, ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान का भी आयोजन किया गया।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन

बेरमो : बोकारो-बेरमो के व्यवसाई स्व. संजीव कुमार सिंह का 45 वर्ष की आयु में २९ जुलाई को दिल्ली के मैक्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। बोकारो के बारी-कोऑपरेटिव में उनकी श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे गणमान्य लोग, व्यवसायी, उद्योगपति, राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधि इस श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होगे। एक सफल कारोबारी के रूप में स्थापित होने के साथ ही स्व. संजीव कुमार सिंह ने समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार उंचे मानदण्ड स्थापित किए, वे निरंतरता से मानव सेवा के माध्यम से लोगो की सेवा किया। स्व.संजीव कुमार सिंह बोकारो स्थित केम -2 दुगार्पूजा के कई वर्षो से संरक्षक थे। उक्त जानकारी कोयला व्यवसाई अभय कुमार सिंह ने दी।

सीसीएल सीकेएस की कार्यसमिति बैठक संपन्न

बेरमो /फुसरो : सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ से सम्बन्द्ध भारतीय मजदूर संघ ढोरी के कार्यसमिति बैठक सीसीएल ढोरी के महाप्रबंधक कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सालाहकर संचालन समिति सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में संगंठनात्मक तथा सदस्यता विस्तार, कामगारों के ज्वलंत समस्याओं की चचाएं की गई। इसके साथ ही सर्वसम्मति से आगामी 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस भारतीय मजदूर संघ ढोरी द्वारा सीसीएल सीकेएस के क्षेत्रीय कार्यालय ढोरी खास में धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। उक्त मौके पर विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस अपने क्षेत्रीय कार्यालय ढोरी खास में बड़े धूमधाम तथा हर्षोल्लास के साथ झंडोत्तोलन कर मनाने का निर्णय कार्यसमिति बैठक में लिए है।

कानून व्यवस्था

अपराध गोष्टी की समीक्षात्मक बैठक की गई,दिए निर्देश

नशीली पदार्थों के खरीद बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें

- अवैध कोयला, बालु, पत्थर के परिवहन-भंडारण पर पुर्णता अंकुश लगाने का दिया निर्देश
- कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करें

राष्ट्रीय खबर

पाकुड़ : पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में माह जुलाई -2023 में किये गए कार्यो की समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना-ओपी प्रभारी को माननीय न्यायालय में विचाराधीन कांडो में दोषसिद्धि दर बढ़ाने हेतु अभियुक्त गवाहों को निर्धात समय में कोर्ट में उपस्थित करने ,लंबित वारंट के निष्पादन हेतु छापामारी अभियान चलाने, अवैध कोयला, बालु, पत्थर के परिवहन - भंडारण पर पुर्णता अंकुश लगाने, लॉटरी- अवैध नशीली पदार्थों के खरीद बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई , आवेदनकर्ता-अमजानो के समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किए जाने, लंबित सभी कांडो का गहन समीक्षा कर सभी कार्यवाही पूर्ण करते हुवे कांडो के निष्पादन करने, एवं थाना क्षेत्र में अपराधों के नियंत्रण तथा आवासीय विद्यालयों के आस पास शरारती तत्वों पर अंकुश लगाने आदि का निर्देश सभी थाना एवं ओपी प्रभारी को दिया गया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारी कार्यों का अवहेलना ना करें उसे गति प्रदान करते हुए कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करे। मौके पर सभी थाना एवं ओपी के प्रभारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

हम सबों के प्रेरणास्रोत थे स्व रिझुनाथ चौधरी : चंद्रप्रकाश

राष्ट्रीय खबर

रजरप्पा : रामगढ़ के पूर्व प्रमुख स्व रिझुनाथ चौधरी की 9वीं पुण्यतिथि चितरपुर के सांडी में मनाया गया। जहां इनके बड़े पुत्र बड़कागांव विस प्रभारी रोशनलाल चौधरी, छोटे पुत्र ज्योति कुमार चौधरी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्व रिझुनाथ चौधरी को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्य रूप से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, जिप अध्यक्ष सुधा देवी ने भी स्व चौधरी के चित्र पर पुष्प चढा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि स्व रिझुनाथ चौधरी हमेशा लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का कार्य किये हैं। इसके अलावे मजदूरों को स्वावलंबी बनाने के लिए हमेशा संघर्षशील रहते थे। उनके संघर्षों को नजदीक से देखने को मिला। आज हमलोग उन्ही के पदचिन्हों पर चलते हुए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज वे हमारे बीच नहीं है पर उनके आदर्श हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। वहीं रामगढ़ विधायक ने कहा कि स्व रीझूनाथ चौधरी ने जो सपना देखा था, उसे पूरा करने का कार्य गिरिडीह सांसद कर रहे हैं। दुलमी व महुआ टांड़ उनके नाम से कॉलेज की स्थापना किया गया है। ताकि लोगों को बेहतर शिक्षा मिल सके।

धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

राष्ट्रीय खबर

वेस्ट बोकारो (घाटो) : संताल उपेल क्लब भेलगढा केदला में धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ जिला अध्यक्ष झामुमो सह संताल उपेल क्लब के मुख्य संरक्षक बिनोद किस्कू का भव्य रुप से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज के मानवीय अधिकारों का सरंक्षण, उसके जल, जंगल, जमीन के अधिकार संरक्षित करने, अस्मिता आत्मसम्मान कला, संस्कृति के अस्तित्व को कायम रखने एवं शिक्षा का प्रचार-प्रसार व आदिवासी समाज में जन जागृति है। साथ ही समाज में व्याप्त बुराइयों जैसे शराब का सेवन, शिक्षा का निम्न स्तर , स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का अभाव, उन्नत व्यापार का अभाव, उन्नत कृषि का अभाव जैसी बुराइयों को मिटाने के लिए आदिवासी समाज को जागरूक करना एवं शिक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार करना है। इस अवसर पर संस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया । इसमें बच्चों ने अपने वेश भूषा में संस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। मौके पर संताल उपेल क्लब के अध्यक्ष फूलचंद हेम्ब्रोम, उपाध्यक्ष विजय किस्कू, सचिव नरेश हांसदा, सह सचिव रामकुमार माँझी, भोलानाथ मुर्मू, विजय राम, मंतोष सिंह, मंटु करमाली, कमलेश पाण्डे, बलदेव मुर्मू , डियोलाल हांसदा, दिनेश हांसदा, सुनील हेम्ब्रोम, मनकी महतो, तालो टुडू समेत हजारों के तादाद में लोग मौजूद थे।

विश्व आदिवासी दिवस का भव्य आयोजन

राष्ट्रीय खबर

गिद्दी : विश्व आदिवासी दिवस सामुदायिक भवन गिद्दी ए में भव्य रूप से मनाया गया।इसमें तमाम संथाली, भोक्ता, करमाली, मुंडा, महली, उरांव समाज के लोग शामिल हुए। बैठक में सबसे पहले इसे भव्य रूप देने के लिए गाँव-टोलों के समाज के लोगों को तैयारी की सफलता के लिए जिम्मेवारी सौंपी गई।बैठक में तैयारी समिति को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जहां-जहां आदिवासी समाज के लोग विश्व आदिवासी दिवस की महत्ता बताते हुए कहा कि आदिवासी समाज आज पुरे विश्व में शोषित और उपेक्षित है आदिवासी महिलाओं के साथ आए दिन शोषण, अत्याचार, दुर्व्यवहार,बलात्कार छेड़छाड़ जैसी घटनाएं हो रही है।जिसका ताजा उदाहरण मध्यप्रदेश का पेशाब काण्ड एवं मणिपुर की कुकी आदिवासी के साथ छेड़छाड़ और निर्वस्त्र कर घूमने व बलात्कार की घटना है।जिसपर केंद्र सरकार चुप्पी साधे हुए है। इसके खिलाफ दलगत की राजनीति से ऊपर उठकर सभी आदिवासियों को गोलबंद होने की आवश्यकता है।समारोह में तमाम लोगों द्वारा इसकी तीव्र भर्त्सना की गई।आदिवासी समाज के अनेक आंदोलनकारी बाबा तिलका मांझी, सिद्धो कान्हू, चाँद भैरव, नीलांबर पीतांबर, बिरसा मुंडा, कोका करमाली देश की आजादी में शहीद हुए। और आज आदिवासी समाज विस्थापन एवं बेरोजगारी का दंश झेलने को विवश हैं। सामाजिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए शिक्षा और जागृति अतिआवश्यक है।साथ ही आपसी एकता भी जरूरी है।तमाम आदिवासी केंद्र सरकार के लाए जा रहे यूसीसी को कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

झामुमो पार्टी कार्यालय में मनाया गया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

राष्ट्रीय खबर

गिद्दी :झारखंड मुक्ति मोर्चा डाड़ी प्रखंड द्वारा गिद्दी सी स्थित पार्टी कार्यालय में प्रखंड के कार्यकताओं ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्म दिन मनाया गया। इस मौके पर तमाम कार्यकताओं में गजब का उत्साह देखा गया। कार्यकताओं ने पार्टी कार्यालय में केक काटी और मिठाइयों का वितरण किया गया.तमाम उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं। सभी कार्यकताओं ने पुनः प्रखंड अध्यक्ष लखनलाल महतो ने कहा कि झारखंड में पुनः झामुमो की सरकार बनाने का संकल्प लेते हुए हेमंत सोरेन को आदिवासी व पिछड़ी जाती का उत्थानकर्ता बताया। कार्यक्रम के संयोजक मंडली के संयोजक लखन लाल महतो, शिव जी बेसरा, विकाश बेदिया, अनन्या मुखर्जी, बलदेव महतो, श्रीनाथ महतो, कालीचरण महतो, फातिमा, संगीता, महेश ठाकुर, गणेश सोरेन, सुबोध महतो, राजू महतो, सीता राम महतो, दिलीप सोरेन, सुरेश हंसदा, हीरो महतो, पूरन महतोआदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्यक्रम

आदिवासी अस्मिता एवं पहचान विषय पर संगोष्ठी आयोजित

आदिवासी की सभ्यता और संस्कृति ही उनकी पहचान : प्राचार्य

राष्ट्रीय खबर

बेरमो : 10 अगस्त को केबी महाविधालय के एस सी/ एस टी सेल, कल्चरल कमिटी एवम आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान तथा प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा की अध्यक्षता मे पूर्वाहन लगभग 12 बजे से कॉलेज के सभागार में छात्र छात्राओं, शिक्षको व कर्मियों की उपस्थिति में आदिवासी अस्मिता एवम पहचान विषय पर संगोष्ठी आयोजित किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने कहा विश्व आदिवासी दिवस का उद्देश्य आदिवासी समुदायों के अधिकारो के प्रति जागरुकता फैलाना व उन्हे सम्मान दिलाना है। यह दिवस सामाजिक न्याय, समरसता निर्माण व समानता को प्रोत्साहित करती है। विश्व आदिवासी दिवस पर लोगों को एकसाथ मिलकर आदिवासी समुदायों के संघर्षो व उनकी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति सम्मान दिखाने का अवसर है।जबकि एस सी /एसटी सेल के समन्वयक प्रो मधुरा केरकेट्टा ने कहा आदिवासियों की देशज ज्ञान परंपरा दुनिया के लिऐ सशक्त समाधान का माध्यम बन सकती है, जरूरत है इस देशज ज्ञान को चिन्हित कर इसे वैज्ञानिक मान्यता देने की। वहीं कल्चरल कमिटी की समन्वयक डा नीला पूर्णिमा तिर्की ने कहा आदिवासियों का राष्ट्र के प्रति अमृत भाव ही था जिसने सिदू व कान्हू, तिलका मांझी, विरसा मुंडा जैसे वीर योद्धाओं को जन्म दिया। आदिवासी राष्ट्र को स्वंतत्र ही नही, बल्कि जागृत करने का काम भी करते आए हैं।

प्रो लक्ष्मी नारायण रॉय ने कहा आदिवासी समृद्धि का प्रतीक होते हैं। नौ अगस्त को आदिवासी संस्कृति व उनके सम्मान को बचाने के लिऐ लोगों को प्रोत्साहित किया जाता है।प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा कि पहली बार आदिवासी दिवस नौ अगस्त 1994 को जेनेवा मे मनाया गया था। आदिवासियों की देशज ज्ञान परंपरा काफी समृद्ध रही है।जबकि आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा विश्व आदिवासी दिवस हमें याद दिलाता है कि हम सभी एक ही मानवता के अंतर्गत एकता व समरसता के साथ रहने की जरूरत है।डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा कि आदिवासी जनजातियां हमारे समाज का एक अभिन्न अंग हैं। उन्हें सम्मान देना, उनकी संस्कृति, भाषा, परंपराओं को समझना व सरंक्षण देना हमारा दायित्व है।डॉ अलीशा वंदना लकड़ा ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस का संदेश है एक दूसरे के साथ मिलकर, समझदारी व सम्मान से रहना।प्रो मनोहर मांझी ने कहा विश्व आदिवासी दिवस हमें एक दूसरे के साथ गहरी आत्मीयता भावना बढ़ाने, समरसता को स्थापित करने और आदिवासी समुदायों के समृद्ध हितों के लिऐ समर्थन के प्रति समर्पित होने का एक अवसर प्रदान करता है।प्रो नितिन चेतन तिग्गा ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर हम उन आदिवासी वीर योद्धाओं को याद करते हैं जिन्होंने राष्ट्र निर्माण मे महान योगदान किया जयपाल सिंह मुंडा, शहीद तिलका मांझी, बिरसा मुंडा, सिद्दो कान्हु आदि। मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी विश्व आदिवासी दिवस को मनाए व याद किए जाने की वर्तमान प्रासंगिकता को बतलाया।

गोकुल स्वीट्स में लगी आग

बेरमो : कथारा मुख्य चौक तथा गोमिया कथारा मेन रोड स्थित जाने माने मिठाई की प्रसिद्ध दुकान गोकुल स्वीट्स मे 9 अगस्त, बुधवार को अपरान्ह तकरीबन एक से डेढ़ बजे के भीतर भयंकर आग लग गई। जिससे भारी क्षति होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। आग दुकान के उपरी तल्ले मे लगी है। दुकान के मालिक नीरज कुमार के कथनानुसार आग शॉर्टसर्कीट के कारण ही आग लगी आग लगने के दौरान सामान के अलावे किसी जान माल की क्षति नहीं पहुंची है। केवल आर्थिक क्षति ही हुई है। मौके पर अग्नि शामक दस्ता को पहुंचने से आग पर काबू पाया गया।

नवनियुक्त एसडीओ सह नगर परिषद के ईओ से की मुलाकात

बेरमो : शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने बेरमो के नवनियुक्त अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) एवं फुसरो नगर परिषद के ईओ शैलेस कुमार से उनके दफ़्तर में मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी को किताब भेंट कर के बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

पानी संकट को लेकर प्रकाश कुमार सिंह ने लिया जायजा

बेरमो : फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के ढोरी बस्ती के रेहवाघाट में लोगों को आ रही पेयजल किल्लत को लेकर शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने बुधवार दोपहर दौरा किया। स्थानीय बाबू चंद रविदास, बालेश्वर रविदास, महेश रविदास, अमित रविदास ने बंद पड़े डीप बोरिंग को दिखाया और मरम्मत की मांग किया। सिंह ने समस्या जानने के उपरांत जल्द समस्या समाधान किए जाने का आश्वासन दिया।

डॉ. बीरबल कुमार पांडेय का पुण्यतिथि मनाया गया

बेरमो : फुसरो बाजार ओवर ब्रिज के निकट बेरमो के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. बीरबल कुमार पांडेय जी के तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित कर सोलहवीं लोकसभा गिरिडीह सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्रद्धांजलि सभा में श्रमिक नेता गिरजा शंकर पांडेय, कौटिल्य महापरिवार के नेता राम नारायण दुबे , इंजीनियर जनार्दन सिंह, हरि प्रसाद महतो, सोशल मीडिया शंकर सिन्हा के अलावा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

तीन दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का उद्घाटन

बेरमो : श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति एवं मारवाड़ी युवा मंच और मारवाड़ी सम्मेलन बेरम शाखा के संयुक्त तत्वाधान में फुसरो स्थित अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का उद्घाटन गिरिडीह लोकसभा के पांच बार के सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही साथ एक जरूरत मंद व्यक्ति को वैशाखी देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि रविन्द्र कुमार पांडेय ने कहा कि मारवाड़ी समाज हर सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़कर कार्य करता है एवं उन्होंने यह भी आशवासन दिया कि इस शिविर को और वृहत रूप से करने में हर संभव मदद करेंगे। जिसमें शहर के ही नहीं बल्कि दूर-दराज क्षेत्रों से जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया है वे पहुंचकर कृत्रिम अंग लगवा रहे है। तीन दिवसीय यह शिविर 12 अगस्त तक चलेगा। आयोजन कर्ता के अनुसार शिविर का उद्देश्य है ऐसे लोगों के चेहरे पर खुशी लाना जिन्हें समाज अपने आप से अलग समझता हो। उन्होंने कहा कि दिव्यांग महिला पुरुष इस कृत्रिम अंग को लगाकर एक सामान्य जीवन जी सकते हैं। इस शिविर में सैकड़ों लोगो का रजिस्ट्रेशन कराकर अपना इलाज करवा रहे हैं। मौके पर महावीर विकलांग कल्याण सहायता समिति के प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश अग्रवाल,मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष रामावतार कारिवाल , सचिव नेमीचंद गोयल, कोषाध्यक्ष मुरारी बधालका, गोकुल चंद मुनका, दामोदर अग्रवाल, दिलीप गोयल, भवानी अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच के झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री रोहित मित्तल, बेरमो शाखा अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, सचिव सोनू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरुण अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक विकास अग्रवाल, सहसंयोजक विक्की गोयल, मुकेश शर्मा, प्रवीण अग्रवाल, संजय अग्रवाल सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

होल्डिंग टैक्स और पानी कनेक्शन चार्ज में वृद्धि के विरोध में भूख हड़ताल

बेरमो : नगर परिषद फुसरो द्वारा क्षेत्र के निवासियों पर होल्डिंग टैक्स और पानी कनेक्शन चार्ज बढ़ाने के विरोध में युवा व्यवसायी संघ फुसरो के बैनर तले नप कार्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल तीसरे दिन भी निरंतर जारी रहा। संघ के संयोजक देवीदास ने कहा कि संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण कुमार और मोहम्मद जावेद खान भूख हड़ताल पर हैं। कहि कि व्यवसाई सहित सभी पार्टी का भी समर्थन मिल रहा है। सरकार लोगों की ना बात मान रही है और ना ही प्रशासन को लोगों पर तरस रहा है। प्रशासन और सरकार तानाशाह बना हुआ है। कहा कि अगर इस सांकेतिक भूख हड़ताल से भी सरकार नहीं चेतती है तो आगामी दिनों में बड़े पैमाने पर आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। शुक्रवार से सड़क पर उतरेंगे बाजार बंद करवाएंगे। किसी भी नुकसान के लिए सीधे तौर पर सरकार जिम्मेवार होगी। भाजपा नेता राजेश सिंह ने कहा कि भूख हड़ताल लोकतंत्र में सबसे बड़ा और अंतिम विकल्प है लेकिन इसके लिए सरकार ने मजबूर कर दिया। कांग्रेसी नेता गिरजाशंकर पांडेय ने पहुंचकर हौसला अफजाई किया।अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो के चिकित्सकों द्वारा भूख हड़ताल में बैठे लोगों का मेडिकल जांच कर उपचार की जा रही है। उपस्थित लोगो ने कहा कि नगर परिषद फुसरो की मनमानी नही चलने दी जाएगी। इस अवसर पर मोहम्मद कलाम खान, विनोद चौरसिया, विजय सिंह, मनोज सिंह, अमन वर्णवाल, दीपक गिरि,अनिल गुप्ता, मनोज रवानी, रविंद्र सिंह,आशुतोष कुमार मूलचंद खुराना, आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

वायु प्रदूषण नेटवर्क कार्यशाला का आयोजन

बेरमों : बेरमों में स्विच ऑन फाउंडेशन के सौजन्य से काब्य कुटुंब ढोरी बोकारो द्वारा वायु प्रदूषण नेटवर्क कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमे सैकड़ों ग्रामीण पुरूष व महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि गिरीडीह के पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय ने भाग लिया। पांडेय ने कहा कि केवल भारत ही नहीं पूरी दुनिया में पर्यावरण एक गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। पेड़ो की लगातार कटाई, कल कारखाने का धुंआ और कचड़ा ,पलास्टिक का उपयोग जिससे प्रदूषण पूरी तरह प्रभावित कर रहा है। कहा कि हम अपनी जरूरतों के लिए प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करे लेकिन उनकी भरपाई भी करे. वायु प्रदूषण को रोकने के लिए अन्य उपायों के अलावा वृक्षारोपण सबसे जरूरी और कारगर उपाय है। कहा कि संस्था इस क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। संस्था के महासचिव श्याम कुंवर भारती ने कहा कि वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ने से जैविक विविधता में संकट आ गया है। इसकी मात्रा को कम करने के जरूरी उपाय किए जाने चाहिए। साथ ही अपने घर के आस- पास और घर को साफ सुथरा रखने की जरुरत है। कहा कि पानी को उबालकर और छानकर पीएं. फल, फूल, सब्जियो और अनाज को धोकर ही उपयोग करे. कहा कि जैविक खेती पर बल देने की जरूरत है। रासायनिक खादों का उपयोग कम करना है। मौके पर श्रीकांत सिंह यादव, पूर्व वार्ड पार्षद कविता कुमारी, पार्षद प्रतिनिधि उमेश रवि, अंजू देवी, दिनेश सिंह, शंकर सिन्हा, अशोक रवि आदि दर्जनो लोग मौजुद थे।

संपादकीय

हवाई चुंबन से घायल स्मृति ईरानी

राहुल गांधी ने अविश्वास प्रस्ताव पर बोलने के बाद संसद में लोकसभा सदस्य की तरफ एक हवाई चुंबन क्या दिया, इससे केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी घायल हो गयीं। दरअसल गड़बड़ी यह हो गयी है कि वैकल्पिक मीडिया इनदिनों बहुत खोजी हो गया है और अपने भाषण के दौरान भी बहुत कम समय तक दिखाये गये राहुल गांधी के इस कृत्य के वीडियो का वह हिस्सा खोजा गया, जिसमें पता चलता है कि स्मृति ईरानी उनके सामने भी नहीं बैठी थी। इसके बाद भी वह इसे महिलाओं का अपमान मान बैठी और कहा कि दरअसल राहुल गांधी ने अभद्र व्यवहार किया है। अमेठी से लेकर गोवा तक के राज सामने आने के बाद खुद स्मृति ईरानी जनता की नजरों में संदेह के घेरे में है। केंद्रीय मंत्री ने शोभा करंदलाजे और अन्य महिला सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र में कहा गया है कि गांधी ने अशोभनीय तरीके से व्यवहार किया और स्मृति ईरानी के प्रति अनुचित इशारे किए जब वह सदन को संबोधित कर रही थीं। भाजपा सांसद शोभा करंदलाजे ने कहा, यह पहली बार है जब हमने सदन में किसी सांसद का ऐसा व्यवहार देखा है. उन्होंने सदन में महिला सांसदों की ओर फ्लाइंग किस का इशारा किया, यह अस्वीकार्य है। हमने उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष से शिकायत की है। एक अन्य भाजपा सांसद दर्शना जरदोश ने कहा, ह्यजब उन्होंने (राहुल गांधी) जाते समय फ्लाइंग किस दिया तो हमें अच्छा नहीं लगा। हम संसद में ऐसी चीजें बर्दाश्त नहीं करेंगे। लोकसभा सांसद के रूप में बहाल होने के बाद सदन में लौटते ही राहुल गांधी ने बुधवार को पहली बार संसद को संबोधित किया। 2018 में मोदी सरकार के खिलाफ आखिरी अविश्वास प्रस्ताव के दौरान हुए अपने प्रसिद्ध गले लगाने और आंख मारने की याद दिलाते हुए, गांधी ने लोकसभा से बाहर निकलते समय कथित तौर पर इसी तरह का इशारा किया था। राहुल गांधी के कथित फ्लाइंग किस इशारे के बाद, स्मृति ईरानी ने अविश्वास प्रस्ताव पर अपने भाषण के दौरान गांधी का नाम लिए बिना उन पर हमला बोला। जिस व्यक्ति ने मुझसे पहले बात की उसने दुर्व्यवहार किया। केवल स्त्री-द्वेषी पुरुष ही महिला सांसदों को फ्लाइंग किस का इशारा कर सकता है। इससे पता चलता है कि वह किस खानदान से आते हैं और उनका परिवार और पार्टी महिलाओं के बारे में क्या सोचते हैं। देश की संसद में ऐसा अशोभनीय आचरण पहले कभी नहीं देखा गया। गांधी के बचाव में आगे आते हुए, कांग्रेस ने कहा कि उन्होंने कभी भी महिलाओं का अपमान नहीं किया और भाजपा उन पर कदाचार का आरोप लगाकर अशोभनीय कार्य कर रही है क्योंकि वह मणिपुर हिंसा पर बहस नहीं चाहती है। लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक मनिकम टैगोर ने ईरानी पर राहुल-फोबिया से पीड़ित होने का आरोप लगाया और उनसे इससे बाहर आने को कहा। टैगोर ने कहा, स्मृति ईरानी ह्यराहुल फोबिया से ग्रस्त हैं और उन्हें इससे बाहर निकलने की कोशिश करनी चाहिए। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कहा, जो लोग इसमें शामिल हुए और इसे देखा, वे सभी इसे मानव जाति और प्रेम और स्नेह का प्रतीक बता रहे हैं। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी गांधी का बचाव करने की मांग करते हुए कहा, मैं दर्शक दीर्घा में थी और उन्होंने (राहुल गांधी) ने स्नेह के संकेत के रूप में ऐसा किया। वे (भाजपा) प्यार को स्वीकार नहीं कर सकते। वे इसके बारे में बुरा क्यों महसूस कर रहे हैं? यह सिर्फ एक वास्तविक इशारा था, यही उन्होंने किया। जैसे उन्होंने कहा मोहब्बत की दुकान। आप लोगों को नफरत की आदत हो गई है, इसलिए आप ऐसा नहीं कर पा रहे हैं मोहब्बत स्वीकार करने के लिए। झारखंड की कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा के मुताबिक गांधी ने हमेशा महिलाओं का सम्मान किया है और उनका व्यवहार हमेशा अच्छा रहा है। दिल्ली महिला आयोग की स्वाति मालीवाल ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के इस आरोप पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की कि एक कथित फ्लाइंग किस ने इतनी आग भड़का दी। बृजभूषण नाम का एक व्यक्ति दो पंक्ति में पीछे बैठा है। जिसने ओलंपिक पहलवानों को कमरे में बुलाया और उनके सीने पर हाथ रखा, उनकी कमर पर हाथ रखा और उनका यौन उत्पीड़न किया. उसने जो किया उस पर तुम्हें गुस्सा क्यों नहीं आता? स्वाति मालीवाल ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा। वैसे देश ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी को छत पर से भाजपा का नारा लगाते भाजपा समर्थकों को भी फ्लाईंग किस देते देखा गया था। पहले सिर्फ मेन स्ट्रीम टीवी चैनलों की वजह से जनता को जो जानकारी परोसी जाती थी, अब वह बेकार की चीज हो चुकी है। इसलिए जनता के दिलों पर स्मृति ईरानी के आरोपों का कोई असर होगा, यह सोचना ही बेमानी है। मणिपुर पर पूरे देश का ध्यान है, इसे समझना होगा।

अंग्रेजों भारत छोड़ो की याद दिलाता अगस्त का ये दिन

अब गतांक से आगे.. .. ..

ऐसी परिस्थितियों के बीच एक बार फिर कांग्रेस कार्यसमिति सक्रिय हुई और उसकी बैठक 27 अप्रैल 1942 को इलाहाबाद में गांधीजी की अनुपस्थिति में हुई। मीरा बहन के मार्फत गांधीजी द्वारा भेजा गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। कांग्रेस कार्यसमिति की 07 जुलाई 1942 को वर्धा में आयोजित बैठक में गांधीजी ने पुनः पूर्ण स्वतंत्रता की मांग को दोहराया और बहुत मुश्किल से कार्यसमिति के सदस्यों को वे 'अंग्रेज भारत छोड़कर चले जाएं' मांग मनवाने में सफल हुए। कांग्रेस के बड़े नेताओं का मानना था कि अव्वल तो अंग्रेज आसानी से भारत छोड़कर जाने वाले नहीं हैं और इस वक्त अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सत्याग्रह शुरू करने से भारत मित्र राष्ट्रों की सहानुभूति खो देगा। गांधीजी अपने अकाट्य तर्कों से नेहरूजी सहित सभी नेताओं को यह समझाने में सफल हुए कि उनके प्रस्ताव से ही साम्राज्यवादी सरकारी हठधर्मी का , जो भारत को कठिन परिस्थितियों में जापान के हवाले कर देना चाहती है, मुकाबला किया जा सकता है। अंततः कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से एक बार फिर अपने प्रिय नेता महात्मा गांधीका 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। सेवाग्राम वधार्में पारित प्रस्ताव केअनुरूप सातव आठ अगस्त को मुंबई में कांग्रेस महासमिति की बैठक हुई। महा समिति ने भारत की स्वतंत्रता को फौरन स्वीकार करने , एशिया तथा अफ्रीका की जनता को साम्राज्यवादी दासता से मुक्त करने , विभिन्न दलों के सहयोग से अस्थायी सरकार की स्थापना आदि प्रस्तावों को मंजूरी दी । कांग्रेस महासमिति की बैठक सार्वजनिक रूप से हुई और यह प्रस्ताव आठ अगस्त को देर रात में जाकर पारित हुआ। गांधीजी ने स्वप्रेरित लंबा भाषण दिया ,जिसकी कोई तैयारी उन्होंने पहले से नहीं की थी। गांधीजी ने जनता से करेंगे या मरेंगे का आह्वान किया , आंदोलन शुरू करने से पहले एक बार पुन वाइसराय से मुलाकात कर पूर्ण स्वतंत्रता की मांग दोहराने का अपना निर्णय सुनाया और तब तक आम जनता से उनके रचनात्मक कार्यक्रम को जारी रखने का सुझाव दिया। दूसरे दिन पौ फटते तक गांधीजी सहित कांग्रेस के सभी प्रमुख नेता गिरफ्तार कर लिए गए। गांधीजी और उनके सचिव महादेव भाई देसाई, कस्तूरबा गांधी , सुशीला नैयर, सरोजिनी नायडू को पूना के आगा खान पेलेस में नजरबंद कर दिया गया। नेहरू , मौलाना आजाद, सरदार पटेल, कृपलानी आदि नेताओं को अहमदनगर के किले में बंद कर दिया गया।

अरुण कुमार डनायक
स्तंभकार

भारत छोड़ो आन्दोलन को कुचल देने में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। सत्याग्रहियों को जेलों में बंद कर दिया गया। उन्हें समाचार पत्र जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित कर दिया गया। नेताओं की गिरफ़्तारी से जनता में विद्रोह की भावना भड़क उठी , देश भर में लगभग एक सप्ताह तक आम हड़ताल कर सारा कारोबार ठप्प कर दिया गया।

सुचेता कृपलानी, सादिक अली, मृदुला साराभाई सहित बहुत से नेता भूमिगत हो गए और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यालय का संचालन गुप्त तरीके से करने लगे। इन नेताओं ने मुंबई से देश भर में धन, आदेश व समाचार भिजवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अरुणा आसफ अली , अच्युत पटवर्धन, जय प्रकाश नारायण आदि समाजवादियों ने भूमिगत रहते हुए गुप्त रेडियो स्थापित किया। जनता भी नेतृत्व विहीन होने के बावजूद आंदोलन को सक्रियता से चला रही थी। युवक झ्रयुवतियों ने , जिनकी कोई खास राजनैतिक पृष्ठभूमि नहीं थी, विलासिता पूर्ण जीवन छोड़कर सत्याग्रह में भाग लिया और गिरफ्तार होने पर असीम यातनाएं सही। बलिया, मेदिनीपुर, चौबीस परगना आदि स्थानों पर अंग्रेजों का शासन बिल्कुल समाप्त कर दिया गया।

अहिंसक सत्याग्रहियों पर पुलिस ने बहुत जुल्म ढाए, जेल में बंदकर उन्हें यातनाएं दी गई, स्त्रियों के साथ बलात्कार किए गए। महादेव देसाई और कस्तूरबा गांधी की जेल में मृत्यु हो गई। भारत मंत्री ने स्वीकार किया कि चार माह के अंदर ही हजार से ऊपर व्यक्ति पुलिस की गोली का शिकार हुए,लगभग चार हजार लोग पुलिस की मार से गंभीर रूप से घायल हुए। पुलिस के आतंक ने प्रतिहिंसा को जन्म दिया। बहुत से स्थानों पर जनता ने पुलों व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, रेल पटरियाँ उखाड़ दी गई, पुलिस स्टेशनों को आग के हवाले कर दिया गया , कुछ स्थानों पर तो अफसरों को जान से हाथ भी धोना पड़ा। बड़े कांग्रेसी नेताओं के गिरफ्तार हो जाने और पुलिसिया आतंक के बावजूद यह आंदोलन डेढ़ वर्ष तक चलता रहा। यह तो नहीं कहा जा सकता कि यह आंदोलन अपने तात्कालिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल हुआ। सरकार ने अत्याधिक बाल प्रयोग कर आंदोलन को तो दबा दिया पर वह जन भावनाओं को दबाने में सफल नहीं हो पाई। अंग्रेजी हुकुमत के अधिकारियों और ब्रिटिश सरकार के मन में भी यह विचार पनपने लगा था कि भारवासियों की स्वतंत्र होने की इच्छा को अब और अधिक दबाया नहीं जा सकता है।

.. ..समाप्त।

रेल विकास

कुछ हकीकत भी है या कि केवल फसाना ?



निर्मल रानी
स्तंभकार

भारत सरकार द्वारा भारतीय रेल के इतिहास में गत 6 अप्रैल (रविवार) का दिन भी एक बहु प्रचारित व लोकलुभावन आयोजन दिवस के रूप में दर्ज हो गया। इस दिन वीडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'अमृत भारत स्टेशन योजना' का शिलान्यास किया।। सरकार द्वारा हजारों करोड़ रुपए खर्च कर देश के प्रधानमंत्री के चित्र लगे सम्पूर्ण प्रथम पृष्ठ के विज्ञापन पूरे देश के सभी छोटे बड़े,मंझले,क्षेत्रीय व राष्ट्रीय समाचारपत्रों में प्रकाशित कराये गए। विज्ञापन में बताया गया था कि सरकार 25 हजार करोड़ की लागत से देश के 508 रेलवे स्टेशन की नवनीकरण योजना शुरू करने जा रही है। इनमें राजस्थान के 55 स्टेशन आधुनिक बनाये जायेंगे। जबकि 990 करोड़ की लागत से असम के 32 स्टेशंस का काया कल्प होगा। 1057 करोड़ खर्च कर पंजाब में 22 स्टेशन आधुनिक बनाये जायेंगे। उत्तर प्रदेश में साढ़े चार हजार करोड़ रुपये खर्च कर 55 अमृत स्टेशन को विकसित करने की योजना है तो मध्य प्रदेश में 1 हजार करोड़ रुपए के खर्च से 34 स्टेशन्स का कायाकल्प करने का प्रस्ताव है। महाराष्ट्र में 44 स्टेशन्स के विकास के लिए डेढ़ हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च होंगे। 608 करोड़ की लागत से हरियाणा के भी 15 स्टेशन का कायाकल्प किया जायेगा। इनमें अंबाला शहर ,कालका ,रेवाड़ी ,भिवानी ,बहादुरगढ़ ,रोहतक ,फरीदाबाद ,नारनौल ,सिरसा,सोनीपत ,जींद ,यमुनानगर जैसे स्टेशन मुख्य रूप से शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इन चिन्हित किये गए 'अमृत रेलवे स्टेशंस' पर आगमन और प्रस्थान प्लाजा, एक्जीक्यूटिव लाउंज, कॉनकोर्स एरिया, लिफ़्ट और एस्केलेटर, फूड कोर्ट, शॉपिंग मॉल, कैफेटेरिया, प्ले एरिया, ग्रीन बिल्डिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, कचरे के प्रसंस्करण, वर्षा जल संचयन, बैगेज स्कैनर, कोच इंडिकेशन बोर्ड, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं समेत आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उम्मीद की जा रही है कि 'अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास' योजना से देश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे जिससे आर्थिक और सामाजिक विकास भी होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजना के शुभारंभ के अवसर फिर यह दावा दोहराया कि -'भारत विकसित होने के लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ा रहा और देश अपने अमृत काल के प्रारंभ में है। उन्होंने कहा कि देश में नई ऊर्जा है, नई प्रेरणा है, नए संकल्प हैं और इसी आलोक में आज भारतीय रेल के इतिहास में भी एक नए अध्याय की शुरूआत हो रही है। गौरतलब है कि भारत के लगभग 1300 प्रमुख रेलवे स्टेशन को अमृत भारत रेलवे स्टेशन के तौर पर विकसित किए जाने की योजना है। इसी के प्रथम चरण में 25 हजार करोड़ की लागत से देश के 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की शुरूआत की गयी है।

सत्ता व भाजपा समर्थकों द्वारा इस आयोजन को न केवल विज्ञापनों द्वारा बल्कि आलेखों व संवाददाता सम्मेलनों के द्वारा भी खूब प्रचारित किया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना में देश के चिन्हित किये गये सभी 508 रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर समारोह आयोजित किये गए जिन्हें एक ही समय पर प्रधानमंत्री ने संबोधित किया। आइये हरियाणा के एक ऐसे ही एक अमृत भारत स्टेशन 'अंबाला शहर' के आयोजन दिवस के वृतांत पर नजर डालते हैं। सरकार वंदेभारत चलाकर अपनी पीठ स्वयं ठोकती रहती है। कभी इनके अधिकारियों को जनसेवा जैसी अनेक दूरगामी सवारी गाड़ियों की स्थिति पर भी नजर डालनी चाहिये। जिसमें शौचालय तक में यात्री घुसे रहते हैं और शौचालय को अंदर से बंद भी कर लेते हैं। जहर खुरानी के मामले देश भर में आज भी होते हैं। यात्रियों का सामन सफर के दौरान सुरक्षित नहीं। स्टेशन पर मिलने वाली खाद्य व पेय सामग्री शुद्ध व स्तरीय नहीं होती। कई बड़े स्टेशन पर कुली सवारियों को ट्रेन में ठूंस कर उनसे सैकड़ों रुपए वसूलते हैं।

> **सत्ता व भाजपा समर्थकों द्वारा इस आयोजन को न केवल विज्ञापनों द्वारा बल्कि आलेखों व संवाददाता सम्मेलनों के द्वारा भी खूब प्रचारित किया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना में देश के चिन्हित किये गये सभी 508 रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर समारोह आयोजित किये गए ।**

ईश्वर के दर्शन

प्रेरक प्रसंग

एक राज्य के राजा जिद पकड़ ली की उसे ईश्वर के दर्शन करने हैं, और राजा ने इसके बारे में दरबारियों से उपाय माँगा, की किस प्रकार ईश्वर का दर्शन किया जाए। दरबारियों ने जवाब दिया की महाराज यह कार्य तो मंत्री जी ही कर सकते हैं।

तो फिर क्या था, राजा ने यह कार्य मंत्री जी को सौप दिया, और मंत्री से कहां की हमें ईश्वर के दर्शन कराया जाये, नहीं तो मंत्री जी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। मंत्री बेचारे घबरा गए, उन्होंने राजा से एक माह की मोहलत मांगी।

फिर दिन पे दिन बीतते गए परन्तु बेचारे मंत्री को कुछ उपाय ही नहीं सूझ रहा था, चिंता में अपना खाना-पीना भी कम कर दिए थे, इस वजह से वे दुबले पतले होने लगे,मंत्री जी की पत्नी ने अपने पति की इस हालत को देखते हुए उन्हें ये सलाह दिया की आप किसी संत बाबा के पास चले जाएँ, सायद समस्या का कोई हल मिल जाये।फिर क्या था बेचारे मंत्री जी किसी अच्छे संत की तलाश में निकल गए, तलाश करते-करते कई दिन गुजर गए पर ऐसा कोई नहीं मिला जो मंत्री जी की समस्या का हल कर पाता।

एक दिन वह जंगल के पास से गुजर रहे थे, गर्मी और धुप इतनी थी की वे थके हारे और पूरी तरह चिंता में डूबे, सुस्ताने के लिए एक पेड़ के छाव के निचे बैठ गए और उसकी आँख लग गयी।

कुछ देर बाद किसी ने मंत्री को जगाया, मंत्री ने आँख खोल कर देखा की सामने एक सन्यासी खड़ा हुआ है। सन्यासी को पानी चाहिए था सो मंत्री ने पानी दिया। सन्यासी से मंत्री के चिंतित चेहरे को देखते हुए पूछा की क्या बात है तुम बहुत उदास दिखाई दे रहे हो। इस पर मंत्री महोदय ने सन्यासी को सारी बात बता दी। मंत्री की बात सुनकर सन्यासी ने कहा की आप चिंता ना करें, मुझे अपने साथ ले चलें, मैं आपके राजा को ईश्वर के दर्शन करा दूंगा। .. ..**जारी।**

जानकारी

कुफरी



शिमला के पास स्थित यह स्थान भी एक छोटा पहाड़ी इलाका है जहां यात्री मुख्य रूप से हाईकिंग, ट्रैकिंग आदि जैसी रोमांचित गतिविधियों के लिए लोकप्रिय है। लोग यहाँ अपनी यात्रा को रोमांचित करने आते है। शिमला की बर्फबारी देखने का मौका भी आपके हाथ लगेगा। ये जगह प्राकृतिक बगीचों व पिकनिक स्पॉट के तौर पर भी प्रसिद्ध है। अप्रैल से जून का समय व दिसंबर से फरवरी का समय यहां आने का सबसे उचित समय है ताकि आप बर्फबारी के समय स्किइंग का लुत्फ उठा सकेंगे।

मॉल रोड

यह बाजार लकड़ी से बनी वस्तुओं के लिए मशहूर है। अगर आप शिमला आऐं हैं और अपने साथ यहाँ की कुछ स्थानीय वस्तुओं को स्मृति के तौर पर अपने साथ ले जाना चाहते है तो यहाँ से आप अपनी पसंद की वस्तु ले जा सकते हैं। बच्चों के लिए लकड़ी से बने खिलौने लेना भी अच्छा विकल्प है। स्थानीय भोजन का स्वाद चखने के लिए आप यहाँ आ सकते हैं।

साइबर दुनिया

ZTE Blade A73 5G फोन 5000mAh बैटरी, 90Hz डिस्प्ले के साथ लॉन्च

नई दिल्ली : TE की ओर से Blade A73 5G लॉन्च किया गया है। कंपनी ने इसे मलेशिया में पेश किया है। यह Blade A72 5G का सक्सेसर है जिसे कंपनी ने जून 2022 में लॉन्च किया गया था। ZTE Blade A73 5G में एचडी प्लस डिस्प्ले है। इसमें 90 हट्र्ज का रिफ्रेश रेट दिया गया है। फोन में बड़ी बैटरी दी गई है। फोन में Unisoc T760 चिपसेट दिया गया है। फोन एंड्रॉयड 13 पर चलता है। आइए इसकी कीमत और स्पेसिफिकेशंस के बारे में जानते हैं।

ZTE Blade A73 5G price and availability

ZTE Blade A73 5G की कीमत MYR 749 (लगभग 13 हजार रुपये) है। फोन को सिंगल कलर ग्रे में लॉन्च किया गया है। यह अन्य मार्केट्स में कब दस्तक देगा, अभी इस बारे में कंपनी की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

ZTE Blade A73 5G specifications

ZTE Blade A73 5G में 6.52 इंच की आईपीएस एलसीडी डिस्प्ले दी गई है। फोन में एचडी प्लस रिजॉल्यूशन वाला पैनल है। यह 90Hz रिफ्रेश रेट दिया गया है। यह एंड्रॉयड 13 डर के साथ आता है। फोन में 4 जीबी रैम दी गई है। यह 4 जीबी एक्सपेंडेबल रैम को भी सपोर्ट करता है। इसमें 128 जीबी स्टोरेज दी गई है। डिवाइस में 5000mAh बैटरी दी गई है। प्रोसेसिंग के लिए Unisoc T760 चिपसेट इसमें मिलता है। कैमरा डिपार्टमेंट की बात करें फोन में रियर में 50 मेगापिक्सल का कैमरा मिलता है। यह इसका मेन कैमरा है। साथ में 2 मेगापिक्सल डेप्थ सेंसर भी दिया गया है। जिसके साथ में एलईडी फ्लैश भी है। सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए फोन में 5 मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है।

टॉप ट्वीट

"फडणवीस के जन्मदिन के अवसर पर 'देवेंद्र सेवा सप्ताह' के अंतर्गत छत्रपति संभाजीनगर में एक भव्य निःशुल्क महाआरोग्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। श्री फडणवीस 13 अगस्त को इस स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करेंगे।"

संजय केनेकर
भाजपा महाराष्ट्र के महासचिव

"थैंक्यू फरहान और रितेश मुझपर विश्वास करने के लिए और मुझे यह सम्मान देने के लिए. मैं उम्मीद करता हूं कि आपके विश्वास पर खरा उतर सकूंगा।"

रणवीर सिंह
बॉलिवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

आदिवासियों को रिझाने निकले राजनीतिक दल

राजस्थान में विधानसभा चुनाव दहलीज पर खड़ा है ।आदिवासी दिवस मनाने राहुल गांधी राजस्थान के मानगढ़ धाम पहुंचे ।कांग्रेस के 70 साल के शासनकाल में आदिवासियों की स्थिति जैसे थे कि रही है ।आदिवासियों का शोषण होता आ रहा है ।राहुल गांधी ने आदिवासियों को देश का पहला निवासी बताते हुए उनको रिझाने निकले है ।कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण की भावना से कभी उभर ही नही सकी है ।चुनाव की नजदीकियां आदिवासियों के समीप जाने के लिए कांग्रेस को मजबुर कर रही है ।जवाहरलाल नेहरू से लेकर अब तक के शासनकाल में कांग्रेस ने आदिवासियों के सामाजिक स्तर पर कोई बुनियादी जरूरत की पूर्ति की है तो कांग्रेस देश को बताए ।वनवासी कांग्रेस की देन है ।कांग्रेस के शासन काल मे गरीबी और शोषण,आर्थिक और तकनीकी पिछड़ापन,सामाजिक सांस्कृतिक बाधाए और गैर आदिवासियो के साथ घुलने मिलने की समस्यायएआजादी के 75 साल बाद मुह फाड़े खड़ी है ।कांग्रेस ने आदिवासियों के उत्थान के लिए कोई योजनाएं बनाई हो तो देश को सार्वजनिक की जाए। सौ करोड़ की योजना लेकर आए अशोक गहलोत हथेली में चांद दिखाने की सोच रहे है ।झारखंड में आदिवासियों से जंगलो से खदेड़ दिया गया और प्रवासन के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ।राजस्थान में पिछले साल पीएम मोदी ने आदिवासियों को इसी मानगढ़ धाम में संबोधित किया गया था ।आज कांग्रेस ने चुनावी अलख जगाई है। देखना है आदिवासी किस पार्टी से ज्यादा नाराज है।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

शहर >> अपडेट

निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया

हजारीबाग : हजारीबाग एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा गुरुवार को चट्टी बरियातु ग्राम के पंचायत भवन में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में कुल 167 ग्रामीणों का स्वास्थय जांज कर दवाइयां दी गई। एनटीपीसी के स्वास्थ्य विभाग के डॉ सेरण और महिला डॉक्टर ने मरीजों की जांज कर उन्हें गर्मी के मौसम में होने वाली आम बीमारियों से बचने के लिए सुझाव दिए।

सिटी अपडेट्स >>

दिल्ली में लोकसभा सचिवालय ने आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक अंबा

हजारीबाग : हजारीबाग दिल्ली में लोक सभा सेक्रेट्रीएट पार्लियामेंट्री रिसर्च एंड ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी द्वारा लोकतंत्र की यात्रा नामक कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें महिला विधायकों के उन्मुखीकरण एवं उत्तरदायित्व पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 9 और 10 अगस्त किया गया है। झारखंड विधानसभा सचिवालय द्वारा इस संदर्भ में पत्र प्रेषित कर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को भी लोकसभा सचिवालय द्वारा आयोजित ओरियंटेशन प्रोग्राम विषय पर आयोजित प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु मनोनीत किया गया जिसके बाद विधायक अंबा दिल्ली में प्रशिक्षण में भाग ले रही हैं। इस संदर्भ में विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महिलाओं के उन्मुखीकरण एवं उत्तरदायित्व पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सकारात्मक पहल है तथा इस प्रकार से कार्यक्रम से महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता बढ़ेगी।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

फाईलेरिया से मुक्ति के लिए जिले में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान का शुभारंभ

हजारीबाग : हजारीबाग राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरूवार 10 अगस्त 23 को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए)-2023 अभियान का शुभारंभ उप विकास आयुक्त प्रेरणा दिक्षित के द्वारा दिप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक भयंकर बीमारी है किन्तु इसका बचाव आसान है। याद रहे हाथी पांच एक लाइलाज बीमारी है जो मनुष्य को विकलांग बना देती है किन्तु कार्यक्रम के दौरान दवा का एक खुराक का सेवन किया जाय तो इस बीमारी से बचा जा सकता है इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लक्षित आबादी को दवा खुराक तालिका के अनुसार फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी टैबलेट एवं कृमिनाशक दवा अलबेंडजोल टैबलेट की एकल खुराक का सार्वजनिक सेवन निश्चित रूप से कराकर जन समुदाय को फाइलेरिया मुक्त बनाना है। मौके पर लोगों को फाइलेरिया के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त द्वारा स्वयं दवा खाकर आमजनों को दवा सेवन करने का संदेश दिया। इस अवसर पर सिविल सर्जन हजारीबाग द्वारा समारोह को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि जिला के 09 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (बरही बरकट्ठा, बडकागांव, चौपारण, इचाक कटकमसाण्डी, केरेडारी, विष्णुगढ़ एवं सदर हजारीबाग जिनका गाइक्रोफाइलेरियम दर 01 के अधिक है। यह कार्यक्रम 10-25 अगस्त, 2023 तक चलाया जाएगा। वहीं 10 अगस्त को कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बूथ पर तथा 11-25 अगस्त तक घर-घर जाकर दवा सेवन कराया जाएगा। यह दवा सेवन स्वास्थ्य कर्मियों, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका एवं सामुदायिक स्वयं सेवकों द्वारा कराया जाएगा।

बैठक डीएमएफटी के प्रबन्धकीय समिति की बैठक सम्पन्न, दिये गये आवश्यक निर्देश

प्राथमिक क्षेत्र की योजनाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित करें उपायुक्त : नैंसी सहाय

- जनहित की कई योजनाओं स्वीकृत, कार्य में तेजी लाने का निर्देश
- प्राथमिक विद्यालयों में चहारदीवारी निर्माण का प्राक्कलन कर प्रस्ताव का निर्देश दिया

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग डीएमएफटी के प्रबन्धकीय समिति की बैठक गुरूवार को उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में डीएमटी के तहत संचालित स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण सहित सिंचाई, पर्यावरण एवं स्वच्छता आदि के क्षेत्र में बेहतरी के लिए विविध योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। मौके पर स्वास्थ्य सुविधा को सदृढ करने के निमित पारा मेडिकल स्टाफ के लिए प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में उपलब्ध बल एवं संसाधनों का उपयोग करते हुए प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक, पैथोलॉजी लैब, लिफट एरिया, पैड्रियाटिक वार्ड के मॉडीफिकेशन कार्य के लिए संबंधित मेडिकल स्टाफ/चिकित्सक से समन्वय करके आश्वयकता के अनुसार प्राक्कलन प्रतिवेदित करने का निर्देश कार्यकारी एजेंसी जिला परिषद को उपायुक्त द्वारा दिया गया। वहीं सीएचसी केरेडारी एवं पीएचसी दारू केन्द्र का उन्नयन में वर्तमान आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में शिक्षा विभाग अन्तर्गत प्राथमिक मध्य एवं उच्च विद्यालय के सुदृढ़ीकरण हेतु चयनित चहारदीवारी, शौचालय, भवन का जीर्णोद्धार, पुस्तकालय आदि के कार्य हेतु चयनित लगभग 15 योजनाओं का प्राक्कलन तैयार करते हुए शेष प्रक्रिया पूर्ण कर योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश कार्यकारी एजेंसियों को दिया गया। वहीं प्रथम चरण में पांच प्राथमिक विद्यालयों में चहारदीवारी निर्माण का प्राक्कलन कर प्रस्ताव प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने कार्य में संलग्न कार्यकारी एजेंसियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि खासकर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आंगनबाड़ी के निर्माण, जीर्णोद्धार, उन्नयन आदि की योजनाओं में हर हाल में गुणवत्ता सुनिश्चित करायें। उन्होंने जिला पुस्ताकालय केन्द्र को एक सप्ताह के अंदर में जनता को समर्पित करने के डेडलाईन का अनुपालन करने का निर्देश जिला अभियंता को दिया ताकि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आमजनों के लिए खोला जा सके। मौके पर डीएमएफटी से भवनहीन 52 आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु समाज कल्याण पदाधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव पर सहमती प्रदान करते हुए विशेष प्रमण्डल विभाग को मॉडल प्राक्कलन के आधार पर एवं संबंधित अंचलाधिकारियों से समन्वय बनाकर विवादरहित भूमि चिन्हित कराते हुए निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त डीएमएफटी मद से मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्रों को उपलब्ध कराये गये संसाधनों का सदुपयोग के लिए समाज कल्याण पदाधिकारी को निदेशित किया।

जन्म-मृत्यु निबंधन कैंप का निरीक्षण करने पहुंचे बीडीओ

राष्ट्रीय खबर

पीरटांड़ : पीरटांड़ प्रखंड के खरपोका पंचायत एवं तुइयो में गुरुवार को जन्म-मृत्यु निबंधन कैंप का आयोजन किया गया।जिसका ओचक निरीक्षण करने प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मरांडी पहुँचे ओर उपस्थित सभी कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।मौके पर बीडीओ ने बताया कि जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में 1 से 5 वर्ष तक बच्चो को आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा चिन्हित कर फॉर्म भरा जायेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले 5 वर्ष के दरम्यान अगर बच्चो का जन्म प्रमाण पत्र यदि नहीं बना हो, तो एएनएम, सहिया के द्वारा फॉर्म भरा जायेगा। 5 वर्ष से ऊपर के बच्चों का विद्यालय में नामांकन के अनुसार जन्म प्रमाणपत्र बनाया जाएगा, ऐसे में प्रधानाध्यापक के द्वारा विशेष अभियान चलाकर बच्चों का सूची तैयार करना हैं। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने खरपोका एवं तुइयो पंचायतों में चल रहे सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया

हरित आईसेक्ट -2023 के तहत 2000 पौधे लगाने का लक्ष्य

आईसेक्ट विश्वविद्यालय परिसर में किया गया पौधारोपण

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस परिसर में पौधरोपण किया गया। इसकी शुरूआत आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद व डीन एडमिन डॉ एसआर रथ के हाथों आम के पौधे लगाकर किया गया।

बता दें कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से हरित आईसेक्ट -2023 के तहत 1 अगस्त से 15 अगस्त के बीच 2000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत बुधवार और गुरुवार को विभिन्न फलों व अन्य वृक्षों के 500 पौधे लगाए गए। इस मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि बढ़ रहे प्रदूषण से बचने और पृथ्वी को बचाने के लिए पौधारोपण और उसकी देखभाल आवश्यक है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि वृक्ष हमेशा ही मनुष्य के लिए अहम रहें हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण मानव अस्तित्व के लिए आवश्यक है। ग्लोबल वार्मिंग, प्रदुषण, जल संकट समेत अन्य समस्याओं का एक मात्र उपाय पौधारोपण है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक आईसेक्ट विश्वविद्यालय में 2000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। मौके पर विश्वविद्यालय के कई प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों की मौजूदगी रही।

किक बॉक्सिंग के सफल खिलाड़ियों को युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी बीते 6 महीना में खेल को लेकर काफी उत्साह में नजर आ रहे हैं हर क्षेत्र में खिलाड़ी शहर का नाम रौशन कर रहे हैं। इसी क्रम मे बीते 6 अगस्त को झारखंड की राजधानी रांची में राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शामिल हुए। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाते हुए हजारीबाग का नाम रौशन करते हुए कुल 11 खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान हासिल किया। जिसके बाद गुरुवार को शहर के युवा समाज हर्ष अजमेरा ने अपने कार्यालय सभागार में सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सम्मानित के उपरांत सभी खिलाड़ियों के चेहरे पर एक अलग खुशी देखने को मिली। इन सभी खिलाड़ियों में सबसे छोटी 8 वर्ष की ऐशिका रॉय शामिल है। सभी खिलाड़ी 23 अगस्त को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए रवाना होंगे। मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने सभी सफल खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब शिक्षा के साथ-साथ खेल की ओर यूं ही अग्रेषित होते रहे हम सब आपके साथ सदैव खड़े हैं। हमारी अग्रिम शुभकामनाएं हैं की आप सब राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में झारखंड तथा हजारीबाग का नाम रौशन करें। सफल खिलाड़ियों में मनीष राज, ओंकार कुमार, ध्रुव कुमार, संकल्प ज्ञानी, ऐशिका रॉय, अमन गोस्वामी, मंदाकिनी यादव, अनमोल गिरी, आभा सिन्हा, श्रेया चौधरी, आर्यन कुमार शामिल है। मौके पर सचिव चंद्र प्रकाश उपाध्याय ने युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आपकी मार्गदर्शन में बच्चे एक नई कृतिमान को हासिल करेंगे।

डीईसी की गोली खिलाकर फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड में सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अभियान की शुरूआत बड़कागांव सीएचसी परिसर में डॉ0 अविनाश एवं डॉक्टर त्रिशला के नेतृत्व में डीईसी की गोली खिलाकर की गई। साथ ही साथ एक-एक कृमि नाशक गोली दी गई। वही कार्यक्रम की शुरूआत उप प्रमुख वचन देव कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही साथ फाइलेरिया पेशेंट पूनम देवी सोमारी देवी चिड़िया देवी मनी देवी को एमएमटीपी किट दिया गया जिसमें साबुन, तोलिया, जग के साथ-साथ आवश्यक दवाई थी। अभियान के संबंध में डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया जाएगा जिसकी शुरूआत सीएचसी पीएचसी एचएससी एवं आंगनबाड़ी केदो में बूथ स्तर पर किया गया वही 11 अगस्त को सभी विद्यालयों में जाकर बच्चों को फलेरिया की दवा की खुराक देनी है साथी साथ 12 से 25 अगस्त के बीच घर घर जाकर फाइलेरिया की दवा की खुराक के साथ-साथ कृमि नाशक दवा भी खिलाना है इससे फाइलेरिया मुक्त राज्य व देश हो सके। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया हो जाने के बाद इलाज नहीं है इसे इलाज के द्वारा ठीक नहीं किया जा सकता इसलिए सभी को प्रत्येक वर्ष नियमित फाइलेरिया की खुराक लेनी चाहिए।

तैयारी हर घर तिरंगा अभियान-2023 कार्यक्रम के तहत विशेष कार्यक्रमों का होगा आयोजन

बीएसएफ मेरू कैंप में आजादी का अमृत महोत्सव

- राष्ट्रीय ध्वज को हर घर में फहराना न केवल तिरंगे के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव का प्रतीक है
- बल्कि राष्ट्र-निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। इस अभियान का मुख्य

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग भारत सरकार द्वारा आजादी के 76 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम की श्रृंखलाबद्ध कड़ी में बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार महानिरीक्षक के एस बन्याल प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरु कैंप, हजारीबाग के तत्वावधान में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक वॉकाथन, साइकिल रैली इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन कर आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान, बलिदान, एवं अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति आम नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करने का कार्य किया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा अभियान संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू की गई पहल है जिसका उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत कर हमारे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को पैदा करना है।

इस अभियान से देश के नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना को बढ़ाना और देशप्रेम जागरूक करना है। राष्ट्रीय ध्वज के साथ हम सभी का रिश्ता हमेशा व्यक्तिगत से अधिक औपचारिक और संस्थागत रहा है।

आजादी के 76वें वर्ष में एक भारत-श्रेष्ठ भारत के रूप में सामूहिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज को हर घर में फहराना न केवल तिरंगे के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव का प्रतीक है, बल्कि राष्ट्र-निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जन मानस को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति प्रेम व सम्मान की भावना से ओत-प्रोत करना एवं नागरिकों को 13 से 15 अगस्त की अवधि में अपनें-अपनें घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है।

न्यूज फटाफट

डायरिया से दो की मौत

पीरटांड़ : खुखरा थाना क्षेत्र के हरलाडीह में डायरिया से दो लोगों की मौत की जानकारी मिलने के बाद बुधवार को गिरिडीह सदर विधायक सुदीप्य कुमार सोनू, पीरटांड़ बीडीओ मनोज कुमार मरांडी और सीओ विनय प्रकाश तिग्गा प्रभावित गाँव मदनाडीह में मरीजो से मिलने पहुँचे थे। जिसके बाद पीरटांड़ स्वस्थ्य विभाग की टीम हरकत में आई और आनन फानन में सभी मरीजो को पीरटांड़ स्वास्थ केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया जहाँ सभी का इलाज किया जा रहा है। यहाँ यह बता दें कि डायरिया से दर्जन भर ग्रामीण बीमार थे जिनका इलाज पीरटांड़ में किया गया। जिसके बाद गुरुवार को डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि सभी मरीज अब ठीक है उनका छुट्टी कर दिया जा रहा है। सभी को दवाई भी दे दी गई है। और कहा गया है कि अगर किसी भी तरह लगे तो तुरंत स्वस्थ्य विभाग से संपर्क करें।

बजरंग दल की पंचायत स्तरीय बैठक

पीरटांड़ : मधुबन स्थित बजरंग बली मंदिर प्रांगण में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल की एक पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित की गई।जिसमें विहिप के जिला उपाध्यक्ष भरत साहू, सैल्यूट तिरंगा के जिला अध्यक्ष शरत चंद्र भक्त मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में संगठन मजबूती पर जोर दिया गया, एवं आगामी कार्यक्रम जोर सोर से मनाने पर विचार विमर्श किया गया।वही मधुबन पंचायत विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल की कमिटी गठित की गई। जिसमे अध्यक्ष पिंकू कुमार, उपाध्यक्ष दयानन्द प्रसाद मोदी,मंत्री अतिसय जैन, सहमंत्री अभिषेक सिन्हा को बनाया गया। वहीं बजरंग दल के संयोजक प्रदीप तुरी, सह संयोजक रितेश सिंह, प्रचार प्रमुख रवि कुमार सिंह, सत्संग प्रमुख उमेश रजक, गौ रक्षा प्रमुख आदित्य पांडे सह प्रमुख मुकेश तुरी जबकि मातृ शक्ति के लिए मातृ शक्ति प्रमुख अनीता देवी दुर्गा वाहिनी संयोजिका रेखा देवी को बनाया गया है। जबकि कार्यकारिणी सदस्य में दर्जनों लोगों को रखा गया है। बैठक में मुख्य रूप से महेंद्र प्रसाद, पंकज ठाकुर, अर्पित जैन, संतोष कुमार, आनन्द राज, प्रदीप कुमार सिन्हा, प्रकाश गुप्ता, शंकर पांडेय सहित दर्जनाधिक लोग शामिल थे।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ दीपक जलाकर किया गया

इचाक : इचाक करीमाटी पंचायत भवन में मेरी माटी मेरा देश सफल क्रियान्वयन कार्यक्रम का प्रारंभ दीपक जलाकर किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मुखिया किरण देवी ने किया। एवं जीआरएस किशोर कुमार राम ने मेरा माटी मेरा देश के तहत पंचायत प्रतिनिधियों को शपथ दिलाया कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे।देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभायेंगे। मौके पर बीएफटी छोटे लाल मेहता, उप मुखिया गिरधारी प्रसाद, माशूक मेहता अजय कुमार मेहता तारा मेहता समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

झामुमो कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन का 48वां जन्म दिवस केक काटकर मनाया

इचाक : इचाक प्रखंड मुख्यालय में झामुमो प्रखंड संयोजक मंडली ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 48 वॉ जन्मदिन मनाया, इनके लंबी उम्र की कामना की गई। इस जन्म उत्सव में मुख्य रूप से 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह मुख्य संयोजक मंडली मनोहर राम के नेतृत्व में मनाया गया। श्रीराम ने कहा कि झारखंड में विकास के गंगा बहा रहे हैं बिर्धा पेंशन, विधवा, विकलांग पेंशन जरूरतमंद को सभी को दिया जा रहा है। पशुपालन विभाग बकरी, मुर्गी, सूअर, गाय देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। साथ सावित्रीबाई फुले योजना के तहत सभी छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दिया जा रहा है। मौके पर 20सूत्री सदस्य सह संयोजक मंडली सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता, रामप्रवेश सिंह, इंद्रदेव मेहता, गंगेश्वर मेहता, प्रयाग मेहता, उमेश मेहता, प्रवील मेहता, रामफल मेहता, गंगेश्वर मेहता सुमित कई लोग मौजूद रहे।

हजारीबाग यूथ विंग ने बुजुर्ग व्यक्ति को कराया गया रक्त उपलब्ध

हजारीबाग : हजारीबाग कहा जाता है कि कोई व्यक्ति किसी के लिए काम आ जाए तो उसे ईश्वर का भेजा संदेश कहते हैं और इस संदेश को लोग जन्मो जन्मो तक याद रखते हैं। इस संदेश का डाकिया पिछले 2 वर्षो से हजारीबाग यूथ विंग बन रहा है। यूथ विंग के द्वारा शहर के खिरगांव पांडे टोला निवासी सुदामा सिंह को रक्त की कमी होने पर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके उपरांत चिकित्सकों ने संबंधित रक्त उपलब्ध कराने को लेकर परिजनों को सूचित किया इसके बाद परिजनों के द्वारा संबंधित रक्त के रक्तदाता की खोजबीन की गई कहीं भी रक्तदाता ना मिलने पर हजारीबाग यूथ विंग से संपर्क किया इसके बाद यूथ विंग के पाधिकारियों एवं सदस्यों ने संबंधित रक्तदाता की खोजबीन में जुट गए। पुनाई निवासी उज्जवल देव से रक्तदान करने का आग्रह किया गया जिसके उपरांत आनन-फानन में वो शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी मिसाल पेश किया। जिसमें विशेष सहयोग हजारीबाग यूथ विंग के कार्यकारिणी सदस्य शनिदेव का रहा। संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने रक्तदाता उज्जवल देव के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि जो खून देश के समाज के धर्म के काम ना आये वह खून नहीं वह पानी है।

प्रदेश >> अपडेट

निशुल्क होम्योपैथी मेडिकल का शुभारंभ

महेशपुर (पाकुड़) : प्रखंड मुख्यालय स्थित साईं धर्मशाला में गुरुवार को श्री सत्य साईं सेवा समिति की ओर से निशुल्क होम्योपैथी मेडिकल का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर संस्था के स्टेट मेडिकल कोऑर्डिनेटर साईं सेवा संगठन के डॉ. देव कांत ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थे। देव कांत ठाकुर ने बताया कि निशुल्क होम्योपैथी मेडिकल में प्रत्येक सप्ताह गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों का निशुल्क उपचार किया जाएगा।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न

पाकुड़ : उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। पदाधिकारियों को सौंपी गई अलग – अलग जिम्मेवारी मुख्य समारोह स्थल रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम में साफ सफाई कार्य, रंग–रोगन का कार्य, मुख्य समारोह स्थल की घेराबंदी, बैठने की व्यवस्था, झंडा/झंडोतोलन की तैयारी आदि को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को अलग – अलग जिम्मेवारी दी गई। ससमय इन कार्यों को सुनिश्चित करने के लिए पर्येवेक्षण एवं निरीक्षण के लिए सम्बन्धित पदाधिकारियों को प्राधिकृत किया गया। 10 अगस्त से लेकर 13 अगस्त तक परेड का पूर्वाभ्यास किया जाएगा ।बैठक में निर्णय लिया गया है कि आगामी 10 अगस्त पूर्वाह्न 07.00 बजे से परेड का पूर्वाभ्यास मुख्य समारोह स्थल पर होगा। वहीं 13 अगस्त को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण करेंगे। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह स्थल पर परेड, खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

पौधारोपण कार्यक्रम का बीडीओ ने किया शुभारंभ

महेशपुर (पाकुड़) : मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत गुरूवार को प्रखंड के 33 पंचायतों में शिलाफलकम बोर्ड का निर्माण, पौधारोपण, वसुधा वंदन के तहत अमृत वाटिका, वीरों का वंदन, झंडोत्तोलन व राष्ट्रगान, पंच प्राण शपथ तथा मिट्टी संग्रहण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस क्रम में प्रखंड के आभुवा पंचायत के खागड़ा गांव में बीडीओ उमेश मंडल, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अब्दुल अदुद, जीआईएस एक्सपर्ट संजय कुमार, बीपीआरओ प्रसेनजीत मंडल, कनीय अभियंता रंजीत मंडल, आभुवा पंचायत की मुखिया मोनिका मरांडी ने तालाब के किनारे पौधारोपण किया। उल्लेखनीय है कि अभियान के तहत देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया।

हर्षोल्लास के साथ झामुमो ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

पाकुड़ : मुख्यमंत्री सह संयोजक झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का 48वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ जिला अध्यक्ष श्याम यादव के आवासीय कार्यालय में झामुमो कार्यकताओं ने धूमधाम से केक काटकर मनाया। जिलाध्यक्ष यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत जी के चित्र के सामने केक काटकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीघार्यु जीवन की प्रार्थना की। कार्यकताओं ने एक दूसरे को केक खिलाकर व मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने इतने कम समय में राज्य का जो विकास किया है उसका पूरे देश में यश और कृति फैल रही है।

घोटाला

सीबीआई को बताया कि उनके पति अमित कुमार अब जीवित नहीं

सृजन घोटाला मास्टरमाइंड रही रजनी प्रिया गिरफ्तार

- किसी रसूखदार व्यक्ति के फ्लैट से हुई है गिरफ्तारी
- कुछ समय तक हरिद्वार में भी छिपी रही थी वह
- मुंह खोला तो कई अफसर भी फंसेंगे जाल में

राष्ट्रीय खबर

पटना: बिहार में सबसे बड़े सृजन घोटाले के मास्टरमाइंड कहे जाने वाली रजनी प्रिया को सीबीआई टीम ने गिरफ्तार कर लिया है बताया जाता है कि करीब 6 साल के बाद सीबीआई को रजनी प्रिया को गिरफ्तार कर पायी है। बताया जाता के जब सीबीआई ने रजनी प्रिया से पूछा कि अमित कुमार कहां है तो उन्होंने कहा कि अब दुनिया में नहीं है? सूत्र बताते हैं कि मास्टरमाइंड रजनी प्रिया को तेजस ट्रेन से पटना लाया जा रहा है और वहां से बाई रोड भागलपुर लाए जाने की संभावना है। बताया जाता है कि गाजियाबाद के साहिबाबाद के एक रसूख वाले फ्लैट में रजनी प्रिया की गिरफ्तारी सीबीआई ने की है। लेकिन पर्दे के पीछे की सच्चाई पर विश्वास करें तो सीबीआई जैसी बड़ी जांच एजेंसी कहीं न कहीं इस पूरे घोटाले में सवालों के घेरे में हैं। देश में यह सबसे बड़ा ऐसा घोटाला है जिसमें सीबीआई को एक नामजद अभियुक्त को पकड़ने में 6 साल लग गए क्या आम जनता को कहीं ना कहीं सीबीआई जैसी जांच एजेंसी पर कैसे भरोसा करेगी।

बताया जाता है फेरारी के दौरान रजनी प्रिया ने डेढ़ से 2 साल हरिद्वार में बिताए हैं यह भी चर्चा है कि हरिद्वार के दौरान अमित कुमार रजनी प्रिया के साथ में ही रहते थे। किसी रिश्तेदार के पास अपने दोनों बच्चों को रजनी प्रिया ने छोड़ दिया था। उक्त रिश्तेदार के यहां भी सीबीआई टीम के वरीय पदाधिकारी पहुंचने जाने की सूचना है। बताया जाता है कि रजनी प्रिया की गिरफ्तारी से यह साफ हो गया है कि कई बड़े-बड़े आईएएस और आईपीएस अधिकारी की मेहरबानी से रजनी प्रिया और अमित कुमार शहर से फरार हो गए थे। बिहार राज्य सरकार ने आनन-फानन में मामला सीबीआई जैसी जांच एजेंसी के हवाले कर दिया था लेकिन राज्य सरकार के एक बड़े आईपीएस अधिकारी जब इस जांच में पहुंचे थे तो उनकी कार्यशैली पर भी सवाल उठा था। आखिर सृजन घोटाले में बड़े-बड़े जो सूत्रधार क्या सीबीआई गिरफ्तार कर पाएगी। अब देखना यह है कि रजनी प्रिया ने सीबीआई को दिए गए बयान में क्या-क्या कहा है और किन-किन पदाधिकारी की नींद उड़ी हुई है।

सदर अस्पताल से बाइक की चोरी,जांच में जुटी पुलिस

राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगरः सदर अस्पताल में गुरुवार की दोपहर 12:00 बजे के करीब अज्ञात तीन चोरों ने सदर अस्पताल कैंपस में लगे जेएच 0 3 क्यू 3825 पैशन एक्स प्रो मोटरसाइकिल की चोरी कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा गांव निवासी उज्जवल दुबे गुरुवार की दोपहर 12:00 अपने पुत्री का इलाज कराने के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचा था। इस बीच वह अपना बाइक अस्पताल कैंपस में लगाया और अपने बेटी का इलाज कराने अस्पताल के अंदर चला गया। अस्पताल से इलाज करा कर जब वह अपने वाहन के पास पहुंचा तो देखा कि बाइक नहीं है। इसके बाद वह अपने बाइक को अस्पताल कैंपस में सभी जगह खोजबीन किया। इसके बाद भी बाइक का अता पता नहीं चला।भुक्तभोगी ने इस घटना की जानकारी शहर थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान शारीक इरशाद,संतन कुमार,सरोज कुमार सदर अस्पताल पहुंचकर सुपरिटेंडेंट ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। जांच के उपरांत तीन चोर सीसीटीवी में गाड़ी चोरी करते देखे गए। वही बाइक चोरी होने की घटना के बाद से पुलिस अज्ञात चोरों की खोजबीन में जुड़ गई है।

डोर टू डोर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा दी जायेगी

राष्ट्रीय खबर

गोडाः समाहरणालय परिसर, गोड्डा में उप विकास आयुक्त संजय कुमार सिन्हा एवं सिविल सर्जन अनंत कुमार झा ने संयुक्त रूप से फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित आईडीए कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त महोदय ने कार्यक्रम स्थल पर सबसे पहले फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन अन्य अधिकारियों के साथ किया एवं जिले वासियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आज सभी प्रखंडों के 2041 बूथों पर दवा का खुराक दिया जायेगा वहीं दिनांक 11.08.2023 से 25.08.2023 तक इस कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी।

हर उम्र के लोग हो सकते हैं इससे संक्रमित

उप विकास आयुक्त महोदय ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर जनित बीमारी है। यह संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। जिससे किसी भी उम्र में व्यक्ति संक्रमित हो सकता है। फाइलेरिया से मुक्ति के लिए 01 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी उम्र के अनुसार डीईसी तथा एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक खिलाई जायेगी। यह दवा फाइलेरिया के रोगाणु को मार देती है,और हाथी पाव एवं हाइड्रोसील जैसे बीमारी से बचने में भी मदद करती है। उन्होंने जिले वासियों से अपील किया कि,अपनी आयु के हिसाब से सभी लोग अपना दवा ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के समक्ष ही खाएं ताकि कृमि और फाइलेरिया का पूरी तरह से गोड्डा, जिला में उन्मूलन हो सके।

हर व्यक्ति दवा जरूर खाएं बीमारी से सुरक्षित रहेः सिविल सर्जन

उक्त कार्यक्रम में सिविल सर्जन अनंत कुमार झा ने बताया कि पूरे कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य संबंधित प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होने पर जिला एवं प्रखंड स्तर पर रैपिड रिस्पॉन्स टीम के नोडल एवं जिला स्तरीय चिकित्सा पदाधिकारी/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके। उन्होंने भी अपील किया कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें एवं दवाई जरूर खाएं। फाइलेरिया मच्छर जनित रोग है। अतः मच्छर से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग आवश्यक है। अपने घर एवं आस- पास की सफाई रखना, जल जमाव नहीं होने देना, नाला-नाली साफ रख कर काफी हद तक मच्छर के प्रकोप से बचा जा सकता है।

उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की

राष्ट्रीय खबर

पलामूः उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की गयी।बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को सभी अनुमंडल पदाधिकारी,वन प्रमंडल पदाधिकारी,सभी सीओ व थाना प्रभारी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि अवैध खनिज परिवहन में लिप्त वाहन एवं उनके मालिकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया साथ ही थाना प्रभारी को अवैध खनन और भंडारण के मामलों में प्राथमिक दर्ज करने की बात कही।उन्होंने हरिहरगंज थाना प्रभारी को अवैध रोकथाम को लेकर विशेष चौकसी बरतने की बात कही।उन्होंने कहा कि बगैर रजिस्ट्रेशन के ट्रैक्टर का संचालन कर रहे वाहन मालिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की बात कही।इसके साथ ही उन्होंने एमभीआई को पूरी तन्मयता के साथ वाहनों की जांच करने हेतु निर्देशित किया।मौके पर एसपी रिष्मा रमेशन,वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला,अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,एसडीओ समेत सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

घायल अवस्था में मिली महिला को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगरः सदर थाना क्षेत्र के खनवा गांव में सड़क पर एक अज्ञात महिला घायल अवस्था में पड़ी हुई थी।स्थानीय लोगों का कहना था कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर महिला घायल हुई है। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को अपने वाहन से इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। यदि कोई भी व्यक्ति इस घायल महिला को पहचानते हैं तो मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचकर महिला से मुलाकात की जा सकती है। वहीं घटना के बाद से पुलिस भी अज्ञात महिला के परिजनों की तलाश में जुड़ गई है।

सिंचाई संकट

कृषि विभाग के अनुसार खेती के लिए सिंचाई की संकट

पलामू में धान रोपनी का लक्ष्य से काफी पीछे, 51 हजार की जगह 625 हेक्टेयर में हुई धान रोपनी

राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगरःपलामू वर्ष 2022 में पलामू संपूर्ण सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया गया था। 2023 में भी पलामू के हालात अच्छे नहीं है। पलामू में धान की रोपनी लक्ष्य से काफी पीछे चल रही है। कृषि विभाग के आकंड़ों पर गौर करें तो पलामू में फिलहाल 1.23 प्रतिशत ही धान की रोपनी हुई है। जबकि बारिश भी 80 प्रतिशत कम हुई है।2023 में पलामू में 51 हजार हेक्टयर धान रोपनी का लक्ष्य रखा गया था लेकिन 625 एकड़ में ही धान को रोपनी हुई है। 15 अगस्त तक धान रोपनी के लक्ष्य को पूरा करने का टारगेट रखा गया है। कृषि विभाग का यह आंकड़ा 8 अगस्त तक का है।

पलामू के हैदरनगर के रहने वाले किसान अवधेश यादव ने बताया कि भूखे मरने की नौबत है। पिछले वर्ष भी धान की रोपनी नहीं हुई थी, इस बार भी वही स्थिति बनी हुई है।वहीं, किसान बिरजू यादव ने बताया कि बारिश से अब कोई उम्मीद नहीं बची है। उनका करीब 95 एकड़ धान का खेत है जिसमें से मात्र दो एकड़ में ही धान की रोपनी हुई है। जिसमें दो एकड़ में खेती की गई है उसके लिए भी सिंचाई का संकट है।

पलामू में धान की रोपनी का लक्ष्य 51 हजार हेक्टर, लेकिन मात्र 625 हेक्टेयर में हुई रोपनी मक्का 2750 हेक्टेयर का लक्ष्य 15752 हेक्टेयर में हुआ अच्छादन, अरहर 34000 हेक्टेयर की जगह 15850, उरद 1300 की जगह 2064, मूंग 1500 की जगह 23, कुल्थी 2000 की जगह 21, मूंगफली 1500 की जगह 532, तिल 600 की जगह 310, सोयाबीन 100 को जगह 0, सूर्यमुखी 50 की जगह 0, सरगुजा 97 की जगह 0, ज्वार 150 की जगह 3, बाजरा 60 की जगह 1, मडुआ 3000 की जगह 335 हेक्टेयर में हुई है।

न्यूज फटाफट

विश्व आदिवासी दिवस पर पाकुड़ पॉलिटेक्निक में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

पाकुड़ : 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस स्थानीय पाकुड़ पॉलिटेक्निक में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । संस्थान के निदेशक अभिजीत कुमार, प्राचार्य डॉ. ऋषिकेश गोस्वामी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निखिल चंद्र और परीक्षा नियंत्रक अमित रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उत्सव का मुख्य उद्देश्य पर चर्चा करते हुए आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देना छात्रों के बीच एकता की भावना को कायम रखना है।

ड्राइंग और क्विज का हुआ आयोजन

इस अवसर पर संस्थान में छात्र–छात्राओं के बीच आदिवासी जीवन और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करने वाली ड्राइंग प्रतियोगिता व कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की ज्वलंत और कल्पनाशील रचनाओं ने जनजातीय विरासत के सार को दशार्या। प्रतियोगिता में –आजाद अंसारी (सिविल ब्रांच) प्रथम स्थान, कामिनी कौशल (सिविल ब्रांच) द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान – ज्योति कुमारी (सिविल ब्रांच) रहे।

झामुमों ने मनाया हर्षोल्लास के साथ विश्व आदिवासी दिवस

पाकुड़ :9 अगस्त को पुराने बस स्टैंड के समीप अवस्थित वीर कुंवर सिंह भवन में झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव के नेतृत्व में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम यादव ने कहा कि वर्ष 1982 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने जब विश्व आदिवासी दिवस की घोषणा की गई। आदिवासियों की जमीन के नीचे काफी मात्रा में खनिज संपदा मौजूद है। लेकिन इतना होने के बावजूद आज भी आदिवासी समुदाय जानकारी के अभाव में विवश जिंदगी जीने को मजबूर है। वहीं कई रसूखदार व साहूकार आदिवासियों की संपत्ति का हनन कर अपनी रोटी सेक रहे है। झारखंड राज्य के जनक दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी ने आदिवासी हितों की रक्षा की लड़ाई हमेशा से लड़ी। दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी ने आदिवासी समुदाय से नशापान छोड़ने की अपील करते हुए जल, जंगल–जमीन की लड़ाई लड़ी जो आज भी हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी नेतृत्व में जारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने आदिवासी कल्याण के लिए आदिवासी महापुरुषों के नाम से अनेकों योजनाओं को हमारे बीच देने का काम किया।

झारखंड आदिवासी महोत्सव व खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पाकुड़ : 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पर्यटन कला संस्कृति,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 जिला प्रशासन पाकुड़ के द्वारा जिला स्टेडियम(बैंक कॉलोनी) में दो दिवसीय फुटबॉल एवं एथलेटिक्स, तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल, एथलेटिक्स एवं तीरंदाजी प्रतियोगिता में जिले के लगभग 500 खिलाड़ी भाग लिया। पफाईनल मैच एवं पुरस्कार वितरण 10 अगस्त को होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती जूली खिष्टमणी हेम्ब्रम, उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, सहायक समाहर्ता–सह–सहायक दंडाधिकारीकृष्णकांत कनवाड़िया, जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष ए.के.गांगुली, जिला परिषद सदस्य श्रीमती मंजुला हांसदा, जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रणवीर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम दिवस फुटबॉल मैच का पहला मुकाबला एस.टी मारिया गोराटी तोराई बनाम जीदातो मिशन कालिकापुर के बीच खेला गया, जिसमें प्लेंटी सूट से 03 –04 से जीदातो मिशन विजय रही। वही दूसरा मुकाबला हरिंणाडागा हाई स्कूल बनाम जूनियर 11 स्टार क्लब के बीच खेला गया। जिसमें 00 –01 से जूनियर 11 स्टार विजय रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवीण कुमार,पंकज अग्रवाल, नारायण चंद्र रॉय, राजेश कॉल, मृणाल चौरसिया, अज्जू मंडल, कॉमेंटेटर एम.डी शकील हक,भैरव चुंडा मुर्मू।

अमृत वाटिका निर्माण के लिए सरैया पंचायत से मिट्टी भेजना गर्व की बात : मुखिया प्रियंका

हरिहरगंज/पलामू : आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत वाटिका निर्माण को लेकर मुखिया प्रियंका कुमारी के नेतृत्व में बड़े ही उत्साह के साथ पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत सचिवालय के प्रांगण से शुद्ध कलश में पवित्र मिट्टी को प्रखंड मुख्यालय भेजा गया। मुखिया प्रियंका कुमारी ने बताया कि पंचायत सचिवालय से प्रखंड मुख्यालय भेजे गए पवित्र मिट्टी को जिला और राज्य भेजा जाएगा। कहा कि अमृत वाटिका निर्माण के लिए मिट्टी भेजा जाना गर्व की बात है।मौके पर रामराज तिवारी, रामकिशुन मेहता,हरिवंश पासवान,दिनेश सिंह,परवेज अंसारी,कृष्ण कुमार मिश्रा,जितेंद्र प्रसाद,नीतिश सिंह,सागर सिंह,मलखान सिंह समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे।बता दें कि पीएम मोदी ने 30 जुलाई को मन की बात के 103वें संस्करण के दौरान मेरी माटी मेरा देश अभियान की घोषणा की थी। इस अभियान में वीरों को याद करने के लिए देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पिछले साल केंद्र सरकार द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के बाद देशभर में लोगों ने बड़े उत्साह से अपने घरों में तिरंगा फहराया था। अब इस बार देशवासी मेरी माटी मेरा देश अभियान के साथ आजादी के पर्व को मनाए जाएंगे।

इंटर स्टेट कनेक्टिविटी के अंतर्गत पुल निर्माण को लेकर बैठक आयोजन

हुसैनाबाद,पलामू : सांसद पलामू विष्णु दयाल राम जी ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला बिहार के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार को जोड़ने वाली सोन नदी इंटर स्टेट कनेक्टिविटी के तहत पुल निर्माण कराने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू जिला झारखंड के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला बिहार के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार को जोड़ने वाली सोन नद पर इंटर स्टेट कनेक्टिविटी के तहत पुल निर्माण कराने की आवश्यकता है। उक्त पुल के निर्माण से यात्रियों के यात्रा समय में काफी कमी आएगी और झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। विदित है कि जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोई उद्योग या वैकल्पिक व्यापार का रास्ता नहीं है। यहॉ के मजदूर भारी संख्या मे बिहार एवं उत्तर प्रदेश में आना–जाना करते है। इस पुल के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी, इलाज, शिक्षा, बाजार, उद्योग समेत अन्य जरूरतों के लिए प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों की सुविधायें बढ़गी। गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही साथ वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगेगा एवं लोगों को नए–नए रोजगार के अवसर मिलेंगे।

शहर >> अपडेट

दुकानदार रमेश घांसी का निधन

पेटरवार : पेटरवार प्रखंड के सदमा कला पंचायत के भेलवा टांड निवासी सह जनवितरण प्रणाली के दुकानदार रमेश घांसी (54 वर्ष) का निधन गुरुवार को निवास स्थान पर हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। निधन की खबर पाकर जिप सदस्य प्रहलाद महतो, मुखिया प्रतिनिधि लालदेव महतो, पंसस प्रतिनिधि निरंजन महतो मृतक के घर पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। मृतक का अंतिम संस्कार चरगी स्थित श्मशान घाट पर गुरुवार को कर दिया गया।

सिटी अपडेट्स >>

डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

कोडरमा: ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा के बच्चों का प्रदर्शन काफी उत्कृष्ट रहा। इस प्रतियोगिता में कोडरमा जिले के सभी विद्यालयों के ताइक्वांडो प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चे निधि श्री यादव (6डी), तन्मय कुमार (7सी), हर्षित पाठक (9डी) एवं सान्वी पाठक ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया तो वहीं अक्षत अश्विन (7सी) ने स्वर्ण एवं कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रत्युश शुक्ला (6डी), वैभव राज (8 ई) एवं सुधांशु कुमार (8ई) ने रजत पदक प्राप्त किया तो मयंक मिश्रा (6डी) ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपने माता - पिता एवं विद्यालय का नाम रौशन किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिशा निर्देशन विद्यालय के ताइक्वांडो प्रशिक्षक अशोक कुमार ने अहम भूमिका निभाई। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

मेरी मिट्टी मेरा देश के तहत पौधों का वितरण

चंदवारा: प्रखण्ड अंतर्गत शिवम आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड परिसर में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत लालमदिग्थु,आरागरो, जौंगी के ग्रामीणों के बीच 500 आम, अमरूद, नींबू, कटहल आदि फलदार पौधों का नि:शुल्क वितरण फैक्ट्री के डायरेक्टर शम्भू अग्रवाल ने किया। साथ ही फैक्ट्री परिसर में चारदीवारी के अन्दर फलदार आदि पौधों का वृक्षारोपण किया गया। मौके पर फैक्ट्री मालिक श्री अग्रवाल ने कहा कि आगे भी इस तरह से लोगों को जागरूक व सहयोग ग्रामीणों को फैक्ट्री से मिलता रहेगा। साथ ही ग्रामीणों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का अपील किया

रात्रि गश्ती के साथ राहगीरों की मदद भी कर रही है पुलिस

झुमरीतिलैया: तिलैया पुलिस के द्वारा रात्रि में नियमित गश्ती के दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की नियमित चेकिंग की जा रही है। इस दौरान वहां से गुजरने वाले सभी वाहनों की जांच परस्पर तरीके से की जा रही है। यही नजारा बुधवार की रात में भी देखने को मिला, जहां गश्ती दल के साथ थाना प्रभारी विनोद कुमार भी वाहनों की जांच करते पाया गए। इस दौरान उन्होंने दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की भी डिक्की खोल कर जांच की। दर्जनों वाहनों की जांच इस दौरान उनके द्वारा की गई। वहीं राह भटके राहगीरों को भी सही स्थान पर भेजने एवं रास्ता दिखाने का काम भी पुलिस के द्वारा किया गया। इसके अलावा काफी संख्या में देवघर से लौट रहे यात्रियों को ठहरने के लिए होटल के लिए भटकता देख उनके लिए शहर में एक होटल के द्वारा की गई निशुल्क व्यवस्था को लेकर उन यात्रियों को वहां तक पहुंचाया भी गया।

आह्वान > मजदूरों के महापड़ाव को नेता संजय पासवान ने किया संबोधित

संघर्षों को और तीखा करेगा : सीटू

- ट्रेड यूनियनो के संयुक्त मंच के साथ अब देश के किसान
- आजादी की 67वीं वर्षगांठ पर लोकतंत्र और संविधान की हिफाजत की ली जाएगी शपथ

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा: केंद्र सरकार की राष्ट्र विरोधी, उद्योग विरोधी और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त ट्रेड यूनियनों के देशव्यापी आह्वान पर गुरूवार 10 अगस्त को राजभवन के समक्ष झारखंड के तीन प्रमंडलों से जुटे संगठित और असंगठित क्षेत्र के कामगारों ने राजभवन के समक्ष विशाल महापड़ाव किया। इसे सम्बोधित करते हुए मजदूर नेता और सीटू के प्रदेश सचिव संजय पासवान ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार ने कॉरपोरेट घरानों के हितों की खातिर सार्वजनिक उधमों का निजीकरण, श्रम कानूनों में मलिक पक्षीय बदलाव, सभी तरह के कामों में ठेका प्रथा और आउटसोर्सिंग का चलन बढ़ाने के साथ - साथ सांप्रदायिक आधार पर मजदूरों को विभाजित करने की साजिश कर रही है। इसलिए मजदूर वर्ग भी कमर कस कर इस साजिश का मुकाबला करने के लिए तैयार हो गया है। एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले अब देश का किसान आंदोलन भी ट्रेड यूनियनो के संयुक्त मंच के साथ मिलकर देश और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष के मैदान में उतरेगा। श्री पासवान ने बताया कि महापड़ाव में झारखंड के मजदूर वर्ग से आह्वान किया गया कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यस्थलों पर स्वतंत्रता की रक्षा का संकल्प लेते हुए रतजग्गा किया जाए तथा 15 अगस्त को आजादी की 67 वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रीय झंडा फहरा कर लोकतंत्र और संविधान की हिफाजत किए जाने की शपथ ली जाए। महापड़ाव का उद्घाटन एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार ने किया जबकि अध्यक्षता 6 सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने की जिसमें इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, एटक के पीके गांगुली, सीटू के कार्यकारी अध्यक्ष भवन सिंह, एक्टू के शुभेंदु सेन शामिल थे। महापड़ाव स्थल पर आयोजित सभा को एटक के महासचिव अशोक यादव, सीटू के उपाध्यक्ष प्रकाश विप्लव, महासचिव बिश्वजीत देव, आर पी सिहं, प्रतीक मिश्रा, एक्टू के भुवनेश्वर केवट सहित दर्जनों ट्रेड यूनियन नेताओं ने सम्बोधित किया।

अमित यादव के प्रयास का परिणाम

राष्ट्रीय खबर

जयनगर: बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के प्रयास से झारखंड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण के द्वारा कटहाडीह से कुसमाडीह तक पथ का विशेष मरमती कार्य लंबाई 2.700 किलोमीटर, बेको से नईटांड पथ का विशेष मरमती कार्य लंबाई 7.50 किलोमीटर, तेतरौन से बदुलिया तक पथ का विशेष मरमती कार्य लंबाई 4.550 किलोमीटर, आर.सी.डी. रोड जयनगर से इरगोबाद भाया जयनगर प्रखंड कार्यालय तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य लंबाई 2.700 किलोमीटर 11 करोड़ 20 लाख के लागत से निर्माण बहुत जल्द किया जाएगा। चारों सड़क निर्माण की स्वीकृति से स्थानीय जनप्रतिनिधियों में हर्ष का माहौल है। इसके लिए विधायक अमित कुमार यादव को हीरोडीह पंचायत की मुखिया संगीता कुमारी, नईटांड पंचायत के मुखिया किशोर भगत, बेको पंचायत के मुखिया रुपाली कुमारी, बेको पंचायत समिति सदस्य आरती देवी, नईटांड़ पंचायत समिति सदस्य शहाना परवीन सहित कई लोगों ने बधाई दिया है।

शहीद शशिन्द्र कुमार शर्मा के नाम से होगा झुमरी तिलैया का चिल्ड्रन पार्क

- निर्णय नप झुमरी तिलैया की

राष्ट्रीय खबर

झुमरीतिलैया: स्वतंत्रता दिवस से पूर्व देश 15 अगस्त तक चलने वाले आजादी के अमृत महोत्सव पर मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम के अंतर्गत कोडरमा में भी वीर शहीदों के सम्मान में एक बड़ा निर्णय लिया गया। शहीदों को सम्मान देने के उद्देश्य से झुमरीतिलैया स्थित चिल्ड्रन पार्क के समीप पुस्तकालय भवन में बुधवार को नगर परिषद की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिटी मैनेजर सतीश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में पानी टंकी निवासी अपने शहीद भाई के सम्मान में यतींद्र कुमार शर्मा के सुझाव पर झुमरीतिलैया स्थित 10 फरवरी 2017 में निर्मित चिल्ड्रन पार्क का नाम 203 कोबरा बटालियन के शहीद शशीन्द्र कुमार शर्मा के नाम से रखने का प्रस्ताव रखा गया। उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से अपनी सहमति जताई। सहमति के बाद नगर पर्षद ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। अब झुमरीतिलैया शहर के ब्लॉक मैदान स्थित चिल्ड्रन पार्क का नामाकरन शहीद शशीन्द्र कुमार शर्मा चिल्ड्रन पार्क किया जाएगा। बताते चलें अब तक पार्क का नाम चिल्ड्रन पार्क ही था। नगर प्रशासक विनीत कुमार ने बताया कि 15 अगस्त से पूर्व पार्क को पूर्ण विकसित करने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहीदों के सम्मान में स्मारक के साथ-साथ उनका नाम पार्क से जोड़ना शहीद के लिए एक बड़ा सम्मान है। बैठक में मुख्य रूप से निवर्तमान वार्ड पार्षद बसंत सिंह, बाल गोविंद मोदी, नीरज कर्ण, घनश्याम तूरी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि प्रेम प्रकाश, संजय यादव के अलावे नगर परिषद से महादेव यादव, विमल शर्मा, दुलारचंद आदि उपस्थित थे।

प्राध्यापकों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर

झुमरीतिलैया: जग्रन्नाथ जैन महाविद्यालय झुमरीतिलैया के संविदा सहायक प्राध्यापको ने गुरुवार को काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज किया। ये विरोध प्रदर्शन झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों के महाविद्यालय और विश्वविद्यालय प्रबंधन के द्वारा आर्थिक और मानसिक शोषण लगातार किये जाने के विरोध में व हाल ही में विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय की दो शिक्षिका डॉक्टर रेनू सिन्हा और डॉक्टर वीणा झा के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन के सह पर स्टील सीटी कालेज बोकारो और एसएसएलएनटी कालेज धनबाद के प्राचार्य, प्राचार्या द्वारा न सिर्फ इन्हें बेइज्जती की गयी बल्कि इनके मानदेय में भारी कटौती कर प्रताड़ित भी किये जाने तथा प्रताड़ना से तंग आकर एसएसएलएनटी कॉलेज की इतिहास विभाग की शिक्षिका डॉ वीणा झा के द्वारा फांसी लगाने की घटना के मद्दे नजर की गयी। साथ में राज्यपाल सह कुलाधिपति को एक ज्ञापन भी सौंपने निर्णय लिया। काला बिल्ला विरोध प्रदर्शन करने वाले कॉलेज के सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ के अध्यक्ष प्रो राम स्वरूप यादव, उपाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार, सचिव डॉ दीपक कुमार व कोषाध्यक्ष डा. आशुतोष महतो, डा. संतोष कुमार, डा. मुकेश कुमार, डा. सुखदेव यादव, प्रो अनिमेष गौतम, प्रो पवन कुमार, डा. नेहा गुप्ता, डा. रिंकी कुमारी एंव डा रितु राज इत्यादि लोग सम्मलित थे।

पशु लोड 5 वाहन पकड़ाया

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा: पुलिस अधीक्षक कोडरमा कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के बागीटांड चेक्नाका के समीप पशु लोड 5 वाहनों को पकड़ा है। वाहन एवं पशुओं को कोडरमा थाना परिसर में रखा गया है। सभी वाहनों पर कुल 20 गाय, एक भैंस और लगभग 10 गाय के बच्चे लोड पाए गए। वाहन से पशुओं को लेकर जा रहे लोगों ने बताया कि पशुओं को बिहार के बक्सर जिला के किसान पशु मेला से खरीद कर धनबाद के तोपचांची ले जाया जा रहा था। लोगों ने बताया कि झारखंड सरकार के द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत लाभुकों के बीच दुधारू गाय का वितरण करने के लिए गाय को पशु किसान मेला से खरीदारी कर धनबाद जिला गव्य विकास कार्यालय ले जाया जा रहा था। पकड़े गए वाहनों में 2 पिकअप, 2 टाटा मैजिक और एक 407 वाहन शामिल है। फिलहाल कोडरमा पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

निर्णय > सड़कों के किनारे से अतिक्रमण हटाने का उपायुक्त ने लिया निर्णय

जिला को स्वच्छ,सुंदर करने का मुहिम

राष्ट्रीय खबर

चतरा : चतरा शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए शनिवार को जिला प्रशासन का बुलडोजर चला । नालियों और सड़क पर अवैध अतिक्रमण को हटाने के साथ शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्त करने के लिए ये अभियान चलाया जाएगा । इस बीच अतिक्रमण अभियान के खौफ से कई फुटपाथ और दुकान के बाहर पैदल पथ को दुकानदारों ने सामान हटाकर खाली कर दिया है । शहर की स्थिति में सुधार व अतिव्यस्त मार्ग पोस्टऑफिस,गुदरी बाजार,मेन रोड से लेकर पुराना पैट्रोल पम्प तक का अतिक्रमण कर व्यापार कर रहे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ उपायुक्त के द्वारा गठित टीम के नेतृत्व कर रहे अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल अभियान चलाकर इन सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराया। शहर के पोस्टऑफिस चौक से शुरू हुए इस अभियान में सड़क के किनारे ठेला , और जमीन पर सब्जी बेच रहे अतिक्रमणकारियों से सड़क को खाली कराया गया। अभियान की अगुवाई कर रहे अपर समाहर्ता पवन मंडल के साथ एसडीओ मुमताज अंसारी,जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार,कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा,सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने मुख्य मार्गो के किनारे बैठे सब्जी और ठेले में फल बेच रहे दुकानदारों को हटाया तथा सड़क से सटाकर बनाये गए सीढ़ी को बुलडोजर से तोड़ा गया। जबकि कई वैसे दुकानदारों से भी शहर की सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया, जो दुकान के आगे तिरपाल और कॉरकेट सेड का घेरा लगाकर दुकान चला रहे थे।भारी संख्या में पुरुष व महिला पुलिस बल की मौजदूगी में अतिक्रमणकारियों से शहर की सड़कों को मुक्त कराया गया। इस दौरान जेसीबी मशीन सड़क पर बने सीढ़ी,सेड को तोड़ने में लगे रहे। मौके पर नगर परिषद का ट्रैक्टर साथ चल रहे थे। जिसमें अतिक्रमण हटाने के बाद मलबा ट्रैक्टर में डाला जा रहा था। सुबह से शुरू हुए अभियान देर शाम तक चलता रहा । मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कहा कि शहर को अब किसी भी कीमत पर अतिक्रमण की गिरफ्त में नहीं आने दिया जाएगा। कानून तोड़ने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा।अतिक्रमण हटाने के बाद भी मॉनिटरिंग कराई जाएगी।अगर कोई भी दोबारा अतिक्रमण करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।

न्यूज फटाफट

धोती साड़ी व लुंगी का वितरण

पेटरवार : पेटरवार प्रखंड अंतर्गत बुंडू पंचायत की मुखिया निहारीका सुकृति के द्वारा गुरुवार को अपने क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों में पहुंचकर सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत साड़ी, धोती व लूंगी का वितरण लाभुकों के बीच किया।मौके पर जन वितरण प्रणाली के दुकानदार सुहागवती देवी, नागेश प्रसाद, विजय साव, कल्याणी देवी वास्ते बबली साव सहित सोमेश प्रसाद, हरेंद्र प्रसाद, गिरधारी प्रसाद, लाल बाबू प्रसाद, अवध किशोर प्रसाद व लाभुक उपस्थित थे।

युवक ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल

कोडरमा: कोडरमा स्टेशन पर गुरुवार की सुबह ट्रेन में सवार होने के दौरान संतुलन बिगड़ने से ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान दिलीप कुमार (उम्र 20 वर्ष, पिता बालेश्वर साव हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के पांडेयबारा निवासी) के रूप में हुई है। युवक को कोडरमा स्टेशन ट्रेन बैठाने पहुंचे उसके परिजनों ने बताया कि वह दिलीप को प्लेटफार्म तक छोड़कर वापस स्टेशन से बाहर चले गए थे। इस दौरान उन्हें फोन पर घटना की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि दिलीप भावनगर टर्मिनस-आसनसोल एक्सप्रेस से धनबाद ग्रेजुएशन की परीक्षा देने जा रहा था। सुबह 6:55 मिनट पर उक्त ट्रेन कोडरमा पहुंची। इस दौरान ट्रेन के जनरल कोच में सवार होने के क्रम में वह असंतुलित होकर ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच चला गया। जिसमें उसके दोनों पैर बुरी तरह से जख्मी हो गए। घटना के बाद आरपीएफ की टीम ने घायल को सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है।

बुजुर्गो के लिए कैंप का आयोजन : डॉक्टर संदीप

जयनगर: प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि आने वाले 20 अगस्त को (वृद्ध) बुजुर्गो का कैंप आयोजन आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में दिन 10 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महीने के तीसरे शनिवार को (वृद्ध) बुजुर्गो के लिए शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें 7 वर्ष के ऊपर के लोगों का बीपी शुगर आदि बीमारियों का निशुल्क इलाज किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ केंद्र जयनगर के आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में प्रतिदिन 9 बजे से 3 बजे तक सभी बीमारियों का इलाज किया जा रहा है।

डीवीसी ने मध्य विद्यालय डहुआ टोला में मलेरिया जांच शिविर लगाया

जयनगर: प्रखंड के करियांवा पंचायत अंतर्गत ग्राम डहुआ टोला मध्य विद्यालय के प्रांगण में दामोदर घाटी निगम के ताप विद्युत केंद्र कोडरमा सीएसआर के अंतर्गत मलेरिया जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इसमें मुख्य रुप से डीजीएम सीएसआर हरिश्चंद्र सिंह मौजूद थे। केटीपीएस के डॉ. आनंद मोहन मिश्रा मलेरिया से बचाव के बारे में बताया कि घर और आसपास साफ सफाई रखें, गंदे पानी को एकत्रित ना होने दें। रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि मलेरिया बुखार हो जाता है तो जांच कराएं और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर से दिखाएं। बचाव की विभिन्न तरह की जानकारियां दी। तीन गांव के 219 लोगों का जांच कर दवा वितरण किया। मौके पर डॉ. विकास कुमार, डॉ. रवि कुमार, अरुण कुमार, अकोश कुमार, सचिन कुमार, रुपेश कुमार साव, कुलदीप एवं प्रधानाध्यापक, जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं ग्रामीण मौजूद थे।

15 अगस्त को लेकर तैयारियां जोरों पर



जयनगर: प्रखंड स्थित सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में 76 वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर है। इसे लेकर विद्यालय के विद्यार्थियों को परेड की तैयारी करवाई जा रही है। समस्त परेड विद्यालय के अनुशासन शिक्षक लक्ष्मण चंद्र यादव के नेतृत्व में संपन्न हो रहा है। तैयारी के दौरान विद्यालय के प्राचार्य प्रो. दशरथ प्रसाद राणा सभी टोलियां को निर्देशित करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यालय पहले जैक से संचालित था अब सीबीएसई की ओर अग्रसर है। विद्यालय के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि विद्यालय जब से प्रारंभ हुआ है तब से लेकर आज तक आकर्षक परेड के साथ झांकी निकाली जाती है। मौके पर वरीय शिक्षक प्रभु यादव, महेश्वर पांडेय, ब्रह्मदेव पांडेय, सिकंदर यादव, पिंटू कुमार पांडेय, प्रकाश यादव, महेश यादव, संजय यादव, रंजीत सिंह, सुजीत राज, कालेश्वर राणा, कपिल देव गुप्ता, विक्रम पांडेय, अविनाश पांडेय, गायत्री देवी, अनु कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थे।

न्यूज फटाफट

एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीत सकती है भारतीय महिला टीम : राजेश्वरी गायकवाड़

नई दिल्ली : भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी राजेश्वरी गायकवाड़ को लगता है कि राष्ट्रमंडल खेलों में गोल्ड मेडल से चूकने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले महीने चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करेगी।दरअसल, पिछले साल भारतीय टीम बर्मिंघम में महिला क्रिकेट ने राष्ट्रमंडल खेलों में डेब्यू किया था। जिसमें टीम गोल्ड जीतने से चूक गयी थी। उसे फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार मिली थी। वहीं हाल के वर्षों में टीम को बड़े टूनार्मेंट के तीन फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय महिला टीम ने आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के आधार पर सीधे एशियाई खेलों के क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान बायें हाथ की स्पिनर गायकवाड़ ने पीटीआई से बात करते हुए कहा कि, निश्चित रूप से हम एशियाई खेलों में गोल्ड जीतेंगे। उन्होंने कहा, हम सभी बड़ी प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ खेल चुके हैं, लेकिन हम उसके बारे में सोचते नहीं रह सकते, हमें अपनी टीम पर भरोसा है, हम गोल्ड जीत सकते हैं। बता दें कि, राजेश्वरी गायकवाड़ भारत के पिछले दौरे (बांग्लादेश के खिलाफ) पर टीम का हिस्सा नहीं थीं। जिसमें टीम ने टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज 2-1 से जीती जबकि वनडे सीरीज में 1-1 से बराबर रहीं। गायकवाड़ ने कहा, मैं बांग्लादेश दौरे के दौरान रिहैबिलिटेशन में थी और आराम कर रही थी। ऐसा नहीं था कि मुझे टीम से बाहर किया गया था। भारत के लिए दो टेस्ट, 64 वनडे और 55 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी स्पिनर इस समय महिला प्रीमियर लीग की टीम यूपी वारियर्स के भारतीय खिलाड़ियों के लिये लगे सत्र से इतर के शिविर में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा, हमने शिविर में काफी अच्छा काम किया है। हमें किसी विशेष विभाग पर काम करने की जरूरत नहीं है लेकिन उन विभागों में सुधार कर सकते हैं जिसमें हम बेहतर कर सकते थे और हमारा ध्यान सिर्फ इसी पर लगा है। गायकवाड़ ने कहा, हमारा ध्यान सभी विभागों में सुधार करने पर है, जिसमें फील्डिंग, बल्लेबाजी और गेंदबाजी शामिल है। विशेषकर बल्लेबाजों ने अपने स्ट्रोक्स पर काम करने की कोशिश की है।

ईडन गार्डन के ड्रेसिंग रूम में लगी आग



कोलकाता : पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित क्रिकेट मैदान ईडन गार्डन के ड्रेसिंग रूम में बुधवार रात आग लगने से छत और कुछ फर्नीचर क्षतिग्रस्त हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। फायर ब्रिगेड के सूत्रों ने कहा कि बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) में टीम के ड्रेसिंग रूम में झूठी छत के कुछ हिस्से और कुछ फर्नीचर बुधवार को लगभग 11:40 बजे वायरिंग में संदिग्ध शॉर्ट-सर्किट से लगी आग में क्षतिग्रस्त हो गये। जो लोग ड्रेसिंग रूम में काम कर रहे थे, उन्होंने सबसे पहले आग पर ध्यान दिया। तीन अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचने के बाद आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी में ईडन गार्डन में नवीनीकरण का काम चल रहा है। पिछले सप्ताहांत आईसीसी की एक टीम ने इस प्रतिष्ठित स्टेडियम की तैयारियों का निरीक्षण किया और संतुष्टि व्यक्त की।

रिपोर्ट

एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान और श्रीलंका करेंगे

टीम इंडिया की जर्सी पर लिखा जाएगा पाकिस्तान

- एशिया कप के 4 मैच पाकिस्तान में जबकि अन्य मुकाबले श्रीलंका में खेले जाएंगे
- जबकि टूनार्मेंट का मेजबान इस बार पाकिस्तान है

एजेंसियां

नई दिल्ली : एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान और श्रीलंका करेंगे। वहीं मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एशिया कप के दौरान पहली बार ऐसा होगा जब भारतीय टीम की जर्सी पर पाकिस्तान का नाम लिखा जाएगा। दरअसल, 30 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप के 4 मैच पाकिस्तान में जबकि अन्य मुकाबले श्रीलंका में खेले जाएंगे। जबकि टूनार्मेंट का मेजबान इस बार पाकिस्तान है। टीम इंडिया की जर्सी पर पाकिस्तान नाम टीम इंडिया टूनार्मेंट के सभी मैच श्रीलंका में खेलेगी। हालांकि, पाकिस्तान एशिया कप का मुख्य होस्ट है इसलिए टीमों को अपनी जर्सी पर पाकिस्तान का नाम लिखवाना हो सकता है। यही कारण है कि भारत टीम की जर्सी पर पाकिस्तान का नाम लिखा जा सकता है। वहीं टीम इंडिया की जर्सी में पाकिस्तान एशिया कप के लोगो के ठीक नीचे होगा। हालांकि, अभी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। एशिया कप में भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 2 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। वहीं भारत और पाकिस्तान के बीच ये महामुकाबला श्रीलंका के कैंडी में खेला जाएगा। इस मैच को लेकर हाउसफुल स्टेडियम की उम्मीद की जा रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज के अलावा सुपर-4 के चरण में भी एक मुकाबला देखने को मिल सकता है। अगर दोनों टीमें सुपर-4 के लिए क्वालिफाई कर लेती हैं तो दोनों के बीच एक और मुकाबला देखने को मिल सकता है। सुपर-4 के अलावा दोनों के बीच फाइनल में भी भिड़ंत हो सकती है। जबकि एशिया कप का पहला मुकाबला पाकिस्तान और नेपाल के बीच मुल्तान में खेला जाएगा। इसके बाद बांग्लादेश और श्रीलंका खेला जाएगा। इसके अलावा फाइनल मुकाबला भी श्रीलंका में खेला जाएगा।

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023: इस दिन मिलेंगे भारत बनाम पाकमैच के टिकट

जानिए कब और कैसे करें बुकिंग

एजेंसियां

मुंबई: आगामी आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 का सबसे बड़ा मैच 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ब्लॉकबस्टर क्लैश के शेड्यूल में 15 अक्टूबर से बदलाव की पुष्टि की है। 14 को अहमदाबाद में यह मुकाबला खेला जाएगा। आईसीसी ने यह भी घोषणा की कि क्रिकेट विश्व कप 2023 मैचों के लिए बहुप्रतीक्षित टिकटों की बिक्री 25 अगस्त से शुरू होगी। हालाँकि, भारत के अभ्यास मैचों के लिए टिकटों की बिक्री 30 अगस्त से शुरू होगी जबकि भारत के विश्व कप मैचों के लिए टिकटों की बिक्री 31 अगस्त से शुरू होगी। बाबर आजम की पाकिस्तान के खिलाफ रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारत की ब्लॉकबस्टर भिड़ंत के टिकट केवल 3 सितंबर से उपलब्ध होंगे।

किस मैच की टिकट कब से

30 अगस्त - भारत के मैच गुवाहाटी और त्रिवेन्द्रम में
31 अगस्त - भारत के मैच चेन्नई, दिल्ली और पुणे में
1 सितंबर - धर्मशाला, लखनऊ और मुंबई में भारत के मैच
2 सितंबर - बेंगलुरु और कोलकाता में भारत के मैच
3 सितंबर - भारत का मैच अहमदाबाद में
15 सितंबर - सेमी फाइनल और फाइनल

हांग्झोउ करेगा अगले चार वर्ल्ड टूर फाइनल्स की मेज़बानी

एजेंसियां

कुआला लंपुर: बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) के वार्षिक कैलेंडर के अंत में होने वाला एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स अगले चार वर्षों तक चीन के हांग्झोउ में आयोजित किये जायेंगे। बीडब्ल्यूएफ ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि हांग्झोउ 19वें एशियाई खेलों का मेज़बान शहर है और अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन के शीर्ष आयोजन के लिये बेहतरीन स्थल है। बीडब्ल्यूएफ के वर्ल्ड टूर फाइनल्स 2023 13 से 17 दिसंबर के बीच आयोजित होंगे। बीडब्ल्यूएफ के महासचिव थॉमस लुंड ने चीनी बैडमिंटन एसोसिएशन और हांग्झोउ शहर की सरकार को खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिये धन्यवाद दिया। लुंड ने कहा, '' मैं बेहद उत्साह के साथ पुष्टि करता हूं कि चीन का हांग्झोउ इस चक्र में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल की मेज़बानी करेगा। बैडमिंटन दुनिया में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला खेल है और हांग्झोउ का शानदार खेल बुनियादी ढांचा हमारे फाइनल के लिये आदर्श मेज़बान है। '' चीनी बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष और बीडब्ल्यूएफ इवेंट्स के अध्यक्ष झांग जून ने कहा, '' हम एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स को चीन में लाने के लिये बीडब्ल्यूएफ और हांग्झोउ सिटी सरकार के साथ काम करके खुश हैं। एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स का मेजबान बनना स्थानीय सरकार के लिये सम्मान की बात है।

खेल जगत अपडेट्स ››

विश्व चैंपियनशिप : निशिमोतो से भिड़ेंगे किदांबी, सिंधु को मिला बाई

कुआला लंपुर : बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के पहले राउंड में भारत की अनुभवी शटलर पीवी सिंधु को बाई दिया गया है, जबकि किदांबी श्रीकांत जापान के केंता निशिमोतो के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेंगे। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने गुरुवार को ड्रॉ आयोजित होने के बाद इसकी पुष्टि की। कुल 16 भारतीय शटलर ड्रॉ का हिस्सा थे, जिनमें से चार एकल स्पर्धाओं में भाग लेंगे। केवल एचएस प्रणय और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी को शीर्ष 10 में वरीयता दी गयी है। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु (16वीं वरीयता प्राप्त) दूसरे राउंड से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी जहां उनका मुकाबला जापान की नोज़ोमी ओकुहारा और वियतनाम की थुए लिन्ह नुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगी। दूसरी वरीयता प्राप्त और पिछले संस्करण के कांस्य पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को भी बाई मिली है। विश्व की नंबर दो पुरुष युगल जोड़ी दूसरे दौर में आयरलैंड के जोशुआ मैगी/पॉल रेनॉल्ड्स या ऑस्ट्रेलिया के केनेथ झे हूई चू/मिंग चुएन लिम से भिड़ेगी। भारत के एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत की स्टार तिकड़ी पुरुष एकल में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। पहले दौर में नौवीं वरीयता प्राप्त प्रणय का मुकाबला फिनलैंड के काले कोलजोनेन से होगा, जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य का मुकाबला मॉरीशस के जॉर्जेस जूलियन पॉल से होगा। महिला युगल प्रतियोगिता में 15वीं वरीयता प्राप्त त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी पहले राउंड में बाई मिलने के बाद दूसरे राउंड में चीनी ताइपे की चांग चिंग हुई/यांग चिन तुन या एस्टोनिया की केटी-क्रीट मरान/हेलिना रूटेल से भिड़ेगी।

'प्लक' की ब्रांड एंबेसडर बनीं करीना कपूर खान

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान को भारत की लीडिंग लाइफस्टाइल-संबंधी फ्रेश फ्रूट्स एवं वेजिटेबल्स ब्रांड 'प्लक' ने अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। करीना कपूर खान ने कहा, मैं एक इन्वेस्टर और ब्रांड एंबेसडर के रूप में 'प्लक' से जुड़कर बेहद खुश हूं। यह एक ऐसा ब्रांड है, जो अपने ग्राहकों को सेफ और हाई-क्वालिटी फल एवं सब्जियां उपलब्ध कराने में सबसे आगे रहता है। एक मां के रूप में मेरे लिए फूड की क्वालिटी बहुत जरूरी है। मुझे 'प्लक' के इस बेमिसाल सफर और पूरे भारत के ग्राहकों को सही खाने में मदद करने की इसकी प्रतिबद्धता का हिस्सा बनने का इंतजार है। 'प्लक' के सीईओ एवं को-फाउंडर प्रतीक गुप्ता ने कहा, अपने 1000 से ज्यादा किसानों के नेटवर्क के साथ हम भारतीय परिवारों और घरों की जरूरतों को पूरा करने के लिए देशभर में सेवाएं देने वाला एक फ्रेश फूड ब्रांड बनना चाहते हैं। 'प्लक' के साथ करीना कपूर खान की पार्टनरशिप हमें हमारे लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ाएगी। हम प्लक फैमिली में उनका हार्दिक स्वागत करते हैं।

विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल टीजर रिलीज

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा की आने वाली फिल्म 12वीं फेल का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म 12वीं फेल लाखों भारतीयों से प्रेरित एक वास्तविक शक्तिशाली कहानी पर आधारित है। फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म में विक्रांत एक ऐसे किरदार में नजर आएंगे जिसमें कड़ी मेहनत और लगन से सफलता हासिल करने का जज्बा झलकता है।12वीं फेल स्टूडेंट लाइफ पर आधारित होगी। फिल्म में उन छात्रों की कहानी दिखाई जाएगी, जो आईएएस और आईपीएस बनने की इच्छा लिए दिल्ली के मुखर्जी नगर आते हैं। इस फिल्म की शूटिंग को चंबल, आगरा, दिल्ली के मुखर्जी नगर, मसूरी और मुंबई जैसी लोकेशन पर फिल्माया गया है। 12वीं फेल की कहानी दिल्ली के मुखर्जी नगर से शुरू होती है।

यारियां 2 का टीजर रिलीज



मुंबई : बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार की आने वाली फिल्म यारियां 2 का टीजर रिलीज हो गया है। यारियां 2 में दिव्या खोसला कुमार, मिजान जाफरी और पर्ल वी पुरी अहम भूमिका में नज़र आएंगे। यश दासगुप्ता, अनस्वरा रंजन, वरीना हुसैन और प्रिया वारियर जैसे कलाकार भी यारियां 2 में काम करते नजर आयेंगे। यारियां 2 का टीजर रिलीज हो गया है। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ प्रस्तुत ,टी-सीरीज़ फिल्म्स और राव और सप्रू फिल्म्स प्रोडक्शन की फिल्म यारियां 2 को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, दिव्या खोसला कुमार और आयुष माहेश्वरी ने प्रोड्यूस किया है। राधिका राव और विनय सप्रू के निर्देशन में फिल्म यारियां 2 , 20 अक्टूबर को सिनेमा घरों में रिलीज़ की जाएगी।

अंशुमान सिंह राजपूत-यामिनी सिंह की फिल्म सरस्वती की शूटिंग शुरू

एजेंसियां

मुंबई: भोजपुरी सिने अभिनेता अंशुमान सिंह राजपूत और अभिनेत्री यामिनी सिंह की फिल्म सरस्वती की शूटिंग शुरू हो गयी है। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में सरस्वती की शूटिंग की जा रही है। अंशुमान सिंह राजपूत ने बताया कि बी4यू और नीलाभ तिवारी क्रियेशन्स के संयुक्त प्रयास से बन रही भोजपुरी फिल्म सरस्वती की कहानी बेहद दमदार और आकर्षक है, जिसे हर कोई दुबारा देखना पसंद करेगा। फिल्म सरस्वती मूलतः एक नारी प्रधान फिल्म है। जो पूरे सभ्य समाज के इर्दगिर्द की घटनाओं को मध्य में रखकर बनाई जा रही है। फिल्म की कहानी में इतने उतार चढ़ाव देखने को मिलेंगे। इस फिल्म से हर कोई अपनेआप को जोड़कर देखेगा। फिल्म का मूल भाव मिट्टी से जुड़ा हुआ है। फिल्म ह्यसरस्वती में अंशुमान सिंह राजपूत, यामिनी सिंह, कुणाल सिंह, शालू सिंह, अजय सूर्यवंशी एवं कंचन मिश्रा मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म सरस्वती के निर्माता संदीप सिंह, अंजली तिवारी एवं नीलाभ तिवारी हैं। फिल्म के लेखक सत्येंद्र सिंह जबकि निर्देशक विष्णु शंकर बेलु हैं।

अपने माता-पिता को सपोर्ट सिस्टम मानते हैं अभिषेक बच्चन

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन अपनी मां जया बच्चन और पिता अमिताभ बच्चन को सपोर्ट सिस्टम मानते हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का प्रसिद्ध डांस रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर 3 'आज़ादी की कहानी' विशेष एपिसोड के साथ बहुत धूमधाम से भारतीय स्वतंत्रता की 76वीं वर्षगांठ का भव्य उत्सव मनाने के लिए तैयार है। प्रतियोगी अपने कोरियोग्राफ़र्स के साथ मंत्रमुग्ध कर देने वाले डांस एक्ट के माध्यम से भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों का श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उनकी कहानियों को जीवंत करेंगे। इस विशेष एपिसोड में 'घूमर' की स्टार कास्ट अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर शामिल होंगी। प्रतिष्ठित सिंगर, महालक्ष्मी अय्यर, कविता सेठ, शान, बिक्रम घोष और हरिहरन अपनी उपस्थिति से शो की शोभा बढ़ाएंगे, जो अपने आगामी गीत 'ये देश' को प्रमोट करने के लिए आएंगे। प्रतियोगी अक्षय पाल का अपने नए कोरियोग्राफ़र सुभ्रनील पॉल के साथ का परफॉर्मेंस, एपिसोड में असाधारण पलों में से एक था। दोनों ने भारत के इतिहास को दर्शाते हुए एक शक्तिशाली डांस परफॉर्मेंस दिया और ब्रिटिश औपनिवेशिक युग के दौरान किसानों के संघर्ष को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। उनके एक्ट में सुल्तान, चक दे इंडिया और फिल्म लगान के गाने मितवा के ज़रिए किसानों के अधिकारों के लिए महात्मा गांधी की अटूट लड़ाई को भी दर्शाया गया।

डॉन 3 में काम कर अमिताभ बच्चन और शाहरूख खान को गर्व महसूस कराउंगा : रणवीर सिंह

एजेंसियां



मुंबई: बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह का कहना है कि वह ह्यडॉन 3 में काम कर अमिताभ बच्चन और शाहरूख खान को गर्व महसूस करायेंगे। वर्ष 1978 में प्रदर्शित फिल्म डॉन में अमिताभ बच्चन ने डॉन का किरदार निभाया था। फरहान अख्तर ने शाहरूख खान को लेकर डॉन का रीमेक बनायी। डॉन की सफलता के बाद डॉन का सीक्वल बनाया गया। फरहान अख्तर अब डॉन का तीसरा संस्करण बनाने जा रहे हैं। डॉन 3 में रणवीर सिंह डॉन का किरदार निभाते नजर आयेंगे। डॉन 3 का टीजर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोग रणवीर की तारीफ कर रहे हैं वहीं कुछ रणवीर को खरी-खरी सुनाते नजर आ रहे हैं। रणवीर सिंह का कहना है कि वह समझते हैं यह एक बड़ी जिम्मेदारी है उनकी जगह पर होना और उन्हें उम्मीद है कि वह शाहरुख खान और अमिताभ बच्चन को भी, गर्व महसूस कराएंगे। रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर अपने बचपन की कुछ फोटोज के साथ पोस्ट लिखा है।रणवीर सिंह ने लिखा- ह्यभगवान! मैं ऐसा करने का सपना बहुत-बहुत लंबे समय से देख रहा था। बचपन में सभी की तरह इन फिल्मों से प्यार हुआ, इन फिल्मों को देखा, अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान हिंदी सिनेमा के गोट हैं। बचपन में बड़े होकर उनके जैसा बनने का सपना देखा, यही लोग वजह थे कि मैं एक एक्टर और ह्यहिंदी फिल्म हीरो बनना चाहता था। मेरी जिंदगी में उनके प्रभाव और असर को कम नहीं आंका जा सकता है। उन्होंने मुझे एक इंसान और एक्टर के तौर पर शेप किया है। उनकी लीगेसी को आगे लेकर जाना मेरे बचपन के सपने जैसा है। रणवीर सिंह ने लिखा, ह्यडॉन डायनेस्टी का हिस्सा होना, मैं समझता हूं कि यह कितनी बड़ी जिम्मेदारी है। मैं उम्मीद करता हूं कि ऑडियंस मुझे मौका देगी और मुझपर प्यार बरसाएगी, जैसे उन्होंने बीते कई सालों में अनगिनत किरदारों पर बरसाया। थैंक्यू फरहान और रितेश मुझपर विश्वास करने के लिए और मुझे यह सम्मान देने के लिए. मैं उम्मीद करता हूं कि आपके विश्वास पर खरा उतर सकूंगा। मेरे दो सुपरनोवा, द बिग बी और एस आर के, मैं उम्मीद करता हूं कि आपको गर्व महसूस कराऊंगा, और मेरी प्यारी ऑडियंस, हमेशा की तरह, वादा करता हूं...कि मैं आपको एंटरटेन करने के लिए अपना बेस्ट दूंगा...डॉन में डॉन की तरह. आपके प्यार के लिए शुक्रिया...।

खुशबू तिवारी केटी और लवली काजल का गाना गेरुआ पगड़िया रिलीज

एजेंसियां

मुंबई : गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री लवली काजल का गाना गेरुआ पगड़िया रिलीज हो गया है। बोलबम गाना ह्यगेरुआ पगड़िया वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि सावन महीना में बहुत से लोग कांवर लेकर शिवजी को जल चढ़ाने जाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। उसी दौरान एक कँवरिया पत्नी (लवली काजल) अपने पति को भी गेरुआ वस्त्र धारण करने के लिए कहती है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत ह्यगेरुआ पगड़िया के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं।

मिस्टर इंडिया और नो एंट्री का सीक्वल जरूर बनायेंगे बोनी कपूर

एजेंसियां



मुंबई: बॉलीवुड फिल्मकार बोनी कपूर का कहना है कि वह अपनी सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया और नो एंट्री का सीक्वल जरूर बनायेंगे। बोनी कपूर ने वर्ष 1987 में अनिल कपूर, श्रीदेवी और अमरीश पुरी को लेकर सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया बनायी थी। शेखर कपूर के निर्देशन में बनी मिस्टर इंडिया सुपरहिट साबित हुयी थी। वहीं बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में अनिल कपूर, सलमान खान और फरदीन खान जैसे सितरों के साथ नो इंट्री बनायी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी नो इंट्री सुपरहिट हुयी। काफी समय से फिल्म मिस्टर इंडिया और नो एंट्री जैसी फिल्म का सीक्वल बनने की चर्चा हो रही है लेकिन बात नहीं बन सकी है।बोनी कपूर का कहना है कि वह मिस्टर इंडिया और नो एंट्री का सीक्वल जरूर बनायेंगे।

प्रदेश >> अपडेट

जम्मू-कश्मीर में ग्रेनेड हमला, तीन घायल

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में गुरुवार को हुए ग्रेनेड हमले में एक सैनिक और दो आम नागरिक घायल हुए। अनतांग जिले के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी मिली है। संयुक्त बल कोकरनाग इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान चला रहे थे, तभी यह घटना हुयी। सूत्रों ने कहा, घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान एक ग्रेनेड फेंका गया।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

सतारा में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत, छह घायल

सतारा : महाराष्ट्र के सतारा जिले की खाटव तहसील के सूर्याचिवाड़ी के समीप ढोंडेवाड़ी गांव में गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। खटाव पुलिस के अनुसार, सिद्धेश्वर-कुरोली के आठ लोग पांडुरंग देशमुख की मारुति वैन में सवार होकर लोकारेवाड़ी में श्री संत बालूमामा के दर्शन के लिए जा रहे थे। ढोंडेवाड़ी गांव के समीप एक तेज रफ्तार कार चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे वैन सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई।

जम्मू-कश्मीर में ग्रेनेड हमला, तीन घायल

नगर : जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में गुरुवार को हुए ग्रेनेड हमले में एक सैनिक और दो आम नागरिक घायल हुए। अनतांग जिले के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी मिली है। संयुक्त बल कोकरनाग इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान चला रहे थे, तभी यह घटना हुयी। सूत्रों ने कहा, घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान एक ग्रेनेड फेंका गया जिसके परिणामस्वरूप एक सैनिक और दो स्थानीय नागरिक घायल हो गए।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

बीएसएफ ने तरन तारन से 360 ग्राम हेरोइन बरामद की

जालंधर : सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने एक संयुक्त तलाशी अभियान दौरान तरन तारन जिले के पल्लोपत्ति गांव से 360 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने गुरूवार को बताया कि सुबह के समय विशेष सूचना के आधार पर बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने पल्लोपत्ति गांव के बाहरी इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान, सैनिकों ने पीले चिपकने वाले टेप में पैक 360 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया। इस पैकेट के साथ लटकाने के लिए नायलॉन की डोरी का फंदा भी लगा हुआ मिला।

भ्रष्टाचार प्रधानमंत्री जन औषधि योजना में भी घोटाला ही घोटाला

एक ही नंबर पर साढ़े सात लाख लोग पंजीकृत

- 139,000 से अधिक लाभार्थियों को 8888888888 नंबर से जोड़ा गया है
- योजना के नाम पर भी लाभार्थियों के बदले फर्जी लोग दर्ज हुए हैं

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat
PM-JAY

राष्ट्रीय खबर

नईदिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ताम झाम के साथ जिस जन औषधि योजना की शुरूआत की थी, वह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। सीएजी की रिपोर्ट में इसमें हुई गड़बड़ी का खुलासा किया गया है। यह बताया गया है कि इस योजना में मोबाइल नंबर 9999999999 से साढ़े सात लाख लोग जुडे हुए हैं। सीएजी ने यह भी खुलासा किया कि 139,000 से अधिक लाभार्थियों को 8888888888 नंबर से जोड़ा गया है। इससे साफ हो जाता है कि इस योजना के नाम पर भी लाभार्थियों के बदले फर्जी लोग दर्ज हुए हैं और संभवतः उनके नाम पर ही ईलाज का फर्जी खर्च का भी गबन किया गया है। गरीब लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा की केंद्र की प्रमुख योजना पर एक प्रदर्शन ऑडिट रिपोर्ट सोमवार को लोकसभा में रखी गई। रिपोर्ट से पता चला कि 749,820 लाभार्थियों को एक ही मोबाइल नंबर से जोड़ना कोई अलग विसंगति नहीं थी। 139,000 से अधिक लाभार्थियों को 8888888888 नंबर से जोड़ा गया है, जबकि 96,000 से अधिक को 9000000000 से जोड़ा गया है। सीएजी रिपोर्ट में कहा गया है कि कम से कम 20 अन्य मोबाइल नंबरों से 10,000 से 50,000 लाभार्थी जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि मोबाइल नंबर महत्वपूर्ण हैं क्योंकि योजना का लाभ उठाने वाले लोग अपना पहचान पत्र खो जाने पर उनका उपयोग कर सकते हैं।

सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) उसकी टिप्पणियों से सहमत है. इसमें कहा गया है कि स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए लाभार्थी पहचान प्रणाली (बीआईएस) 2.0 शुरू होने के बाद विसंगतियों पर ध्यान दिया जाएगा।

बीआईएस 2.0 प्रणाली को इस तरीके से तैयार किया गया है कि एक निश्चित संख्या से अधिक परिवार एक ही मोबाइल नंबर का उपयोग न कर सकें। विभागीय सूत्रों ने दावा किया है कि इससे रैंडम नंबर दर्ज करने के प्रचलन पर रोक लगेगी, जो मोबाइल नंबर असंगतता के बड़े मामले हैं। लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इतने सारे लोगों के नाम पर इन मोबाइलों को दर्ज होने के बाद भी यह मोबाइल नंबर दरअसल किन लोगों के हैं और इन नंबरों के आधार पर कितने लोगों को इस जन औषधि योजना का लाभ अथवा फर्जी लाभ दिया गया है।

कांग्रेस देती है गारंटी का भरोसा : कमलनाथ

एजेंसियां

भोपाल: मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार भूत और भविष्यकाल में जी रही है और कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो गारंटी का भरोसा देती है।

कमलनाथ ने अपने ट्वीट में कहा कि वर्तमान से मुंह मोड़ना और कभी भूतकाल तो कभी भविष्य काल में जीना प्रदेश सरकार का अमृतकाल बन गया है। अरबों रुपया प्रचार पर लुटा कर बहनों से कहा जा रहा है कि उन्हें तीन हजार रुपए महीना दिया जाएगा, जिस सरकार की आयु तीन महीने भी नहीं बची है, वह तीन हजार की बात कर रही है।

कमलनाथ ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार नारियों को पूरा सम्मान देगी। नकद डेढ़ हजार रुपए, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 100 यूनिट तक बिजली मुफ्त, 200 यूनिट तक बिजली का बिल हाफ आएगा। बच्चों को रोजगार मिलेगा, खेतों को बिजली मुफ्त मिलेगी। कांग्रेस जुमलों की खेती नहीं, गारंटी का भरोसा देती है।

आप के कई पूर्व पदाधिकारी शिवसेना में शामिल

एजेंसियां

नयी दिल्ली : राजधानी दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के कर्द संस्थापक सदस्य और पूर्व पदाधिकारी आज यहां महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गये। शिवसेना में शामिल होने वालों में बवाना से पूर्व विधायक उम्मीदवार 'आप' के संस्थापक सदस्य एडवोकेट मनोज धिरयान, संस्थापक सदस्य और सार्वजनिक शिकायत निगरानी प्रणाली (पीजीएमएस सेल) के संयोजक और सलाहकार उधम सिंह और आप के पूर्व जिला सचिव एवं पीजीएमएस सेल के पूर्व सदस्य यशपाल शर्मा शामिल हैं। शिवसेना के प्रमुख नेता आनंदराव अडसुल, दिल्ली और गोवा के लिए मुख्य समन्वयक अंशुमान जोशी और दिल्ली के प्रभारी कर्नल देविंदर सहरावत की मौजूदगी के इन सभी लोगों ने शिवसेना की सदस्यता ली। दिल्ली के लोगों के कल्याण और समावेशी विकास को प्राथमिकता देने के लिए शिवसेना नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आप के पूर्व नेताओं ने सामूहिक रूप से सत्तारूढ़ दल द्वारा नियुक्तियों, दान और अन्य कथित अनियमितताओं के संबंध में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और गलत कामों को उजागर करने की बात कही। इस मौके पर अडसुल ने कहा, दिल्ली के दिग्गज नेता अब हमारी पार्टी में शामिल हो रहे हैं और यह राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण क्षण है।

वे उन रणनीतियों के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे जो हमारे आगे के मार्ग को आकार देंगी। जोशी ने कहा शिवसेना भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ेगी और सत्तारूढ़ दल के सभी कुकर्मों को उजागर करेगी। सितंबर के अंत तक पार्टी लोगों की मुख्य समस्याओं की पहचान करने के लिए जल्द ही सभी विधान सभा क्षेत्रों तक पहुंच जाएगी। जो लोग पहले और आज शिवसेना में शामिल हुए हैं वे क्षमता और प्रभाव वाले नेता हैं। उनकी सक्रिय भागीदारी और जमीनी स्तर के अनुभवों से, हम दिल्ली के लिए सही रणनीति बनाने में सक्षम होंगे।

अमेरिका में हवाई के जंगलों में लगी आग से छह लोगों की मौत

एजेंसियं

लॉस एंजेल्स: अमेरिका में हवाई प्रांत के माउई द्वीप में विनाशकारी तूफान के कारण जंगल में लगी आग से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई हैं। माउई काउंटी के मेयर रिचर्ड बिसेन ने बुधवार को बताया कि जंगल में लगी आग के कारण छह लोगों की मौत हो गई है और तलाश अभियान जारी हैं। हवाई आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अनुसार 2,100 से अधिक लोग रात भर माउई में चार शिविरों में रुके रहे। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने में जमीनी बलों की सहायता के लिए बुधवार सुबह हेलीकॉप्टर को लगाया गया। स्थानीय समाचार आउटलेट हवाई न्यूज नाउ ने बताया कि जंगल की आग सक्रिय है और नियंत्रण से बाहर है। उन्होंने कहा कि अभी तक पूरी स्थिति का पता नहीं चला है। अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि कम से कम 20 लोग गंभीर रूप से झुलस गये हैं, हजारों लोग विस्थापित हुए हैं और स्थिति को देखते हुए काउंटी की आपातकालीन व्यवस्था चरमरा गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सैकड़ों घरों के नष्ट होने की आशंका है और हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। हवाई प्रांत की लेफ्टिनेंट गवर्नर सिल्विया ल्यूक ने बुधवार को सभी काउंटियों में आपातकाल की स्थिति को बढ़ाने घोषणा की। उन्होंने कहा कि हवाई के सबसे बड़े दो प्रमुख द्वीपों, माउई और हवाई द्वीप में जंगल की आग खतरनाक स्तर पर सक्रिय है। सु ल्यूक ने एक बयान में कहा कि उन्होंने सभी एजेंसियों को निकासी में सहायता करने का आदेश दिया है और उन्होंने कहा कि माउई के लिए गैर-आवशयक हवाई यात्रा न करे।

राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पाकिस्तान की नेशनल असेंबली को किया भंग

एजेंसियां

इस्लामाबाद : पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर नेशनल असेंबली को उसके पांच साल के कार्यकाल के पूरा होने से तीन दिन पहले भंग कर दिया है। डॉन समाचार पत्र की आज जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि बुधवार आधी रात से ठीक पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा, राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधानमंत्री की सलाह पर अनुच्छेद 58(1) के तहत नेशनल असेंबली को भंग कर दिया है। इसके अनुमोदन के बाद संघीय मंत्रिमंडल भी भंग हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री अब्दुल कुद्दूस बिज़ेंजो ने उन रिपोर्टों का खंडन किया कि जिसमें कहा गया है कि गवर्नर मलिक अब्दुल वली काकर ने उन्हें प्रांतीय विधानसभा को भंग करने के लिए सार भेजा है। बिजेंजो ने बुधवार देर रात इस्लामाबाद से फोन पर डॉन समाचार पत्र को बताया, मैं बलूचिस्तान विधानसभा को भंग करने की सलाह भेजने की जल्दी में नहीं हूं। हालांकि उन्होंने कहा कि वह 12 अगस्त (शनिवार) को एक सार पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इस बीच सिंध विधानसभा का सत्र जारी है।

न्यूज फटाफट

चीन के गांसु में मूसलाधार बारिश से तीन की मौत

लान्झू : चीन के गांसु प्रांत में बैयिन शहर के जिंगताई काउंटी में पहाड़ी पर हुई मूसलाधार बारिश के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लापता बताये गये हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। मौसम विभाग की गुरुवार सुबह-सुबह तेज बारिश की चेतावनी मिलने के बाद घर वापस लौटते समय सात लोग पहाड़ी इलाकों में फंसे गये थे। अधिकारी ने बताया कि सुबह 0520 बजे तक तीन शव मिले और दो अन्य अभी भी लापता है। उन्होंने बताया कि लापता लोगों की तलाश और बचाव के प्रयास जारी है।

इंडोनेशिया में भूकंप के झटके महसूस किये

बीजिंग : इंडोनेशिया के मालुकु प्रांत में तुअल शहर से 142 किमी पश्चिम में गुरुवार को तड़के भूकंप के झटके महसूस किये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.2 मापी गई। उन्होंने बताया कि भूकंप का केंद्र 5.78 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 131.48 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 90.5 किमी की गहराई में स्थित था। भूकंप से जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

किशिदा कर सकते हैं सितंबर में मंत्रिमंडल में फेरबदल

टोक्यो : जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा 11 से 13 सितंबर के बीच मंत्रिमंडल में फेरबदल कर सकते हैं। 'योमीउरी शिबुन' अखबार ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है। रिपोर्ट के अनुसार किशिदा ने सितंबर के शुरुआती हफ्तों में फेरबदल करने के लिए प्रासंगिक समन्वय शुरू कर दिया है। किशिदा के दो अंतरराष्ट्रीय आयोजनों चार से सात सितंबर को इंडोनेशिया में आसियान और नौ से 10 सितंबर को भारत में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद मंत्रिमंडल में यह फेरबदल किया जाएगा। सूत्रों ने अखबार को बताया कि 11 सितंबर को नये मंत्रियों की नियुक्ति हो सकती हैं और उपमंत्रियों के लिए उम्मीदवारों का चयन 13 सितंबर तक किया जाएगा। सरकार इस उपाय के तहत नये मंत्रिमंडल गठित करके उसकी गिर रही रेटिंग बढ़ाने का प्रयास करेगी। सरकार की गिर रही रेटिंग के कारण किशिदा को शीघ्र संसदीय चुनाव का विचार त्यागने पर मजबूर होना पड़ा।

जापान में तूफ़ान ख़ानून की चपेट में आने से 14 लोग घायल

टोक्यो : जापान के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप क्यूशू में खानून तूफान की चपेट में आने से 14 से अधिक लोग घायल हो गये हैं। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके की रिपोर्ट के अनुसार, तूफान के कारण शक्तिशाली हवाएं चलीं और भारी बारिश हुयी जिससे कम से कम 14 लोग घायल हो गए। क्यूशू के क्षेत्रों में रिकॉर्ड बारिश होने से आपदा का खतरा बढ़ गया है।भीषण उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण क्यूशू में 12,000 से अधिक घरों में बिजली नहीं रही। क्यूशू में कई स्थानीय सरकारों द्वारा निकासी आदेश जारी किए गए हैं, जिसमें छह हजार से अधिक लोग कुमामोटो, नागासाकी, मियाज़ाकी और कागोशिमा प्रान्त में निकासी आश्रयों में शरण ले रहे हैं। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने कहा कि क्यूशू और शिकोकू के कुछ क्षेत्रों में आज सुबह तीन बजे तक 24 घंटों में 450 मिमी से अधिक बारिश हुई। क्यूशू और शिकोकू फिलहाल तूफान की चपेट में है। अधिकारियों ने मौसम संबंधी आपदाओं की चेतावनी दी है।

फ्रांस के विंटजेनहेम में विश्राम गृह में आग लगने से 11 लोगों की मौत

पेरिस : फ्रांस के विंटज़ेनहेम में दिव्यांगों के एक विश्राम गृह में आग लगने से ग्यारह लोगों की मौत हो गई। कोलमार शहर की उप अभियोजक नथाली कीलवासेर ने बताया कि बुधवार को विश्राम गृह में लगी आग के दौरान दो मंजिला इमारत के भूतल पर सो रहे सभी लोग भागने में सफल रहे और पहली मंजिल पर रहने वाले पांच लोग भी सुरक्षित बाहर आ गए। कुल मिलाकर 17 लोगों को निकाला गया। उन्होंने बुधवार को कहा कि आग संभवत: धीमी गति से जलने वाली लौ के कारण लगी और लकड़ी के सामान को आग की चपेट में आने में कई घंटों का समय लगा होगा। उन्होंने बताया कि आग स्थानीय समयानुसार सुबह करीब साढ़े छह बजे लगी और तुरंत काबू पा लिया गया।

आज का इतिहास

- 1347 : अलाउद्दीन हसन गंगू ने राजसी सत्ता हासिल की और बहमनी वंश की स्थापना की।
- 1778 : दुनिया में जिमनास्टिक्स की नींव रखने वाले जर्मन शिक्षक फ्रेडरिक लुडविग का जन्म।
- 1863 : कंबोडिया फ्रांस का संरक्षित क्षेत्र बना।
- 1908 : क्रांतिकारी खुदीराम बोस को फांसी दी गई।
- 1914 : फ्रांस ने ऑस्ट्रिया और हंगरी पर आक्रमण की घोषणा की।
- 1948 : लंदन में समर ओलंपिक की शुरुआत हुई।
- 1961 : दादर नगर हवेली का भारत में विलय हुआ और इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया। गोवा की तरह यह इलाका भी कई साल पुर्तगाली उपनिवेश में रहा था।
- 1974 : पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर अंजू जैन का जन्म।
- 1976 : दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन मे दंगों में 17 लोग मारे गए।
- 1984 : तत्कालीन सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- 1985 : रोनाल्ड रीगन अमेरिका के राष्ट्रपति बने।
- 2003 : उत्तर अटलांटिक संधि संगठन नाटो ने अफगानिस्तान में शांति बल की कमान संभाली।
- 2012 : ईरान के तबरीज और अहार में भूकंप से 153 लोग मारे गए और करीब 1300 लोग घायल हुए।
- 2013 : अफगानिस्तान के काबुल में बाढ़ से 22 लोग मरे।
- 2014 : अमेरिकी अभिनेता रॉबिन विलियम्स का निधन।
- 2016 : पाकिस्तानी हॉकी खिलाड़ी हनीफ मुहम्मद का निधन।
- 2017 : मिस्र के अलेक्जेंड्रिया में दो यात्री गाड़ियों की टक्कर के बाद कम से कम 41 लोग मारे गए और 179 घायल हो गए थे।
- 2020 : सुप्रसिद्ध शायर और गीतकार राहत इंदौरी का निधन।

- 1347 : अलाउद्दीन हसन गंगू ने राजसी सत्ता हासिल की और बहमनी वंश की स्थापना की।
- 1778 : दुनिया में जिमनास्टिक्स की नींव रखने वाले जर्मन शिक्षक फ्रेडरिक लुडविग का जन्म।
- 1863 : कंबोडिया फ्रांस का संरक्षित क्षेत्र बना।
- 1908 : क्रांतिकारी खुदीराम बोस को फांसी दी गई।
- 1914 : फ्रांस ने ऑस्ट्रिया और हंगरी पर आक्रमण की घोषणा की।
- 1948 : लंदन में समर ओलंपिक की शुरुआत हुई।
- 1961 : दादर नगर हवेली का भारत में विलय हुआ और इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया। गोवा की तरह यह इलाका भी कई साल पुर्तगाली उपनिवेश में रहा था।
- 1974 : पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर अंजू जैन का जन्म।
- 1976 : दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन मे दंगों में 17 लोग मारे गए।
- 1984 : तत्कालीन सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- 1985 : रोनाल्ड रीगन अमेरिका के राष्ट्रपति बने।
- 2003 : उत्तर अटलांटिक संधि संगठन नाटो ने अफगानिस्तान में शांति बल की कमान संभाली।
- 2012 : ईरान के तबरीज और अहार में भूकंप से 153 लोग मारे गए और करीब 1300 लोग घायल हुए।
- 2013 : अफगानिस्तान के काबुल में बाढ़ से 22 लोग मरे।
- 2014 : अमेरिकी अभिनेता रॉबिन विलियम्स का निधन।
- 2016 : पाकिस्तानी हॉकी खिलाड़ी हनीफ मुहम्मद का निधन।
- 2017 : मिस्र के अलेक्जेंड्रिया में दो यात्री गाड़ियों की टक्कर के बाद कम से कम 41 लोग मारे गए और 179 घायल हो गए थे।
- 2020 : सुप्रसिद्ध शायर और गीतकार राहत इंदौरी का निधन।

अपराध दुबई में अपने पिता और परिवार से दूर भाग गई थी और शरण लेने के लिए भारत जा रही थी

दुबई की राजकुमारी के अपहरण मामले में भारतीय सेना भी अभियुक्त

- राजकुमारी दुबई में अपने पिता और परिवार से दूर भाग गई थी
- दुबई प्रशासन ने मदद के लिए भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की पैरवी की



राष्ट्रीय खबर

लंदन: दुबई की राजकुमारी के अपहरण संबंधी एक शिकायत अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक अदालत में दर्ज की गयी है। इसमें भारतीय सेना पर भी आरोप लगे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि शिकायत प्रारंभिक जांच के चरण में है। इसका मतलब यह है कि आईसीसी में अभियोजक के कार्यालय को पहले यह निर्धारित करना होगा कि आईसीसी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले पर्याप्त गंभीर अपराधों के पर्याप्त सबूत हैं या नहीं।

नीदरलैंड के हेग में अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) में दर्ज एक शिकायत में सहायक दस्तावेज के रूप में संलग्न एक अपराध रिपोर्ट में अमेरिकी ध्वज वाली नौका के शत्रुतापूर्ण बोर्डिंग में शामिल होने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों का नाम लिया गया है।

यह आरोप मार्च 2018 में दुबई के शासक और संयुक्त अरब अमीरात के प्रधान मंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी राजकुमारी लतीफा के अरब सागर में अपहरण से संबंधित है। राजकुमारी दुबई में अपने पिता और परिवार से दूर भाग गई थी और शरण लेने के लिए भारत जा रही थी। शेख खुद आरोपी के तौर पर नामित हैं।

आईसीसी में शिकायत जोनाथन लेवी, एक वकील और सॉलिसिटर द्वारा दायर की गई थी, जो लतीफा की नौका की कप्तानी करने वाले पूर्व फ्रांसीसी नौसैनिक खुफिया अधिकारी हर्वे जौबर्ट की ओर से ब्रिटेन और अमेरिका दोनों में प्रैक्टिस करते हैं। उन्होंने शेख मोहम्मद पर नोस्ट्रोमो घटना के मामले में मानवता के खिलाफ अपराध और राजकुमारी शेखा लतीफा अल मकतूम पर आरोप लगाया।

रिपोर्ट कहती है कि 4 मार्च 2018 की शाम को और बिना किसी चेतावनी के, संयुक्त अरब अमीरात और भारतीय सेनाएं अवैध रूप से नोस्ट्रोमो (नौका का नाम) पर सवार हो गईं। चूंकि यह अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में लंगर डाले हुए था। सैन्य छापेमारी पूरी तरह से सशस्त्र बलों के साथ शुरू हुई, जिनके चेहरे ढके हुए थे और उन्होंने अचेत करने वाले हथगोले लॉन्च किए और सैन्य हमला करने वाले हथियार लहराए। इसमें दावा किया गया है कि दुबई प्रशासन ने मदद के लिए भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की पैरवी की। मोदी द्वारा किये गए एहसान के बदले में, दुबई ने कथित तौर पर ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल को दिल्ली भेज दिया, जहां उसे बिना किसी मुकदमे के चार साल और नौ महीने से जेल में रखा गया है। मिशेल के अनुसार, भारत में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उस पर बार-बार यह कहने के लिए दबाव डाला कि उसने 2010 अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर सौदे में सोनिया गांधी को रिश्वत दी थी।

11 साल की जांच के बाद भी, सीबीआई उन पर मुकदमा चलाने के लिए सबूत जुटाने में विफल रही है। मिशेल ने पिछले महीने ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक को लिखे एक पत्र में दुख व्यक्त करते हुए कहा, मैं श्री मोदी का राजनीतिक कैदी हूं। उन्होंने आगे कहा, आप सितंबर में भारत में होंगे; मुझे आशा है कि इससे आपको मेरे प्रेषण पर सोचने का समय मिलेगा।

आईसीसी को दी गई शिकायत में, एक अन्य आरोपी इंटरपोल के वर्तमान अध्यक्ष मेजर जनरल अहमद नासर अल-रायसी हैं, जो पहले संयुक्त अरब अमीरात के आंतरिक मंत्रालय के थे। उनपर अमेरिकी ध्वज वाली नौका नोस्ट्रोमो को रोकने, राजकुमारी लतीफा को वापस लाने और चालक दल को बेअसर करने के शेख मोहम्मद के आदेशों को पूरा करनेह्व का आरोप लगा है। जौबर्ट ने गवाही दी कि लतीफा को नौका से पकड़ने के बाद, भारतीय सशस्त्र बल उसे हेलीकॉप्टर से मुंबई ले गए, जहां से उसे एक निजी जेट से दुबई ले जाया गया।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची शुक्रवार
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
11-08-2023

नामांकन के लिए 12 अगस्त है आखरी तारीख

रांचीःझारखण्ड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में नामांकन के लिए एनटीए द्वारा आयोजित कामन यूनिवर्सिटिस एंट्रेस टेस्ट (सीयूटीएई) पीजी। 2023 के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए विभिन्न स्नातकोत्तर कार्यक्रमों मे प्रवेश के लिए- ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

शहर >> अपडेट

लगाया गया सावित्री बाई फुले किशोरी सहायता शिविर

रांची: आदिवासी महोत्सव में समाज कल्याण निदेशालय द्वारा सावित्री बाई फुले किशोरी सहायता शिविर लगाया गया। इस शिविर के माध्यम से महिला बाल विकास समाज कल्याण के द्वारा संचालित इस योजना के बारे में बालिकाओं को जानकारी दी गई। ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं इस योजना का लाभ उठा सकें। मालूम हो कि इस योजना के तहत क्लास 8 से लेकर 12वीं की छात्राओं को जो सरकारी विद्यालय में पढ़ती हैं, उन छात्राओं को क्लास आठवीं और नवमी को ढाई हजार रुपये, 10वीं से 12वीं को 5000 और 18 वर्ष से 19 वर्ष की बालिकाओं को 20,000 रुपये झारखंड सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। इस योजना का प्रचार प्रसार के लिए यह शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मनीषा ज्योति, मोनिका कुमारी और सुमन टोप्पो सहित कई उपस्थित थीं।

हड़ताल सैलरी नहीं मिलने पर 108 एंबुलेंस के कर्मियों का हड़ताल, मरीजों की बढ़ी परेशानी

वेतन नहीं मिलने से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये एंबुलेंस कर्मी

▶▶नई एजेंसी से परिचालन शुरू होने के बाद भुगतान होगा या नहीं संशय में कर्मी

▶▶वर्तमान में जिकित्जा हेल्थकेयर ही करा रही परिचालन

राष्ट्रीय खबर

रांची: राज्यभर के अधिकतर जिलों में 108 एंबुलेंस सेवा पूरी तरह से ठप रही। एंबुलेंस कर्मी चार महीने से सैलरी नहीं मिलने से परेशान हैं और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। जिसकी वजह से करीब 600 मरीजों को एंबुलेंस की सेवा नहीं मिल सकी। उन सभी को खुद से व्यवस्था कर अस्पताल जाना पड़ा। अधिकतर मरीज निजी गाड़ियों से अस्पातल पहुंचे। वहीं कई मरीज गंभीर स्थिति में अपने जुगाड़ से इलाज के लिए रिम्स, सदर सहित अन्य सरकारी अस्पतालों में पहुंचे। इससे सबसे अधिक परेशानी शहर के बाहर के मरीजों को हुई। उन्हें ऑक्सीजन युक्त एंबुलेंस के लिए काफी परेशान होना पड़ा। बता दें कि 108 एंबुलेंस कॉल करने के पंद्रह से बीस मिनट के अंदर मरीज के पास पहुंचती है। हड़ताल होने के कारण मरीजों को एंबुलेंस मिलने में एक घंटे तक का समय लगा।चिकित्सा हेल्थकेयर वर्तमान में 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन कर रही है। पर, अब यह काम निविदा के तहत किसी अन्य एजेंसी को दे दिया गया है।

कंपनी बदलने के कारण कर्मियों में यह संशय है कि उन्हें उनके बकाये वेतन का भुगतान कंपनी करेगी या नहीं। वहीं उन्हें इस बात का भी डर है कि उन्हें दूसरी कंपनी काम के लिए अपने एजेंसी में रखेगी या नहीं। बता दें कि कर्मियों को चार महीने से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।108 एंबुलेंस के कारण मरीजों को परेशानी नहीं हो, इसके लिए सरकार ने 206 नये एंबुलेंस की खरीदारी की गयी। छह महीने तक खड़ा रहने के बाद 5 जुलाई को इसका उद्घाटन किया गया। नई एजेंसी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेस को परिचालन की जिम्मेवारी दी गयी है। मैनपावर बहाल करने और अन्य जरूरी कामों का हवाला देते हुए कंपनी ने अबतक परिचालन शुरू नहीं किया है। अगर इन एंबुलेंस का परिचालन शुरू हो गया रहता तो मरीजों को परेशानी नहीं होती।

एंबुलेंस नहीं मिलने से दूर-दराज से मरीज अपनी गाड़ियों और ऑटो से अस्पताल तक पहुंचे। ऐसे कई गंभीर मरीज थे, जिन्हें ऑक्सीजनयुक्त एंबुलेंस की आवश्यकता थी। ऐसे में वो पंद्रह किलोमीटर के लिए भी सात सौ से अधिक पैसे चुकाकर अस्पताल पहुंचे। कई गरीब मरीज किसी तरह एंबुलेंस से रिम्स और सदर अस्पताल पहुंचते देखे गये। परिजनों का कहना था कि 108 की सेवा नहीं मिलने से हमें बहुत परेशानी हो रही है।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जारी हुआ कैलेंडर

राष्ट्रीय खबर

रांचीः झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने वर्ष 2023 में होनेवाली परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया है। इसके मुताबिक, झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा 27 जुलाई से 12 अगस्त तक निर्धारित की गई है। इसके रिजल्ट की तिथि अक्टूबर 2023 के दूसरे सप्ताह में संभावित है। स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 18 अगस्त से 10 सितंबर तक होगी। इसका रिजल्ट नवंबर 2023 के पहले सप्ताह तक आने की संभावना है। इसी तरह झारखंड डिप्लोमा स्तर की संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2 सितंबर से 20 सितंबर तक तय की गयी है और रिजल्ट की घोषणा दिसंबर 2023 के पहले सप्ताह तक संभावित है।

झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा परीक्षा 14 सितंबर से 17 सितंबर तक होगी। इसका रिजल्ट दिसंबर 2023 के तीसरे सप्ताह में देने की संभावना है।इसके अलावे झारखंड नगरपालिका सेवा संपर्क संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 29 सितंबर को संभावित है। इसका रिजल्ट दिसंबर 2023 के अंतिम सप्ताह में जारी की जा सकती है। उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2022 के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षण सितंबर से नवंबर तक होगा। लिखित परीक्षा दिसंबर 2023 के दूसरे सप्ताह तक ली जा सकती है। वहीं रिजल्ट जनवरी 2024 के दूसरे सप्ताह में जारी किये जाने की संभावना है। झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा के विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण अधिकारी की प्रतियोगिता परीक्षा 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक लिए जाने की संभावना है। रिजल्ट जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में निकाला जा सकता है। मैट्रिक स्तर की प्रतियोगिता परीक्षा 28 सितंबर को संभावित है और इसका रिजल्ट जनवरी 2024 के पहले सप्ताह में दी जा सकती है।

श्रीलंका में निवेश की असीम संभावनाएं

राष्ट्रीय खबर

रांची:झारखंड चैंबर के चार दिवसीय श्रीलंका के व्यापारिक दौरे की सफलता के लिए चैंबर की फिल्म कला संस्कृति के सदस्यों और स्थानीय कलाकारों ने चैंबर पदाधिकारियों के प्रयासों की सराहना की और उनका अभिनंदन किया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने श्रीलंका दौरे के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि श्रीलंका बिजनेस ट्रीप कई मायनों में ऐतिहासिक रहा है। श्रीलंका सार्क देशों में भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है। भारत और श्रीलंका भारतीय मुद्रा में व्यापार करने की संभावनाओं पर भी विचार कर रहे हैं। जिससे दोनों देश के संबंध मजबूत होंगे।

कैराली स्कूल में इंटर हाउस लोक नृत्य प्रतियोगिता रंगीला का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

रांची: रांची के धुर्वा सेक्टर 2 स्थित कैराली स्कूल में इंटर हाउस लोक नृत्य प्रतियोगिता रंगीला का भव्य आयोजन किया गया। जी20 प्रेसीडेंसी शिखर सम्मेलन के रचनात्मकता सम्मेलन के तहत रांची सहोदय स्कूल परिसर ने यह कार्यक्रम आयोजित किया। इस प्रतियोगिता में 33 सी।बी।एस।ई। स्कूलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि मलयाली एसोसिएशन, रांची के अध्यक्ष एस। एच। नाथन, विद्यालय प्रबंधन के चेयरमैन फिलिप मैथ्यू, सोशियो कल्चरल विंग के चेयरमैन सजी नायर एवं गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद किम मेशराम के निर्देशन में कैरली स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल के प्रिसिंपल राजेश पिल्लई ने सबसे पहले वहां उपस्थित गणमान्य अतिथियों, विभिन्न स्कूलों से आये छात्र-छात्राओं और शिक्षकों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम रचनात्मकता का एक सम्मेलन है। जिसमें विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवीनता और प्रतिभा का मिश्रण देखने को मिलेगा। इसके बाद मुख्य अतिथि एस। एच। नाथन ने रांची सहोदय स्कूल परिसर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए किये जाने वाले प्रयासों की सराहना की। रांची स्कूल सहोदय परिसर के अध्यक्ष समरजीत जेना ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया और बच्चों को जी20 प्रेसीडेंसी शिखर सम्मेलन के उद्देश्यों से अवगत कराया।

मोबाइल वेटनरी एंबुलेंस से पशुओं के स्वस्थ्य की होगी देखभाल : बादल

रांची: झारखंड स्टेट इंप्लीमेंटिंग एजेंसी फॉर कैटल एंड बफैलो डेवलपमेंट रांची और इएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज केयर के बीच आज एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। इस अवसर पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि इस एमओयू के बाद राज्य में पशुओं की बेहतरी के लिए उल्लेखनीय काम होंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य भर में 236 मोबाइल वेटनरी यूनिट (पशु एंबुलेंस) का संचालन होगा। कृषि मंत्री ने कहा कि इससे किसानों व उनके पशुओं को काफी सुविधा होगी साथ ही पशु चिकित्सा के क्षेत्र में यह मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जल्दी ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर एंबुलेंस की खरीदारी होगी। यह काम हमारे कृषि विभाग के कमिटमेंट को दिखाता है कि हम लोगों ने जो वादा किया था, उसे पूरा कर रहे हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि हम लोग जल्दी ही किसानों के लिए हेल्प नंबर जारी करेंगे। जिससे मात्र एक कॉल पर उनके लिए सर्विसेस उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि जिस एजेंसी का चयन किया गया है। उसे देश के कई राज्यों में इस तरह के काम करने का अच्छा अनुभव है।

बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान, रांची में दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 के भव्य और रंगारंग समापन समारोह में मुख्य अतिथि

झारखण्ड आदिवासी महोत्सव, 2023
समापन समारोह
10 अगस्त

मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर जेएमएम कमेटी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में केक काटा